हनुमानगढ़ जंक्शन
रविवार 15 जून 2025
आषाढ़ कृष्ण चतुर्थी सम्वत् 2082
वर्ष 55 | अंक 158 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,118.60 | -573.38 |
| निफ्टी | 24,718.60 | -169.60 |
| डॉलर | 85.59 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 29° अधिकतम 40°

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सीएसआर कार्यशाला उद्योग जगत से बढ़े सीएसआर सहभागिता के संकेत

» जिला कलेक्टर के ट्रेन से पेयजल आपूर्ति वाले संस्मरण ने छोड़ा गहरा असर

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सीएसआर कार्यशाला में जिला कलेक्टर कानाराम ने जल संकट पर स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिले में अभी पानी की किल्लत नहीं है, लेकिन मैनेजमेंट की कमी है। पानी का भविष्य तभी बचेगा जब वर्तमान में हम सभी जिम्मेदारी से काम लेंगे। कार्यशाला में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, हरियालो राजस्थान, और कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान जैसे प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उद्योगों से सीएसआर के तहत जल संरक्षण ढांचे विकसित करने का आह्वान किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला कलेक्टर ने अपना व्यक्तिगत संस्मरण साझा करते हुए कहा कि जब मैं 10वीं कक्षा में था, तो मेरे जिले में ट्रेन से पेयजल की आपूर्ति हुई थी। उसके उपरांत मैने अपने घर में रूफ टॉप वाटर स्ट्रक्चर तैयार करवाया जिससे एक बूंद भी बाहर से पानी लेने की जरूरत नहीं पड़ती। आप सब भी यही करें, अपने गांव, अपने उद्योग, अपनी संस्था में जल संरक्षण को प्राथमिकता दें।उन्होंने यह भी कहा कि 'आने वाला युद्ध जल को लेकर हो सकता है' जैसी भविष्यवाणियां गलत नहीं है। हम सबको अभी से इसके लिए तैयार रहना होगा। जल के सही उपयोग, संग्रहण और प्रबंधन की जिम्मेदारी सभी की है। कार्यशाला में उपस्थित उद्यमी मै. स्टार एग्रीसीड्स, एसपीएल इंडस्ट्रीज ने सीएसआर सहयोग देने की मंशा जताई। कार्यक्रम में वाटरशेड अधीक्षण अभियंता महेन्द्र कुमार ने जिले में जल स्वावलंबन के कार्यों की जानकारी दी। जिला परिषद एसीईओ सुनील छाबड़ा ने 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के तहत जल आधारित कार्यों में निजी क्षेत्र की सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में उद्योग सहायक आयुक्त दिव्या शर्मा ने ग्रीन बजटिंग, वाटर रीयूज़, एनर्जी ऑडिट जैसे महत्वपूर्ण प्रयासों को औद्योगिक विकास का हिस्सा बनाने की अपील की।

### 'हरियालो राजस्थान' के तहत 20 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य

कार्यक्रम में बताया गया कि 5 से 20 जून तक विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण व वृक्षारोपण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि मानसून के दौरान 'हरियालो राजस्थान' के तहत 20 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए ग्राम पंचायत व वन विभाग द्वारा पर्याप्त नर्सरियां तैयार की जा चुकी हैं। कार्यक्रम में उद्योग महाप्रबंधक आकाशदीप सिद्धू, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, कृषि विपणन बोर्ड से डीएल कालवा, सीडीईओ से पन्नालाल कड़ेला, नगर परिषद आयुक्त सुरेन्द्र यादव, उद्योग समिति से सुरेंद्र कुमार सिंगला, हनुमानगढ़ इंडस्ट्री एसो... शेष पेज 9 पर

## सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मानवता की सेवा है रक्तदान का कार्यः शर्मा

### विश्व रक्तदान दिवस व सर्जन्स डे पर हनुमानगढ़ में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन, 91 यूनिट रक्त संग्रहित




तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

विश्व रक्तदान दिवस और सर्जन्स डे के उपलक्ष्य में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) हनुमानगढ़ शाखा और एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया की ओर से संयुक्त रूप से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला मुख्यालय स्थित राजकीय जिला अस्पताल के ब्लड बैंक सेंटर पर आयोजित किया गया, जिसमें सरकारी और निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के साथ-साथ एसएमई मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और निजी चिकित्सालयों से जुड़े अनेक चिकित्सा कर्मियों व छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 91 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा रक्तदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और युवाओं को इस पुण्य कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एमपी शर्मा ने कहा, 'रक्तदान सिर्फ एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ कार्य है। हर वर्ष हजारों लोग रक्त की कमी के कारण दम तोड़ देते हैं। अगर हर स्वस्थ व्यक्ति साल में दो बार भी रक्तदान करे, तो यह संकट हमेशा के लिए खत्म हो सकता है। युवाओं को आगे आकर रक्तदान को एक आदत बनाना चाहिए।' जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. शंकर सोनी ने कहा,:आज चिकित्सा विज्ञान चाहे जितनी तरक्की कर ले, लेकिन रक्त का कोई विकल्प नहीं है। यह एक ऐसा अनमोल तरल है जो सिर्फइंसान से ही इंसान को मिल सकता है। आज के शिविर में डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने जिस उत्साह से भाग लिया है, वह समाज के लिए एक प्रेरणा है।' राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कीर्ति शेखावत ने कहा, 'मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे सिर्फपढ़ाई तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक जिम्मेदारियों को भी उतनी ही गंभीरता से निभाते हैं। रक्तदान से न केवल किसी की जान बचती है, बल्कि यह देने वाले के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।' फिजिशियन डॉ. पारस जैन ने कहा, 'सर्जन्स डे पर आयोजित यह रक्तदान शिविर वास्तव में हमारे पेशे की सार्थकता को दर्शाता है। हम जीवन रक्षक... शेष पेज 9 पर

## खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए राजस्थान को 16.50 करोड़

» जल संसाधन मंत्री रावत ने दी जानकारी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

किसानों की खुशहाली और खेतों तक पानी पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए जल शक्ति मंत्रालय ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 'हर खेत को पानी' अभियान में जल संसाधन विभाग को 16.50 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता राशि स्वीकृत की है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में जारी की गई है। इस राशि से कोटा, बूंदी और टोंक जिलों में आरआरआर (रिपेयर, रिनोवेशन और रेस्टोरेशन) योजना के तहत चल रहे 84 कार्यों को गति मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा इसमें 40: हिस्सा यानी लगभग 11 करोड़ रुपए और जोड़ने के बाद कुल 27.50 करोड़ की लागत से यह कार्य तेजी से पूरे होंगे। अब तक इस परियोजना की 65 फीसद भौतिक प्रगति हो चुकी है। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि 11 सितम्बर 2023 को स्वीकृत इन कार्यों के पूर्ण होने पर करीब 4,404 हेक्टेयर भूमि दोबारा सिंचित क्षेत्र में तब्दील हो जाएगी, जिससे 2.16 लाख से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना की कुल लागत 142.92 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है, जिसमें 60:40 के अनुपात में केंद्र व राज्य का अंशदान शामिल है। उन्होंने बताया कि इस योजना से प्रदेश में चल रहे 'वंदेगंगा' जल संरक्षण-जन अभियान को भी नई ऊर्जा मिलेगी। इस अभियान के तहत जल संरचनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास व... शेष पेज 9 पर

## 16 जून को रावतसर में चक्काजाम करेंगे किसान

### नकली खाद-बीज घोटाले पर उबला किसानों का गुस्सा पूर्व विधायक बलवान पूनिया की पत्रकार वार्ता

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिले में नकली खाद और बीजों की बिक्री से त्रस्त किसानों का गुस्सा अब आंदोलन में तब्दील होने जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा ने 16 जून को रावतसर में चक्काजाम की घोषणा की है। शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में किसान सभा की जिला कमेटी ने इस घोटाले को लेकर सरकार और प्रशासन पर तीखे सवाल खड़े किए। किसान सभा के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने कहा कि नकली खाद और बीजों के कारण राजस्थान के किसान इन दिनों गहरे संकट में हैं। खेतों में फसलें बर्बाद हो रही हैं, उत्पादन घट रहा है और किसान आर्थिक रूप से तबाह हो रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को एक सुनियोजित घोटाला करार देते हुए कहा कि यह कोई सामान्य चोरी या गलती नहीं है, बल्कि एक संगठित अपराध है जिसमें सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत स्पष्ट नजर आ रही है। पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने सबसे गंभीर सवाल उठाते हुए पूछा कि इफ्को जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के बैग आखिर चोरों के हाथ कैसे लगे? ये बैग खुले बाजार में कैसे पहुंचे? उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब बिना उच्च स्तर पर मिलीभगत के संभव नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर सरकार और प्रशासन सच में किसानों के हितैषी होते तो अब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती, मुकदमे दर्ज होते और गिरफ्तारी होती।' उन्होंने कहा कि हैरानी की बात यह है कि कृषि मंत्री खुद सरकार से नाराज चल रहे हैं और किसान नेता बनने के लिए अपने पद से इस्तीफा देना चाहते हैं, लेकिन सरकार उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं कर रही। इससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं। यदि सरकार वास्तव में किसानों के साथ होती तो कृषि मंत्री की छापेमारी के बाद इतनी बड़ी अनियमितता सामने आने पर कोई न कोई गिरफ्तारी अब तक हो चुकी होती। पूर्व विधायक पूनिया ने कहा कि इस पूरे फर्जीवाड़े... शेष पेज 9 पर

## संगरिया-हनुमानगढ़ जंक्शन मेगा हाईवे पर कार-ट्रक भिडंत में तीन व्यक्तियों की मौत

» ट्रक के नीचे घुसी कार को जेसीबी से बाहर निकाला

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़





जिले के संगरिया थाना क्षेत्र में संगरिया-हनुमानगढ़ जंक्शन में मेगा हाईवे पर टोल नाका एवं नगराना गांव के बीच कल रात्रि लगभग 10:30 बजे कार और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोर से हुई कि कार आगे से ट्रक के नीचे घुस गई।कार में सवार तीनों व्यक्तियों की मौत हो गई जो कि शराब ठेके पर काम करते थे। ट्रक के नीचे घुसी कार को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। पुलिस ने ट्रक चालक पर गलत दिशा से आकर कार में टक्कर मारने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। संगरिया पुलिस ने बताया कि मृतक व्यक्तियों की पहचान कृष्णलाल चुघ (49) निवासी वार्ड नंबर 7 पदमपुर, पुनीत (32) पुत्र बलबीर नाई निवासी गांव फरसेवाला तहसील पदमपुर और दिलीप (25) पुत्र रामविलास निवासी जिला कन्नौज, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। कृष्णलाल चुघ के पुत्र हेमंत द्वारा दी गई रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो मृतकों के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिए हैं। तीसरे मृतक दिलीप के परिवार वालों के आने का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि यह तीनों शख्स कल रात गांव नगराना में शराब ठेका बंद करने के बाद कार द्वारा संगरिया की तरफ आ रहे थे। नगराना और टोल नाका के बीच सामने से आए ट्रक से भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोर से हुई की कार का आगे वाला हिस्सा ट्रक के नीचे घुस गया। लोगों ने कार में फंसे हुए व्यक्तियों को निकालने के भरसक प्रयास किये लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बीच मौके पर संगरिया थाना से सब इंस्पेक्टर प्रमोद सिंह और एएसआई रोहताश भी दलबल सहित पहुंच गए। ट्रक के नीचे फंसी कार को निकालने के लिए जेसीबी को लाया गया। बाहर निकलने पर कार में फंसे व्यक्तियों को तत्काल संगरिया के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने तीनों को ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक नगराना में शराब ठेका बंद करने के बाद टोल नाका के समीप एक... शेष पेज 9 पर

## अहमदाबाद विमान हादसा: 170 ताबूत तैयार करने का ऑर्डर

» 275 पहुंची मृतकों की संख्या

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा- अब तक 248 शवों के डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 11 का डीएनए मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि आज एक महिला का शव उनके परिवार को सौंपा गया। शुक्रवार का 8 शव उनके परिजनों को हैंडओवर किया गया था। कुल 9 शव सौंपे जा चुके हैं। 8 घायलों का इलाज चल रहा है, एक की हालत गंभीर है। वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है। जो 3 महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमॉर्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।

## राजस्थान में प्री-मानसून बारिश: अजमेर-बीकानेर और हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर में बरसा पानी

तेज | रिपोर्टर. जयपुर

राजस्थान में शनिवार से प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू हो गया। शनिवार को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर के अलावा उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, बूंदी, सवाई माधोपुर समेत कई जिलों में बादल छाए और बारिश हुई। मौसम विभाग ने रविवार को पूरे राजस्थान में आंधी-बारिश की संभावना है, 21 जिलों में ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले दिनभर गर्मी और उमस रही। सबसे ज्यादा तापमान गंगानगर, चूरू में 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इधर, शुक्रवार की शाम छह बजे धौलपुर जिले में अलग-अलग जगह आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों सहित तीन लोग झुलस गए। सैंपऊ में दो बच्चे और राजौरा कलां में एक युवक घायल हो गया।

## तनिष्क ने की नीट (यूजी) परीक्षा उत्तीर्ण



**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** जंक्शन निवासी देशराज गोयल के सुपौत्र तनिष्क गोयल पुत्र अश्वनी गोयल व योगिता गोयल ने नीट (यूजी) परीक्षा-2025 में ऑल इंडिया में 1407 वीं रैंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। प्रथम प्रयास में इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले तनिष्क ने 720 में से 601 अंक प्राप्त किए हैं। बता दें तनिष्क ने नीट की तैयारी कोटा में रहकर की थी। तनिष्क, हनुमानगढ़ के विख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव गोयल का भतीजा है।




## हनुमानगढ़ के महेश रोघा ने देशभर में पहली रैंक की हासिल

» नीट (यूजी)-2025 के परिणाम में 720 में से 686 मार्क्स के साथ किया टॉप

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़





नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए आयोजित देश की सबसे बड़ी मेडिकल परीक्षा नीट (यूजी)-2025 का परिणाम शनिवार को जारी किया। इसमें राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के महेश रोघा (केसवानी) ने पहली रैंक हासिल करते हुए पूरे जिले का नाम देश भर में रोशन किया है। उन्हें 720 में से 686 मार्क्स मिले हैं। महेश रोघा मूलतः नोहर के निवासी हैं। उनकी माता हेमलता व पिता रमेश कुमार तृतीय श्रेणी सरकारी शिक्षक हैं और फिलहाल गांव डबलीराठान (हनुमानगढ़) में रह रहे हैं। जंक्शन के सुरेशिया में महेश का ननिहाल है। महेश ने सीकर के प्रतिष्ठित गुरुकृपा कोचिंग संस्थान से तैयारी की और पहले प्रयास में ही देशभर में टॉप किया। महेश की इस सफलता के साथ ही हनुमानगढ़ एक बार फिर देशभर में चर्चा में आ गया है। महेश की इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि राजस्थान के हजारों छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। नीट यूजी 2025 का परिणाम जारी होने पर महेश रोघा के टॉप करने की खबर मिलते ही उनके परिजनों व रिश्तेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। रिश्तेदारों के अलावा शुभचिंतकों का उनके निवास पर जमावड़ा लग गया। सभी ने केसवानी परिवार को उनके बेटे की सफलता के लिए बधाई देते हुए महेश रोघा को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। गौरतलब है नीट यूजी परीक्षा 4 मई को देश भर के 5 हजार से ज्यादा सेंटर पर हुई थी। 22.76 लाख कैंडिडेट्स ने नीट यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। इसमें 13.76 लाख छात्राएं और 9.98 लाख छात्र शामिल। इनमें से 20.8 लाख कैंडिडेट्स इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इस परीक्षा को क्लियर करने वाले स्टूडेंट्स को मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्सेज में सीधा प्रवेश मिलेगा।

### रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई

महेश रोघा का जन्म 3 अगस्त 2008 को हनुमानगढ़ में हुआ। पिता रमेश कुमार और मां हेमलता के थर्ड ग्रेड टीचर होने के चलते घर में हमेशा से पढ़ाई का माहौल रहा। महेश बचपन से ही पढ़ाई में टॉपर रहा। 10वीं क्लास में उसने 97.17 और 12वीं क्लास में 90.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। महेश बताते हैं कि उन्होंने तो 10वीं क्लास के पहले ही सोच लिया था कि 11वीं में आर्ट्स लेकर यूपीएससी की तैयारी करूंगा। लेकिन बड़ी बहन सिमरन ने कहा कि तुम्हें बायो लेकर नीट की तैयारी करनी चाहिए। 10वीं क्लास पास कर वह सीकर में रहने के लिए आ गया। यहां गुरुकृपा कोचिंग के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करना शुरू किया। 11वीं और 12वीं के साथ भी नीट की तैयारी की। नीट 2024 में उम्र न होने के चलते हिस्सा नहीं ले पाया। इसके बाद इस साल 2025 में जब 4 मई को परीक्षा का आयोजन हुआ तो परीक्षा में शामिल हुआ। सीकर के नजदीक श्रीमाधोपुर में ही परीक्षा सेंटर आया। जब पेपर देखा तो पता चला कि इस बार पेपर काफी टफ लेवल का आया है। पेपर करने के बाद जब बाहर आया तब सभी स्टूडेंट्स काफी टेंशन में नजर आए क्योंकि पेपर टफ होने के चलते किसी को पता नहीं था कि इस बार रिजल्ट में क्या होगा। लेकिन उसे इतना जरूर पता था कि इस बार वह नीट में सिलेक्ट जरूर होगा। महेश के अनुसार उसने पढ़ाई को लेकर कभी भी ज्यादा टेंशन नहीं ली। पहले... शेष पेज 9 पर

# ट्यूशन सेंटर दिखाने के बहाने अश्लील वीडियो बनाया, केस में फंसाने की धमकी दे 5 लाख मांगे

## पुलिस ने युवती को गिरफ्तार किया, दो युवकों की तलाश

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



श्रीगंगानगर में पुरानी आबादी थाना पुलिस ने एक युवती को एक जमींदार को ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना में युवती के साथ शामिल दो युवकों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार युवती को आज अदालत में पेश करने पर पुलिस को 2 दिन का रिमांड मिला है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवती 35 वर्षीय हरप्रीतकौर उर्फ मिली (पत्नी गुरप्रीतसिंह) पुरानी आबादी के चांदनी चौक क्षेत्र की निवासी है। घटना में शामिल एक युवक की पहचान सुख सागर गिल के रूप में हुई है, जबकि दूसरे का अभी पता नहीं चला। घटना के शिकार हुए चक 3-एम साहबसिंहवाला निवासी सतनामसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर हरप्रीतकौर उर्फ मिली तथा दो अन्य युवकों के खिलाफ कल शाम को मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस ने हरप्रीतकौर तथा उसके साथियों को रंगे हाथों पकड़ने का जाल बिछाया लेकिन हरप्रीतकौर ही पकड़ में आई। उसके दो साथी गायब हो गए। पुलिस के मुताबिक सतनामसिंह ने बताया कि लगभग 2 महीने पहले इंस्टाग्राम के जरिए मिलीकौर नमक एक युवती से हाय हेलो हुई थी। इसके बाद उसे चैटिंग और बातचीत होने लगी। मिलीकौर ने बताया कि वह बच्चों को ट्यूशन पडाती है। उसने ग्रीन वैली कॉलोनी में ट्यूशन सेंटर बना रखा है जिसमें प्रोजेक्टर लगा रखे हैं।वह प्रोजेक्टर के जरिए बच्चों को ट्यूशन देती है। उसने कई बार कहा कि वह श्रीगंगानगर आए तो उसकी ट्यूशन सेंटर अवश्य देखने के लिए आए। सतनामसिंह ने पुलिस को बताया कि वह कल शुक्रवार सुबह श्रीगंगानगर आया तो फोन पर बातचीत में मिली ने उसे पदमपुर मार्ग पर ग्रीन वैली कॉलोनी में आने और उसकी ट्यूशन सेंटर देखकर जाने के लिए कहा। मिली ने बताया कि वह सेंटर पर बच्चों को प्रोजेक्टर पर ट्यूशन पढ़ा रही है सतनामसिंह के मुताबिक जब वह ग्रीन वैली कॉलोनी पहुंचा तो गली में खड़ी मिलीकौर ने इशारा कर एक मकान में आने के लिए कहा। जब वह मकान में गया तो वहां कोई बच्चा नंही था। पूछा तो मिली ने कहा कि 10 मिनट में बच्चे आने वाले हैं। फिर वह मकान से बाहर चली गई और 2 मिनट बाद वापस आई तो उसके साथ दो युवक थे। तीनों उसे धमकाने लगे। उसके जबरदस्ती कपड़े उतरवा कर अश्लील वीडियो बना लिया। दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया।उसके मोबाइल फोन से रुपए ट्रांसफर करने की कोशिश की, लेकिन मोबाइल फोन में कोई भी ऐसी ऑनलाइन एप्लीकेशन नहीं थी, जिससे कि रुपए ट्रांसफर हो सकें। सतरामसिंह के मुताबिक उसने आरोपियों से कहा कि वह बाजार जाकर अपने आढती से रूपयों की व्यवस्था कर लेगा। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने 11 बजे सतनामसिंह को धमकी देकर छोड़ दिया कि वह शाम तक 5 लाख रुपए का इंतजाम कर ले।तपश्चात सतनाम सिंह पदमपुर रोड पर ही अंबिका सिटी में अपने एक जानकार संदीपसिंह के पास गया और सारी बात बताई। इस दौरान आरोपी रुपए देने के लिए बार-बार फोन करते रहे। संदीपसिंह ने भी आरोपियों से फोन पर बात की और उनके द्वारा मांगे जा रहे 5 लख रुपए में से कुछ राशि काम करवाने की कोशिश की। पुलिस को इस मामले की जानकारी कल शाम लगभग 4 बजे दी गई। जिस पर मिलीकौर और उसके गिरोह को रंगे हाथों पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। 5 लाख की राशि मे से पहली किस्त के 50 हजार रुपए लेने के लिए आरोपी कथित रूप से सहमत हो गए। उन्होंने सतनामसिंह को ट्रक यूनियन पुलिया से कुछ ही दूर ग्रीन पार्क के पास शाम को रुपए दे जाने के लिए बुलाया।पुलिस ने वहां पहले से ही जाल बिछा दिया। वहां पर मिली 50 हजार रुपए लेते हुए पकड़ी गई जबकि उसके दो साथी पकड़ में नहीं आए। पुलिस जब मिली को पकड़ कर ले जाने लगी तभी वहां हरप्रीतकौर (पत्नी अमित) निवासी चांदनी चौक विरोध करने लगी। उसने मिली को अपनी भाभी बताया।पुलिस ने इस हरप्रीतकौर को भी शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मिलीकौर उर्फ हरप्रीतकौर मूल रूप से रायसिंहनगर के नजदीक चक्र 22-पीएस की निवासी है। उसका पति रोडवेज वर्कशॉप में काम करता है। पति के साथ वह चांदनी चौक क्षेत्र में रहती है ।उसके एक बेटी है। पुलिस वारदात में शामिल सुखसागर गिल और उसके साथी की तलाश कर रही है। परिवादी सतनामसिंह खेती-बाड़ी करता है।

# जिला स्तरीय जूनियर व सब जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



तेज. रिपोर्टर | नोहर

स्थानीय बालकृष्ण बिहाणी स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर व सब जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नईम कुरैशी ने की। जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाडियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी स्टेट चैम्पियनशिप में भाग लेगें। प्रतियोगिता के माध्यम से जूनियर और सब जूनियर 18 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा ने कहा कि नोहर में फुटबॉल खेल के प्रति जोश और जुनून देखते ही बनता है। लगातार आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं के कारण युवा भी फुटबॉल खेल से जुड़ते जा रहे है। जिला फुटबॉल संघ के सचिव शशिकांत शर्मा ने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं में जिले के अनेक खिलाड़ी भाग ले रहे है। खिलाडियों के चयन के लिये अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी रहे विजय किशोर महिया की अध्यक्षता में चयन कमेटी का भी गठन किया गया है। दोनों प्रतियोगिता का संयोजक गुलफाम खान को बनाया गया है। शर्मा ने बताया कि जिला फुटबॉल संघ द्वारा लगातार आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं का परिणाम है कि क्षेत्र में फुटबॉल खेल की युवा पौध तैयार हो रही है। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास है कि युवा अधिक से अधिक फुटबॉल खेल से जुडक़र अपना करियर बनाये। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी रहे विजय किशोर महिया, पूर्व पार्षद रामकुमार सैनी, अशोक कंकर, जुल्फिकार पठान, किशन सैनी, ओम प्रकाश गोदारा, जय किशन वर्मा, भूपसिंह, गुलफाम खान सहित अनेक फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित थे।

# बदमाशों ने बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला कर सोने की बालियां लूट ली

## » पुलिस ने दो युवकों को किया राउंडअप

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

जिले के मुकलावा थाना क्षेत्र के चक 3-टीके में घर में अकेली रहने वाली एक बुजुर्ग महिला को रात्रि को दो बदमाशों ने जानलेवा हमला कर लूट लिया। महिला के काफी गंभीर चोट लगी है। उसे श्रीगंगानगर के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत गंभीर होने के कारण परिवार वालों ने बाद में उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। मुकलावा पुलिस ने चरणसिंह नामक व्यक्ति द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध हमला कर सोने की बालियां लूट लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 72 वर्षीय गुरमेलकौर (पत्नी रूपसिंह) का श्रीगंगानगर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह अभी बोलने की स्थिति में नहीं है। पता चला है कि उसकी गर्दन पर पीछे की तरफ तथा सिर पर गहरी चोट लगी है। मुकलावा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संपतराम ने बताया कि संदेह के आधार पर दो युवकों को पकड़ा है, जिनसे पूछताछ चल रही है। सूत्रों का कहना है कि इन्हीं युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस उनके बाकी साथियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार गुरमेलकौर अकेले रहती है। उसकी पुत्रवधू और पोते का परिवार सामने ही अलग मकान में रहता है।घटना गुरुवार-शुक्रवार को रात की है। उस रात किसी समय बदमाश घर में आए और गुरमेलकौर को घायल कर पहनी हुई सोने की बालियां लूटकर फरार हो गये।शुक्रवार सुबह एक पड़ोसी ने गुरमेलकौर को घर के आंगन में घायल अवस्था में पड़े देखा तो उसने उसके पोते और पुत्रवधू व परिवार के अन्य लोगों को जानकारी दी। तत्पश्चात गुरमेलकौर को गांव डाबला के नजदीक एक चैरिटेबल ट्रस्ट के अस्पताल में ले जाया गया। वहां के डॉक्टर ने हालत गंभीर बताते हुए तत्काल श्रीगंगानगर ले जाने के लिए कह दिया।तब उसे यहां के जिला अस्पताल में लाया गया। अब गुरमेल कौर का एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हासिल जानकारी के अनुसार हमले और लूटपाट करने वाले युवक इसी गांव के निवासी हैं। यह युवक कहीं बाहर गए हुए थे जो दो-तीन दिन पहले ही वापस गांव में आए थे। गांव वालों द्वारा शक जाहिर किए जाने पर पुलिस ने इनको दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्दी ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया जाएगा। इस बीच मुकलावा पुलिस ने चार युवकों- अजयदीप सिंह पुत्र श्रवण सिंह, सोनू पुत्र जसकरणसिंह निवासी झोटांवाली, विजय पुत्र दुलीचंद निवासी श्रीविजयनगर और मदनलाल पुत्र हरदयाल निवासी करडवाली को शांति व्यवस्था भंग करते के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# सेवानिवृत श्रीमती सुमन लता सहू ने कोचिंग भवन निर्माण के लिए एक लाख रुपये का सहयोग दिया

तेज. रिपोर्टर | नोहर



क्षेत्र के सांगठियां गांव के सहू परिवार की श्रीमती सुमन लता सहू ने शिक्षा विभाग से अपनी सेवानिवृत्ति पर अपने ससुर लोककवि स्वर्गीय नौरंगलाल सांगठिया और अपने पति मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रहे स्वर्गीय कृष्ण कुमार सहू की स्मृति में जाट कन्या छात्रावास नोहर में कोचिंग भवन निर्माण के लिए एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर उनके पुत्र प्रधानाचार्य महिपाल सहू भी उपस्थित रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लोक कवि नौरंगलाल सांगठिया ने कभी स्वामी केशवानंद के साथ अपने गीतों से शिक्षा की अलख जगाई थीं। वहीं कृष्ण कुमार सहु ने अपने शिक्षक जीवन में थालडक़ा, भूकरका, खिनानिया, ललानियां गांव में अपनी प्रेरक व अतुलनीय कार्यशैली से अमिट छाप छोड़ी थी। विदित्त रहे कि इससे पूर्व भी सहू परिवार ने अपने गांव सांगठिया के स्कूल में एक कक्षाकक्ष, गांव ललानियां में एक कक्षाकक्ष, गांव परलीका में भी एक कक्षाकक्ष के निर्माण में आर्थिक सहयोग दिया था। शिक्षा की अलख जगाने में सहू परिवार सांगठिया का सहयोग एक प्रेरणादायक पहल है। जाट लोक सेवक समिति के सचिव राजेश थाकण ने बताया कि समिति 2002 से नोहर के सेक्टर 5 में बालिका शिक्षा के लिए जाट कन्या छात्रावास का सफल संचालन कर रही है। जिसमें रहकर वर्तमान में सर्वसमाज की लगभग 250 बालिकाएं अध्ययन कर रही हैं । वर्तमान में समिति द्वारा एक कोचिंग हॉल का निर्माण करवाया जा रहा है। जिससे बालिकाओं को उच्च स्तरीय कोचिंग सुविधा मिल सके एवं उन्हें अन्यत्र नहीं जाना पड़े। समिति अध्यक्ष अमर सिंह सहारण टोपरियां ने सहू परिवार का आभार जताया। इस मौके पर लोक सेवक समिति कार्यकारिणी के सदस्य मुरारी लाल पुनिया कोषाध्यक्ष, हरिसिंह पूनिया, प्रताप सिंह भारी, इंद्राज पूनिया, दयाराम बिजारणिया, शैलेंद्र बेदा, श्रवण ढाका, जयसिंह सहारण आदि उपस्थित थे।

# युवाओं की पहल: गरीब बेटी की शादी में भरा भात

तेज. रिपोर्टर | नोहर



क्षेत्र के गांव जबरासर के युवाओं ने एक नई पहल की है। युवाओं ने गांव में ही रहने वाली एक महिला की पुत्री की शादी में भात जैसी रस्म निभा कर अनुकरणीय कार्य किया है। महिला के माता-पिता व भाई नहीं है, तो गांव के युवाओं ने इस महिला के भाई के रूप में भात की रस्म निभाई। भात के दौरान गांव के करीब 50 से अधिक युवाओं उपस्थित रहे। महिला का जबरासर में ननिहाल है जिसकी पुत्री की शादी गांव में ही धुमधाम से सम्पन्न हुई। युवाओं ने अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार भात भरा। इस दौरान महिला भावुक भी दिखी। युवाओं ने बताया कि उनका उद्देश्य मात्र प्रत्येक युवा को जरूरतमंदों की सहायता के लिये प्रेरित करना है। हमें इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिये सदैव तत्पर रहना चाहिये। गांव की बेटी जिसके कोई सगा भाई नहीं है और माता-पिता मृत्यु हो चुकी है, उसका गांव के युवाओं ने मिलकर भात भरकर विपरीत आर्थिक हालात में भात के जरिए गांव की बेटी को सम्बल देकर युवाओं ने उसे भावनात्मक व आर्थिक सहारा दिया। युवाओं की इस पहल की खूब सराहना भी हो रही है।

# किन्नू व्यापारी ने ममेरे भाई पर लगाया बैंक अकाउंट में अवैध लेनदेन करने का आरोप

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय अशोकनगर बी निवासी एक किन्नू व्यापारी अली अब्बास ने अपने ममेरे भाई इमरान खान (26) निवासी अग्रसेननगर पर उसकी फर्म के बैंक अकाउंट में अवैध रूप से भारी लेनदेन करने का आरोप लगाया है। सदर थाना पुलिस के मुताबिक अली अब्बास द्वारा अदालत में दायर इस्तगासा के आधार पर इमरान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अली अब्बास ने बताया कि इमरान उसका ममेरा भाई है। रीको उद्योग विहार में उसकी नूरानी के नाम से फार्म है जो कि किन्नू व अन्य फलों का व्यवसाय करती है। उसने रिको में आईसीआईसीआई बैंक शाखा में फार्म का अकाउंट खुलवाया हुआ है। बैंक अकाउंट उसके नाम के सिम कार्ड से लिंक है। फर्म का सारा कामकाज और लेनदेन इमरान ही करता था। मोबाइल के जरिए बैंक अकाउंट ऑपरेट करने के लिए इमरान ने उससे सिम कार्ड ले लिया था। अली अब्बास का कहना है कि फर्म के अकाउंट में फलों के व्यापार के रुपयों का ही लेनदेन किया जाता है, लेकिन उसे विगत नवंबर महीने में पता चला कि 30 सितंबर से 10 अक्टूबर के दौरान फर्म के बैंक अकाउंट में भारी लेनदेन हुआ है, जबकि उन दिनों फलों का सीजन भी नहीं था। उसने इमरान पर ऐसे लोगों से लेनदेन करने का आरोप लगाया है, जिनका उससे और उसकी फर्म से कोई संबंध नहीं है। इस बारे में पूछने पर इमरान ने कहा कि उसे कमाई करनी थी और इसके लिए बैंक अकाउंट की जरूरत थी। अली अब्बास ने इमरान पर विश्वास तोड़ने और अवैध रूप से बैंक अकाउंट में लेनदेन करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने साइबर एक्ट और टेलीकॉम एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि यह मामला अली अब्बास द्वारा अदालत में दायर किए इस्तगासा के आधार पर दर्ज हुआ है। मामले की जांच थाना प्रभारी सीआई सुभाषचंद्र खुद कर रहे हैं।

# हरिद्वार के सप्त ऋषि आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

पंडित श्री विजयानंद जी शास्त्री के पावन सानिध्य में 14 जून को हरिद्वार के सप्तऋषि आश्रम में भागवत कथा का भव्य शुभारंभ किया गया। डॉ विवेक शर्मा व डॉक्टर चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि आज प्रथम दिन सर्वप्रथम गणेश, पोथी पूजन व व्यास पूजन किया गया। इसके पश्चात गंगा तट के परमार्थ निकेतन घाट से सप्तऋषि आश्रम तक मंगलगान करते हुए सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा बैंड बाजे के साथ कीर्तन करते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा वाचन व्यास आचार्य पंडित श्री सतपाल जी महाराज के द्वारा किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस पर भागवत का महात्म्य, भक्ति नारद संवाद तथा धुंधकारी मोक्ष विषय पर प्रकाश डाला गया।

# प्रॉपर्टी कारोबारी के घर पर कारतूस व धमकी पत्र रखने के मामले में एक और गिरफ्तारी

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय अग्रसेननगर निवासी प्रॉपर्टी कारोबारी सतीश कथूरिया के घर के बाहर वाले गेट पर 24- 25 मार्च की रात को दो जीवित कारतूस और 4 करोड़ की रंगदारी की धमकी वाला पत्र रखने के मामले में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। जवाहरनगर पुलिस ने बताया कि प्रोडक्शन वारंट के आधार पर गांव चमारखेड़ा निवासी प्रदीपसिंह उर्फ दीपा को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में चार आरोपी यश सिडाना, कोमलप्रीतसिंह, गौतम धतरवाल तथा मोहितप्रताप उर्फ मोहित ठाकुर को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। यह मामला सतीश कथूरिया की रिपोर्ट पर 25 मार्च को दर्ज हुआ था। सतीश से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शातिर अपराधी गोल्डी बराड के नाम से धमकी देकर 4 करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी नहीं देने पर 2 महीने बाद 25-26 मई की रात को मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने सतीश उसके घर पर फायरिंग भी की। फायरिंग के इस मामले में अभी तक 9 आरोपी पकड़े गए हैं।इनमें चमारखेड़ा का प्रदीप उर्फ दीपा भी शामिल है। पुलिस के अनुसार 25-26 मई की रात को फायरिंग करने के दौरान प्रदीप उर्फ दीपामोटरसाइकिल चला रहा था।पीछे बैठे आगरा के एक बदमाश प्रदीप उर्फ गोलू पंडित ने दो-तीन फायर किए थे। प्रदीप दीपा से अब उन जीवित कारतूसों के बारे में पूछताछ कर रही है, जो उसने उक्त रात को कथूरिया के घर के गेट के पास रखे थे

## पार्टनर बनाकर 2 लाख की धोखाधड़ी करने का मामला

**श्रीगंगानगर।** गाजर के व्यवसाय में पार्टनर बनाकर 2 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का एक मामला स्थानीय सदर थाना में दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार चूनावढ थाना क्षेत्र के एक निवासी जसवंत द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर गांव फतूही निवासी सुनील के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।जसवंत ने बताया कि सुनील से उसकी मामूली जान पहचान थी। विगत फरवरी महीने में सुनील ने कहा कि वह गाजर की ठेकेदारी करता है। उसे ठेकेदारी में एक पार्टनर की आवश्यकता है। सुनील ने उसे पार्टनर बनने की बात कही और इसके लिए 2 लाख रुपए मांगे। जसवंत के अनुसार उसने लगभग 1 महीने बाद इंद्राज नामक व्यक्ति की मौजूदगी में 2?लाख नगद सुनील को दे दिए और पार्टनरशिप संबंधी लिखा पढी करने के लिए कहा। सुनील ने कहा कि पार्टनरशिप की लिखा पड़ी बाद में कर लेंगे, लेकिन उसने लिखा पड़ी नहीं की। अब उसने रुपए वापस मांगे तो वह देने से इनकार कर गया। मामले की जांच हवलदार गुलाबसिंह द्वारा की जा रही है।

# केसरीसिंहपुर नगरपालिका की अध्यक्ष पर लगाए गए आरोप जांच में प्रमाणित, रिपोर्ट डीएलबी को भेजी

## कृषि भूमि का पट्टा जारी करना भी गलत पाया गया

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



केसरीसिंहपुर की नगर पालिका अध्यक्षा सुमिता अग्रवाल को स्वायत शासन विभाग की जांच के बाद गलत पट्टा बनाने का दोषी करार दिया गया?है। पालिका अध्यक्ष पर गलत पटटा बनाने और भ्रष्टाचार फैलाने के आरोप लगे थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद सरोज कुमारी और पूर्व पार्षद राजकुमार सचदेवा ने स्वायत शासन विभाग के निदेशक को अलग-अलग पत्र लिखकर गलत पटटा बनाने और विभिन्न कामों में भ्रष्टाचार फैलाने के आरोप लगाए थे।। पार्षद सरोज कुमारी ने आरोप लगाया था कि पालिकाध्यक्ष ने वार्ड नंबर 20 में एक व्यक्ति को कृषि भूमि पर ही पटटा बना कर दे दिया जबकि नियमानुसार कृषि भूमि पर पटटा नहीं बनाया जा सकता। विभाग ने इस शिकायत पर जांच करणपुर के एसडीएम को सौंप दी।श्रीकरणपुर के एसडीएम ने अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा है कि वार्ड नंबर 20 में पालिकाध्यक्ष ने कृषि भूमि पर अवस्थित भूखंड पर पटटा बना दिया। पालिकाध्यक्ष द्वारा नियमों की अनदेखी की गई है। नियमों के विपरीत कच्ची बस्तियों का नियमन के अंतर्गत पट्टा जारी कर दिया। पूर्व पार्षद राजकुमार सचदेवा ने एक अन्य शिकायत में पालिकाध्यक्ष पर अनेक आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि नगर पालिका क्षेत्र में विद्युत पोलों पर रोप लाइट (तिरंगा लाइट) लगाने का जो टेंडर किया गया था, उसकी दरें 8330 रुपए रप्रति पोल दी गई है जबकि इसका वास्तविक मूल्य मात्र 1500 रुपए ही है। इस संबंध में जांच कमेटी ने अपनी टिप्पणी की है कि जिला मुख्यालय पर स्थित अन्य विभाग द्वारा 2022 में 2700 रुपए और 2024 में 2139 रूपये का यही काम किया गया है!! जांच कमेटी ने रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि पालिका द्वारा अन्य संस्था की दरों की तुलना में अत्यधिक दर स्वीकृत कर भुगतान किया गया है।राजकुमार दूसरी शिकायत डीजल और पेट्रोल के प्रति माह अधिक बिल उठाने की थी ।। जांच कमेटी ने पाया कि कुछ महीनो में डीजल और पेट्रोल के बिलों के भुगतान को सामान्य से अधिक पाया है ,जिसका विवरण भी जांच कमेटी ने शामिल किया है।राजकुमार ने एक और शिकायत थी कि चक 3-टी पुलिया से नगरपालिका तक लगाए गए झुलों में भारी अनियमितता बरती गई है।।जांच कमेटी ने रिपोर्ट में लिखा है कि यू माइनर नहर के किनारे केवल 3 झूले ही लगे हुए पाए गए।।सुभाष पार्क में लगे झूलों के संबंध में भी शिकायत थी, जिस पर जांच कमेटी ने रिपोर्ट में लिखा है कि पालिका द्वारा किड्स आउटडोर मल्टीप्ल सिस्टम 50 फिट विद फिटिंग कार्य जिसकी तकनीकी स्वीकृति 9.50 लाख की सक्षम तकनीकी अधिकारी से जारी नहीं है।राजकुमार द्वारा की शिकायतों पर एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसमें उपखंड अधिकारी श्रीकरणपुर शयोचंद ,सहायक लेखा अधिकारी राजेश अरोड़ा और अधिशासी अभियंता मंगतराम सेतिया शामिल थे। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट डायरेक्टर स्वायत शासन विभाग को भेज दी है। को लिखते हैं कि सुमिता अग्रवाल कांग्रेस की नगरपालिका अध्यक्ष हैं।उनका कार्यकाल लगभग 6 महीने का बाकी बचा है।उक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अटकलें लगे जारी हैं कि उनको राज्य सरकार द्वारा निलंबित किया जा सकता है।

# वंदे गंगा अभियान के तहत अस्पताल में सामुहिक श्रमदान किया



तेज. रिपोर्टर | नोहर

वंदे गंगा अभियान के अंतर्गत जल स्वावलंबन पखवाड़े के अवसर पर स्थानीय राजकीय उप जिला चिकित्सालय नोहर में एक अनुकरणीय पहल देखने को मिली। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. हंसराज शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग के समस्त चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने मिलकर सामूहिक श्रमदान किया। इस मौके पर अस्पताल परिसर की गहन सफाई, पौधों को पानी देना एवं उनकी देखरेख, पक्षियों के लिये परिंडे बांधने सहित जल संरक्षण के लिये आमजन को जागरूक करने का कार्य किया गया। पीएमओं डॉ. हंसराज शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। जल स्वावलंबन की दिशा में यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाती है, बल्कि भावी पीढ़ी को जल बचाने का संदेश भी देती है। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं प्रकृति से जुड़ाव की भावना को प्रबल करना था।

# अग्रसेन भवन में गूंजे सुंदरकांड के पावन स्वर

**» अग्रवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में हुआ भव्य पाठ, सुख-शांति की कामना के साथ उमड़ा श्रद्धा का सैलाब**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़





अग्रवाल समाज समिति, युवा समिति एवं महिला उप समिति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अग्रसैन भवन जंक्शन में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य शहर की सुख, शांति व समृद्धि हेतु सामूहिक प्रार्थना करना था। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे मनोयोग से पाठ में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक गणेशराज बंसल, अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष सुभाष बंसल, युवा समिति अध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, महिला उपसमिति की अध्यक्ष मित्ताली अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्षा रीनू बंसल सहित समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। दीप प्रज्वलन के बाद श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ आरंभ हुआ। पाठ के दौरान 'जामवंत के वचन सुहाए, सुनि हनुमत हृदय अति भाए', 'तब लागि मोहि परिखेहु तुम्ह भाई', 'सहि दुखकंद मूल फल खाई' जैसी भक्तिपूर्ण चौपाइयों के उच्चारण से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से रामभक्ति में लीन होकर सुंदरकांड के भावों का रसपान किया। कार्यक्रम में पूर्व सभापति राजकुमार हिसारिया, देवेंद्र अग्रवाल, सुरेंदर बलाड़िया, अमरचंद सिंगल, जगदीश अग्रवाल, डॉ पीसी बंसल, एसएन गुप्ता, रमेश गर्ग, मथरदास बंसल, अशोक गर्ग, देवेंद्र बंसल, अमरनाथ सिंगला, विजय यूडीएस सहित शहर के अनेक प्रमुख नागरिक, समाजसेवी, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। सभी ने एक साथ प्रभु श्रीराम एवं बजरंगबली के चरणों में समर्पण भाव से प्रार्थना की। महिला उपसमिति द्वारा भजनों की प्रस्तुति से आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हुई। कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ जिसमें सभी भक्तों ने भाग लिया। विधायक गणेशराज बंसल ने अग्रवाल समाज के इस सामूहिक आयोजन को श्रद्धालुओं ने बेहद सराहा और इसे सामाजिक एकता व धार्मिक चेतना का प्रतीक बताया। समिति अध्यक्ष सुभाष बंसल ने जानकारी दी कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी ताकि सामाजिक समरसता और अध्यात्म का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस मौके पर अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष सुभाष बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमृतलाल गोयल, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र महिपाल, सचिव रविन्द्र डालमिया, उपसचिव विक्रम कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल बंसल, प्रचार मंत्री मुकेश मित्तल, विधि मंत्री दिनेश गुप्ता, संगठन मंत्री कमल कुमार सिंगला, तथा सदस्य हेमंत गोयल, मनोज गोयल, विशिष्ट आमंत्रित सदस्य ईश्वर तायल, यश अग्रवाल, अंकित गोयल, महिला उपसमिति की अध्यक्ष मित्ताली अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष रीनू बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज मित्तल, उपाध्यक्ष मीना गर्ग, सचिव अंजलि गोयल, उपसचिव मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रति गुप्ता, प्रचार मंत्री ललिता बंसल, विधि मंत्री प्रियंका गोयल, संगठन मंत्री डॉ. शिवानी गर्ग, सदस्य रेणु गर्ग, युवा उपसमिति के संरक्षक राजेश गर्ग, अध्यक्ष रूपेश गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश बलाड़िया, उपाध्यक्ष प्रिंस गर्ग, सचिव पारस गर्ग, उपसचिव मोहित बंसल, कोषाध्यक्ष योगेश जिन्दल, प्रचार मंत्री रजत गोयल, विधि मंत्री विपुल गोयल, संगठन मंत्री अनुज जिन्दल, तथा सदस्य मनोज गोयल मौजूद थे।

# सावित्रीबाई फुले जन जागृति मिशन द्वारा संचालित निःशुल्क लाइब्रेरी का कलक्टर ने किया निरीक्षण



तेज | रिपोर्टर टिब्बी

क्षेत्र के रामपुरा उर्फ रामसरा गांव में शिक्षा और अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नई पहल की गई। जहां पटवारी राजेन्द्र निमीवाल द्वारा बच्चों के लिए स्थापित निःशुल्क लाइब्रेरी का निरीक्षण एवं अवलोकन जिला कलेक्टर कानाराम व एसडीएम टिब्बी सत्यनारायण सुथार ने किया। इस अवसर पर सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उनके साथ स्टाफ सदस्य कालूराम भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर कानाराम ने राजेंद्र निमीवाल की पीठ थपथपाकर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की और बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा, गर्मी की छुट्टियों में मामा-नाना के यहां घूमने की बजाय इस पुस्तकालय में आकर अध्ययन करें, यही असली निवेश है। एसडीएम सत्यनारायण सुथार ने भी बच्चों को सपनों की ऊंचाई तक पहुंचने के लिए पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की और राजेंद्र निमीवाल को इस प्रेरणादायी पहल के लिए शुभकामनाएं दीं। यह पुस्तकालय न सिर्फ रामपुरिया, बल्कि आसपास के गांवों के बच्चों के लिए भी ज्ञान का प्रकाश स्तंभ बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मंडल संस्था टिब्बी के अध्यक्ष विजय कुमार नोखवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि कुलवंत सुथार, बृजलाल वर्मा, संयोजक राजेंद्र निमीवाल, मुख्य प्रबंधक जसवंत निमीवाल, सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार खटावलिया, हाकम सिंह लकेसर,मसीतांवाली से अटल बिहारी, संतराम भाटीवाल, राम शाहपीनी से सुरेंद्र रतिवाल, रणजीत रतिवाल, राकेश, जगजीवन, पान्नीवाली से कुलदीप सुथार, साबूआना से सुखचरण सिंह, गुरदीप सिंह, डबली खुर्द से प्रदीप जलंधरा, अरविन्द डाल, अमरपुरा जालू से वीर सिंह बैलान, कोहला से अशोक सुथार रामपुरिया से डॉ बलराम, कृष्ण कुमार, जगदीश गुरिया, उग्रसेन निमिवाल, लक्ष्मण खटावलिया, राजाराम भाटीवाल, सत्यनारायण आदि आसपास के गांवों से भी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए।

**कृषि योजनाओं की प्रगति समीक्षा को लेकर बैठक**

# अधिकारी करें कृषि आदान विक्रेताओं के परिसरों का निरीक्षण



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

कृषि (विस्तार) अतिरिक्त निदेशक डॉ. जीआर मटोरिया की अध्यक्षता में शनिवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में हनुमानगढ़, नोहर व भादरा के सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सहित अन्य कृषि अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डिग्गी, फार्म पॉन्ड, पाइपलाइन, तारबंदी, कृषि यंत्र आदि डीबीटी योजनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक खेती, परंपरागत कृषि विकास योजना, मिनीकिट वितरण, अनुदानित दर पर बीज वितरण और गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त निदेशक ने निर्देश दिए कि डीबीटी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृतियां शीघ्र जारी कर लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कृषि आदान निरीक्षकों को निर्देश दिए कि जिले में कार्यरत कृषि आदान विक्रेताओं के परिसरों का निरीक्षण कर अधिकाधिक नमूने एकत्रित किए जाए और विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजे जाए। यदि बिना अधिकृत अनुमति के विक्रय होते पाए जाए तो विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। जिले के कृषि (विस्तार) संयुक्त निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने बीटी कपास में गुलाबी सुंडी नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर निर्देश दिए कि किसानों के खेतों में फेरोमेन ट्रैप्स स्थापित किए जाए। इनकी निगरानी सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक करें। साथ ही किसानों को व्यक्तिगत संपर्क, व्हाट्सएप ग्रुप, पंपलेट, समाचार पत्र एवं कृषक गोष्ठियों के माध्यम से जानकारी दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कीटनाशकों का छिड़काव विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए और बाजार से बिना जांचे रेडीमिक्स कीटनाशकों का प्रयोग न किया जाए। बैठक में कस्टम हायरिंग सेंटर्स (सीएचसी) की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों को सीएचसी ऐप के माध्यम से कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग की जानकारी दी जाए तथा इन केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए। साथ ही विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में न्यूनतम 1000 किसानों को जोड़ने का लक्ष्य भी तय किया गया। डॉ. मटोरिया ने हरियालो राजस्थान एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों से अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए किसानों को प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं आरटीआई पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# साइकिल यात्रा के जरिए प्रदूषण रोकने व पृथ्वी बचाने का संदेश

**» अपने जैसे अन्य विशेष योग्यजनों को भी कर रहे प्रेरित**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



आगरा निवासी विशेष योग्यजन वासु पुत्र दिनेश कुमार प्रदूषण रोकने व पृथ्वी बचाने का संदेश देने के मकसद से साइकिल पर भारत भ्रमण को निकले हैं। इसके साथ ही उनकी साइकिल यात्रा विशेष योग्यजनों को समर्पित है। राइडर वासु का शनिवार को हनुमानगढ़ पहुंचने पर जंक्शन की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थानीय नागरिकों की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। राइडर वासु ने बताया कि वे दो जून को आगरा से भारत भ्रमण के लिए निकले हैं। वे अब तक करीब 750 किलोमीटर का सफर तय कर हनुमानगढ़ पहुंच चुके हैं। वे हनुमानगढ़ से होते हुए पंजाब के बठिंडा जाएंगे। वासु के अनुसार इतना कदम उठाने के बाद उन्हें अब तक के सफर में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। कभी रात्रि दो बजे रास्ते में सोने के लिए जगह मिली। दुकान, पेट्रोल पम्प, होटल से लोगों ने धक्के मारकर भगाया। वे बिना रुपयों के पूरे देश के भ्रमण के लिए निकले हैं और खुद 55 प्रतिशत विकलांग हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम पर्यावरण को सही नहीं कर सकते तो पर्यावरण को खराब करने का भी हमारा हक नहीं बनता। वे पर्यावरण को बचाने के साथ अपने जैसे विकलांग लोगों को प्रेरित करने के मकसद से यह यात्रा निकाल रहे हैं। वासु ने बताया कि बठिंडा के बाद वे हिमाचल प्रदेश और वहां से केदारनाथ जाएंगे।

उन्होंने अन्य लोगों को भी साइकिल चलाने का संदेश दिया। इस मौके पर मौजूद गुरमीत सिंह, मोहम्मद जफर कादरी, कालूराम, सन्नी, राइडर पंकज सिंह सहित अन्य ने विशेष योग्यजन होने के बावजूद वासु के हौसले की दाद देते हुए शुभकामनाओं सहित आगामी गन्तव्य स्थान के लिए रवाना किया।

# निर्जला एकादशी व नारायणी देवी पुण्यतिथि पर छबील व भजन संध्या का आयोजन

**» भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



निर्जला एकादशी व समाजसेवी स्वर्गीय नारायणी देवी की दूसरी पुण्यतिथि के पावन अवसर पर वार्ड 52 के वार्डवासियों द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप ठंडे मीठे जल व मीठे तरबूज की छबील का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के इस मौसम में राहगीरों के लिए यह छबील संजीवनी साबित हुई। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इस पुण्य कार्य में सेवा दी। कार्यक्रम संयोजक शंकर लाल स्वामी ने बताया कि माता स्वर्गीय नारायणी देवी समाज सेवा में सदैव अग्रणी रही हैं। उन्होंने अपने जीवन में अनेक सामाजिक और धार्मिक कार्य किए, जिनसे समाज को दिशा मिली। उन्हीं की प्रेरणा से वार्ड 52 के निवासी हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि को सेवा कार्यों के माध्यम से याद करते हैं। इस वर्ष भी निर्जला एकादशी के पावन दिन पर ठंडे जल और तरबूज की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा की गई। स्वामी ने बताया कि पुण्यतिथि पर सायंकाल में भव्य भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय व प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन संध्या के उपरांत छोले, पूरी व खीर का विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि समाज की युवा पीढ़ी को भी सेवा और परोपकार की भावना से जोड़ना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को बल मिलता है। इस मौके पर मोहनलाल स्वामी, विजय कुमार, चोरूलाल, राधेश्याम, नौरगलाल, बेबी, साधना देवी, अराधना, मांगीलाल, ललित, अमित, मनोज, हेमंत, अनुज, मदन व अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

# हरियाणा के गांव में चिट्टा बेचने की फिराक में था, चढ़ा पुलिस के हत्थे

**» 2.60 ग्राम हेरोइन बरामद, भिरानी थाना पुलिस की कार्रवाई**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



पड़ोसी राज्य हरियाणा के एक गांव में चिट्टा (हेरोइन) बेचने की फिराक में किसी साधन का इन्तजार कर रहा एक युवक भिरानी थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया। तलाशी में युवक के पास से 2.60 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपने ही गांव के एक शख्स की जानकारी दी, जिससे वह खुद के पीने के लिए चिट्टा लेता था। उक्त शख्स इस युवक को पीने के लिए चिट्टा देता और इसके बदले इस युवक से चिट्टा रूपी जहर बिकवाता। इस संबंध में भिरानी पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार भिरानी थाना प्रभारी एसआई सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम दोपहर को गश्त कर रही थी। गांव अमरपुरा, जोगीवाला व गांधीबड़ी में गश्त करते हुए पुलिस टीम गांधीबड़ी से जोगीवाला रोड पर चक चार एसडीआर नहर पुलिया रोही गांधीबड़ी में पहुंची तो पुलिया पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस पार्टी को देखकर अचानक से वापस मुड़कर नहर पटड़ा पर चलने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने युवक को डिटेन कर पूछताछ की तो उसकी पहचान फारूख (23) पुत्र रजाक खां निवासी वार्ड एक, जामा मस्जिद के पास, गांधीबड़ी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान फारूख के कब्जे से प्लास्टिक थैली मिली। इसमें 2.60 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) भरी हुई थी। पुलिस ने हेरोइन बरामद कर मौके से फारूख को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एसआई वीरचन्द के सुपुर्द किया। पूछताछ में फारूख ने पुलिस को बताया कि वह करीब डेढ़ साल से हेरोइन का नशा कर रहा है। गांव गांधीबड़ी निवासी राहुल पुत्र ओमप्रकाश शर्मा उसका दोस्त है जो चिट्टा सप्लाई का धंधा करता है। राहुल उसके पीने के लिए चिट्टा दे देता है। इसके बदले में उससे चिट्टा बेचान करवाता है। उसने आज सुबह ही राहुल को व्हाट्सएप कॉल कर स्वयं के पीने के लिए चिट्टा देकर जाने को कहा था। इस पर राहुल उसके घर के बाहर अली में आकर उसे तीन ग्राम चिट्टा और अपना मोबाइल फोन देकर गया था। साथ ही कहा कि उसके फोन पर चिट्टा खरीदने वाले किसी ग्राहक की कॉल आए तो उसे चिट्टा बेच देना। वह बाहर रिश्तेदारी में जा रहा है। वह वापस आकर उससे चिट्टा बिक्री के रुपए ले लेगा। राहुल से चिट्टा लेने के बाद कुछ चिट्टा उसने पी लिया और जो बचा था वह हरियाणा के जोगीवाला में बेचने जा रहा था और पुलिया पर खड़ा होकर किसी साधन का इन्तजार कर रहा था। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल मोहनलाल, विक्रम व अंकित शामिल रहे।

# अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान

**» डॉ. अम्बेडकर अजाक एसोसिएशन की बैठक में सुमेर सिंह चुने गए जिलाध्यक्ष**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

डॉ. अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी-कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) की बैठक शनिवार को जंक्शन में वार्ड 59 स्थित अजाक कार्यालय सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की भावी रणनीति, सस्पेंड शिक्षकों की बहाली और संगठनात्मक विस्तार जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अजाक के प्रदेशाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्रीराम चौरड़िया मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुमेर सिंह ने की। अपने संबोधन में श्रीराम चौरड़िया ने संगठन की एकजुटता और मजबूती को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि अधिकारी-कर्मचारी वर्ग को अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सजग रहते हुए संगठित रूप से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन केवल अधिकारों की बात नहीं करता बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि हाल ही में जिन शिक्षकों को निलंबित किया गया है, उनकी बहाली के लिए संगठन स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए सरकार व प्रशासन से संवाद किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पुनः सुमेर सिंह को अजाक हनुमानगढ़ का अध्यक्ष चुना। सभी सदस्यों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुमेर सिंह का माला पहनाकर अभिनंदन किया। सुमेर सिंह ने एसोसिएशन सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने जिलेभर में संगठन का विस्तार करने और सभी वर्गों को जोड़ने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर दीपक बारोटिया, डॉ. हनुमान प्रसाद रोहिल्ला, नानक सिंह, हवा सिंह मेहरड़ा, श्रीराम रांगेरा, श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष परसाराम, सुरेन्द्र खटीक, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश भारतीय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# फ्रूट रेहडी यूनियन ने राहगीरों को पिलाए जूस व शेक



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

सालासर बालाजी सेवा समिति के तत्वाधान में फ्रूट रेहडी यूनियन की ओर से गर्मी से राहत दिलाने के लिए छबील के माध्यम से राहगीरों को ठंडा पेय शीतल जल पिलाया गया जिसमें मैंगो फ्रूटी, लीची जूस, जलजीरा, लेमन, मरिंडा, गुलाब शरबत, लिम्का आदि शामिल है यह पेय शीतल जल उन फल विक्रेताओं की ओर से पिलाया गया जो प्रतिदिन फल बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। आज उनके द्वारा एकदिवसीय अवकाश रखकर यह अनूठी पहल की गई है फल विक्रेताओं ने अपनी नेक कमाई में से थोड़े-थोड़े पैसे आपसी सहयोग से जोड़कर इस तप्ती गर्मी से राहगीरों को जूस व शैक पिलाकर कहीं ना कहीं गर्मी से निजात दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है फल विक्रेता रघुवीर वर्मा ने बताया कि करीब 32 ड्रम के माध्यम से जूस व शेक पिलाकर रहागीरों को गर्मी से निजात दिलाने का प्रयास किया गया है मोतीराम व पम्मी ने बताया कि करीब 11 वर्षों से समिति मीठे पानी की छबील लगा रही है। शनिवार को छबील सुबह 10 बजे से शाम को 5 बजे तक सब्जी मंडी परिसर में लगी रही जिससे वहां से गुजर रहे राहगीरों ने जूस व शेक का आनंद लिया छबील के इस कार्य में जयपाल, मोनू भगत, राजू सोनी, बबलू, राजेश मीणा, राजा फरूट, जतिन, ओमी केले वाला, अंकुश, हीरालाल, रंजीत, छज्जू राम, राजा फ्रूट, मंगल, दीपू, जमील खान सहित समस्त रेहडी यूनियन का सहयोग रहा।

# दो किलोग्राम पोस्त बरामद, प्रौढ़ गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पल्लू थाना पुलिस ने दो किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा बरामद कर जोधपुर जिले के प्रौढ़ को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गश्त के दौरान की गई। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर खुइयां थाना पुलिस को जांच सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार पल्लू थाना प्रभारी एसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित टीम शनिवार को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने सरदारशहर-हनुमानगढ़ मेगा हाइवे पर पुलिस थाना के सामने कार्रवाई करते हुए उदयसिंह (60) पुत्र शैतान सिंह राजपूत निवासी भाडू पीएस शेरगढ़ जिला जोधपुर के कब्जे से दो किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा/छिलका बरामद किया। मौके से उदयसिंह को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान खुइयां थाना प्रभारी एसआई जगदीश पाण्डर के सुपुर्द किया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सुशील कुमार, कांस्टेबल रमेश कुमार, राजवीर, प्रमोद और जगदीश शामिल रहे।





# एसएस राजामौली की फिल्म में आर माधवन की एंट्री?

फेमस एक्टर आर माधवन एक हजार करोड़ की फिल्म में एंट्री करने जा रहे हैं! जी हां, वो एसएस राजामौली की SSMB29 में बड़ा रोल निभा सकते हैं। इसमें महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। ये एक जंगल-एक्शन एडवेंचर मूवी होगी।

बाहुबली और RRR जैसी सुपरहिट फिल्मों को देखने के बाद अब फैंस को एसएस राजामौली की अगली फिल्म का इंतजार है। वो महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के साथ एक जंगल एडवेंचर बना रहे हैं। अब खबर आई है कि इसमें रहना है तेरे दिल में एक्टर आर माधवन की एंट्री हो गई है। एसएस राजामौली की आने वाली फिल्म SSMB29 के फैंस के लिए ये एक बड़ी खबर है। 3 इडियट्स जैसी हिट फिल्मों के लिए फेमस आर माधवन को इस 1,000 करोड़ रुपये की एपिक मूवी में दमदार रोल निभा सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। ये पहली बार होगा, जब राजामौली और माधवन साथ में काम करेंगे।

### फिल्म के बारे में सबकुछ सीक्रेट

बात करें राजामौली की फिल्म की तो इसके बारे में सबकुछ काफी सीक्रेट रखा जा रहा है। इसमें एक्शन-एडवेंचर होगा। राजामौली ने 2024 में केन्या में एक लोकेशन भी देखा था, जहां फिल्म का कुछ हिस्सा फिल्माया जाएगा। इस फिल्म के संगीत की कमान एमएम कीरवानी के हाथों में है।

महेश को जापान लेकर जाएंगे राजामौली

इससे पहले जापान में RRR की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान राजामौली ने इस प्रोजेक्ट के बारे में एक छोटी लेकिन प्यारी सी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था, उनका नाम महेश बाबू है, वे एक तेलुगु एक्टर हैं (लोग उन्हें खूब पसंद करते हैं)। ऐसा लगता है कि आप में से कई लोग उन्हें पहले से ही जानते हैं। वे बहुत हैंडसम हैं। उम्मीद है कि हम फिल्म को थोड़ा जल्दी खत्म कर लेंगे और रिलीज के दौरान मैं उन्हें यहां लाऊंगा और आपसे उनका परिचय करवाऊंगा। मुझे यकीन है कि आप भी उन्हें पसंद करेंगे।



# कुटिंग्स यूनिवर्स में दर्शकों को पसंद आएगी मेरी कहानी

अभिनेत्री सना सुल्तान को एएलटीटी की नई वर्टिकल सीरीज कुटिंग्स के लिए चुना गया है। सना कुटिंग्स यूनिवर्स के एक एपिसोड 'आशिक अरबपति में नजर आएंगी। सीरीज के बारे में अपने विचार को व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि यह महिला के व्यक्तित्व के अलग-अलग पहलुओं पर आधारित है। दर्शकों को यह कहानी जरूर पसंद आएगी।

सीरीज के बारे में सना ने बताया, कुटिंग्स एक वर्टिकल ड्रामा सीरीज है। यह एक खूबसूरत फॉर्मेट है, जिसमें रोमांच, रहस्य, भावनाएं, प्यार, नफरत सब कुछ छोटे-छोटे एपिसोड में समाहित हैं।

फॉर्मेट के बारे में अपनी पसंद को जाहिर करते हुए उन्होंने बताया, मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि इतने कम समय में बहुत कुछ अनुभव करने या सीखने को मिला। यह एक बहुत ही रोमांचक कॉन्सेप्ट है और मुझे विश्वास है कि लोग इसे पसंद करेंगे और इससे जुड़ाव महसूस करेंगे। सना ने आगे बताया, मेरी कहानी में आप सब कुछ देख सकेंगे। यह एक ऐसी लड़की की कहानी है, जिसके दो पक्ष हैं। वह एक तरफ तो नरम है, वहीं दूसरी ओर सख्त भी है। मैं यह कह सकती हूं कि मेरी कहानी बहुत ही शानदार और दर्शकों को पसंद आने वाली है और एक महिला के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को छूती है।

सना ने खुलासा किया कि जब उन्हें यह ऑफर हुआ तो उन्होंने बिना देरी किए झट से हां कह दिया था। उन्होंने बताया, खुद एक कंटेंट क्रिएटर होने के नाते मैं रील और शॉर्ट-फॉर्म वीडियो के क्रेज को समझती हूं। इसलिए, मुझे इसकी खूबियों के बारे में अच्छी तरह से पता था। सना ने कहा, लोग इसे देखेंगे तो पसंद करेंगे। क्योंकि, इसकी क्वालिटी और स्टोरी दोनों बेजोड़ हैं। यह घर पर शूट किया गया एक रील नहीं, यह एक अच्छी तरह से निर्मित शो है, जो एक छोटे, वर्टिकल फॉर्मेट में एक फिल्म देखने जैसा अनुभव देगा।



# फिल्म भूल चूक माफ रिलीज के विवाद का वामिका पर नहीं पड़ा फर्क

23 मई को सिनेमाघरों में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म भूल चूक माफ रिलीज हुई। रिलीज के वक्त फिल्म विवादों में आ गई। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म को इसे सिनेमाघरों में रिलीज करने से पहले डिजिटल रिलीज करने का फैसला किया था। हालांकि, मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआरआईनोक्स ने निर्माताओं के फैसले को चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया था। इसके बाद फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

बातचीत में वामिका ने इस बारे में बात की कि क्या उन्हें इस पूरे मामले से कोई फर्क पड़ा? इस पर वामिका गब्बी ने कहा इससे मुझ पर कोई असर नहीं पड़ा। मैंने जिंदगी में इतना कुछ देखा है कि इससे प्रभावित नहीं हुई! यह मेरे लिए बहुत बड़ा पल था। मैं टूट सकती थी। मैं कई तरह की भावनाओं से गुजर सकती थी। लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया, क्योंकि मैंने बहुत कुछ देखा है। यह मेरे हाथ में नहीं था।

### कई बार चीजें मेरे हाथ में नहीं होतीं

वामिका गब्बी ने आगे बताया कि मुझे कई बार अस्वीकार किया गया। मैंने देखा है कि वादे किए गए और फिर उन्हें पूरा नहीं किया गया। मैंने अपना पूरा भरोसा उन प्रोजेक्ट्स में लगाया, जिनके बारे में मुझे लगा कि यह मेरे करियर या मेरी जिंदगी को बदल देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे समझ में आया कि यह मेरे हाथ में नहीं है। इन सबके बावजूद, मेरी तरक्की हो रही थी।



# मेरे लिए अपनी बेटी को बड़े होते देखना सबसे खूबसूरत सिनेमा है

एक्टर अली फजल अपनी आने वाली फिल्म मेट्रो... इन दिनों की रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने अपने सबसे खास सिनेमाई पलों को लेकर खुलासा किया और कहा कि उनके लिए सबसे खूबसूरत सिनेमा अपनी बेटी को बड़े होते हुए देखना है। इंटरव्यू के दौरानजब अली से सवाल पूछा, जिज्ञासा और अवलोकन, क्या आप इन्हें किसी कलाकार की असली पूंजी मानते हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए अली फजल ने कहा, हां, मैं ऐसा मानता हूं। मैं हाल ही में पिता बना हूं और मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी का सबसे खूबसूरत सिनेमा अपनी 10 महीने की बेटी को बड़ा होते देखना है। इसमें वही दो बातें हैं, जो कलाकार के लिए जरूरी होती हैं, जिज्ञासा और अवलोकन। एक छोटे बच्चे में जो मासूमियत और अनजानापन होता है, वही उसे खास बनाता है।



# रणबीर और रणवीर के बीच में है ईगो क्लैश? करण जौहर ने बताई पूरी सच्चाई

रणबीर कपूर और रणवीर सिंह बॉलीवुड के दो नए सुपरस्टार हैं। दोनों ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फैंस दोनों की ही फिल्मों का बड़ी बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। हालांकि, दोनों को लेकर तरह-तरह की खबरें भी सामने आती रहती हैं। बीच में इन दोनों स्टार्स के बीच में ईगो क्लैश की खबरें भी सामने आई थीं। अब निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने इन खबरों और दोनों के बीच ईगो की लड़ाई को लेकर असलियत बताई है।

### दोनों के बीच में कोई ईगो नहीं

बॉलीवुड हंगामा के साथ अपनी हालिया बातचीत में करण जौहर ने रणबीर कपूर और रणवीर सिंह के बीत ईगो क्लैश को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने इस बारे सच्चाई बताते हुए कहा, 'हर कोई एक-दूसरे को बहुत समझता है। दोनों के बीच में कोई अहंकार नहीं है। यह सब उस नजर या लेंस से देखने का बहुत पुराना तरीका है। मैं नहीं देखता और मुझे यकीन है कि वे भी नहीं देखते हैं। मुझे नहीं लगता दोनों के बीच में किसी तरह का कोई ईगो है।'

### दोनों एक-दूसरे के काम पर फीडबैक देते हैं

करण जौहर ने दोनों एक्टर्स के बीच एक-दूसरे को कॉम्प्लीमेंट देने और सलाह देने के समय को भी याद किया। निर्माता ने बताया कि कैसे दोनों ने एक-दूसरे की फिल्म के बाद उन्हें फीडबैक दिया। करण ने कहा, मुझे याद है कि 'ऐ दिल है मुश्किल' देखने के बाद रणवीर सिंह मेरे घर आए और मुझे फिल्म को लेकर अपना व्यू बताया।जो कि वाकई में काफी कमाल था। फिर रणबीर ने मुझे 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' पर फीडबैक दिया। मुझे लगता है कि हम सभी किसी भी चीज से बढ़कर दोस्त हैं।

### 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगे रणबीर

वर्कफ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर इन दिनों अपनी एपिक सागा फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चओं में हैं। फिल्म में रणबीर भगवान राम की भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा रणबीर कपूर आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ लव एंड वॉर में भी नज़र आएंगे। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं।

### 'धुरंधर' में नजर आएंगे रणवीर सिंह

इसके अलावा अगर रणवीर सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा वह एक्शन थ्रिलर 'डॉन 3' में भी नजर आएंगे। फिल्म की घोषणा 2023 में की गई थी, लेकिन अभी तक फ्लोर पर नहीं आई है।



# अच्छे और सच्चे एक्टर्स ये नहीं सोचते कि मैं उसको खा जाऊं या उसकी लाइन कटवा दूं

वेब सीरीज ट्रिपलिंग के बिदांस चितवन के रूप में दर्शकों का दिल चुराने वाले एक्टर अमोल पराशर डॉली किट्टी और वो चमकते सितारे और सरदार उधम जैसी फिल्मों में गंभीर किरदारों में भी अपनी अदायगी का चटख रंग दिखा चुके हैं। हाल ही में वह दो वेब सीरीज कुल और ग्राम चिकित्सालय को लेकर चर्चा में रहे।

**आप आईआईटी रैंक होल्डर थे, अच्छी खासी पैकेज वाली नौकरी थी, वो सब छोड़कर आपने एक्टिंग को चुना। यह रिस्क कैसे लिया? और घरवालों का रिएक्शन क्या था?**

ऐसा कोई हीरोइक पल नहीं था कि एक्टिंग के लिए पैशन जागा और सब छोड़-छाड़ के चल दिए। मुझे थिएटर करना था और नौकरी के साथ वह नहीं हो पा रहा था, तो मैंने सोचा कि जो करने का मन है, उसे करके देखते हैं। बेशक, थोड़ी गरीबी होगी, पैसे नहीं होंगे, पर मैनेज कर लेंगे। ऐसा कुछ नहीं था कि मैं तो हीरो बनकर दिखाऊंगा। फिल्मों और टीवी का तो सोचा भी नहीं था। मेरी सोच बस ये थी कि स्टेज पर जाने का मौका मिलता रहे, नए-नए किरदार करने को मिलते रहें। शुरू के 2-3 साल मैंने वही किया।

**ट्रिपलिंग में आपका किरदार चितवन बहुत पसंद किया गया, मगर आपने खुद को टाइपकास्ट नहीं होने दिया। डॉली किट्टी और वो सितारे, सरदार उधम जैसी फिल्मों से उस इमेज को ब्रेक कर दिया। यह कितना मुश्किल या आसान रहा?**

आपने सही कहा, हमारी इंडस्ट्री में एक्टर्स आसानी से टाइपकास्ट हो जाते हैं। मेरे साथ एक फायदा ये रहा कि मैं थिएटर करता था। ऑडिशन देता था, तो फिल्में बनाने वाले, लिखने वाले जो लोग हैं, उन्हें पता था कि अमोल सिर्फ ये किरदार नहीं है। वह और बहुत कुछ कर सकता है। उन्होंने मेरे कोई नाटक, ऑडिशन देखे थे। हालांकि, उसके बावजूद 10 में से 5 चीजें ऐसी थीं जो एक जैसी थीं। पांच चीजें अलग भी थीं। उसमें चुनना भी एक चुनौती होती है, क्योंकि कई बार आपको भी लगता है कि लोगों को यही पसंद आ रहा है तो यही करता हूं, लेकिन मेरी सोच ये थी कि खुद को मजा आना चाहिए। बाकी, लोग पसंद करेंगे या नहीं करेंगे, वह देखा जाएगा।

**आपने रॉकेट सिंह सेल्समैन में रणबीर कपूर, डॉली किट्टी में कोंकणा सेन शर्मा, ट्रैफिक में मनोज बाजपेयी, सरदार उधम में विक्की कौशल जैसे मंझे हुए एक्टर्स के साथ काम किया है। उनसे बतौर एक्टर कोई गुण अपनाया?**

सच कहूं, मेरा मानना है कि एक्टिंग को कोई शब्दों में नहीं समझा सकता। यह ऑब्जर्व करने की चीज है, पर एक बात मैंने इन सबमें देखी कि अच्छे एक्टर सिर्फ अपने लिए काम नहीं करते। वो ऐसे नहीं सोचते कि मैं अच्छा लगूं, बाकियों का मुझे नहीं पता या मैं उसको खा जाऊं या उसकी लाइन कटवा दूं। ये चीज किसी में नहीं है। यह मैंने अपने अन्दर भी लाने की कोशिश की कि हम यहां अच्छा शो बनाने आए हैं। फिल्म अच्छी होगी, तो उसकी चर्चा होगी, वो हिट होगी, तो सबको फायदा होगा, पर अगर आप ईगो में रहो कि मैं ही मैं रहूं, तो चीजें थोड़ी करप्ट हो जाती हैं। उसमें मजा नहीं होता है। जैसे, जब मैं विक्की, कोंकणा सेन शर्मा या मनोज सर के साथ काम कर रहा था, वहां पर कोई बड़ा छोटा नहीं था कि तू मत बोल। तू उधर पीछे खड़ा रह। यह कॉमन चीज सबमें रही, तो जो अच्छे एक्टर होते हैं, वो सीन को ऊपर रखते हैं। वो खुद को या अपनी इमेज को सर्व नहीं करते कि यार, मेरी तो बॉडी की तारीफ होती है तो शर्ट उतार दूं। ये चीजें कहानी को खराब कर देती हैं।

**इन दिनों कई एक्टर्स ने बॉलीवुड में टॉक्सिसिटी को लेकर काफी खुलासे किए हैं। आपका इस बारे में क्या अनुभव रहा? आप खुद आउटसाइडर रहे हैं। ऐसी चीजें झेलनी पड़ी हैं?**

मैं इन चीजों से दूर रहता हूं। सबके अपने-अपने अनुभव हैं। मेरी सोच यह रहती है कि अगर आप अच्छे हैं तो आपको अच्छे लोग मिल जाते हैं। हो सकता है कि मुझे भी कभी किसी के कनेक्शन की वजह से रोल नहीं मिला हो, पर मैं ये नहीं सोचता कि अरे, यह तो साजिश हो गई और मैं घर बैठकर रोने लगूं। मेरा मानना है कि कोई आपका बुरा नहीं चाहता, सब अपना-अपना देख रहे हैं। मैं कई ऐसे लोगों से मिलता हूं, जो दूर से लगता है कि वो बहुत अच्छा कर रहे हैं। सब चीजें वही कंट्रोल कर रहे हैं, मगर पास से मिलो तो पता चलता है कि उसका अलग संघर्ष चल रहा है। मैं ये मानकर चलता हूं कि पर्सनली कोई मेरा बुरा नहीं चाहता है।

**हाल ही में एक हफ्ते के भीतर आपकी दो वेब सीरीज कुल और ग्राम चिकित्सालय आई हैं। दोनों में आपके किरदार भी बिल्कुल अलग हैं। इन दोनों किरदारों को निभाने का अनुभव कैसा रहा?**

अनुभव बहुत अच्छा रहा। दोनों की शूटिंग मैंने अलग-अलग की थी, वह इत्तेफाक की बात है कि दोनों सीरीज एक हफ्ते के भीतर आ गईं। हालांकि, अच्छी बात ये है कि इस वजह से लोगों को मेरे किरदारों का अंतर ज्यादा महसूस रहा रहा है। लोग बोल रहे हैं कि दोनों के रंग बहुत ही अलग है। इन दोनों किरदारों में ढलने का प्रॉसेस अलग रहा। कुल के अभिमन्यु की सोच और मनोदशा समझने के लिए रिसर्च करना पड़ा कि वो ऐसे टेढ़ा क्यों है? क्योंकि वह मेरी पर्सनैलिटी से काफी दूर है, तो उसे समझने में वक्त लगा। जबकि, सीरीज ग्राम चिकित्सालय में प्रभात के किरदार के लिए सिर्फ सुर पकड़ना था। उसे रियल रखना था।

गंगानगर की बेटी ने किया गौरवान्वित, इसे ही कहते है 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'

# यौन उत्पीड़न की शिकार छात्रा की मां, दोस्त, अभिभावक बन न्याय दिलाकर ही मानी शिक्षिका सीमा झाम्ब

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर





किसी भी बच्चे के जीवन में माता-पिता के बाद अगर कोई सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो वह होता है 'गुरु'। गुरु केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि सच्चे मार्गदर्शन और नैतिक संबल का भी प्रतीक होता है। ऐसे ही एक आदर्श गुरु के रूप में सामने आई हैं गंगानगर की बेटी और एक राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा झाम्ब केवल अपने शिक्षिका के कर्तव्य का निर्वहन किया, बल्कि साहस, निडरता और संवेदनशीलता की मिसाल कायम कर दी। यह मामला उस समय प्रकाश में आया जब उनके विद्यालय में अध्ययनरत एक छात्रा ने अपने घर में ही दैहशोषण का शिकार होने की पीड़ा अपनी शिक्षिका सीमा झाम्ब से साझा की। उस समय बालिका ने बताया कि उसके घर एक व्यक्ति का आना-जाना है। पिता नहीं हैं। मां जब कहीं जाती है तो वह व्यक्ति आता है और डरा-धमका कर उसकी अस्मत से खेलता है। डरी और सहमी हुई बच्ची ने जब यह बात प्रधानाचार्य से कही तो सीमा झाम्ब अवाक रह गई। ऐसे मामलों में अधिकांश लोग या तो मुंह मोड़ लेते हैं या डर और सामाजिक दबाव में चुप रह जाते हैं। लेकिन प्रधानाचार्य सीमा झाम्ब ने एक आदर्श शिक्षक और नारी शक्ति के रूप में जो निर्णय लिया, उसने बालिका को न्याय की राह दिखाई और समाज को एक नई प्रेरणा दी। छात्रा की पीड़ा सुनकर सीमा झाम्ब ने बालिका और उसके परिवार के साथ थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। यह काम आसान नहीं था। समाज का दबाव, संस्थागत तंत्र की जटिलता और एक महिला होने के नाते अनेक चुनौतियाँ थीं। लेकिन उन्होंने न हिम्मत हारी और न ही पीछे हटने की सोची। बहुत सारे दबाव आए, धमकियां मिलीं। लेकिन सीमा झाम्ब अडिग रहीं। यहां तक कि पीड़िता को अपने घर ले आई। वहीं पर रखा ताकि वह सुरक्षित रहे। अपने आपमें यह बड़ा साहसिक निर्णय था। इस तरह के दृश्य सिर्फ फिल्मों में ही देखे जाते हैं। आखिरकार मामला दर्ज हुआ। मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़िता के बयान, मेडिकल, साक्ष्य और सीमा जी के निरंतर प्रयासों के चलते आखिरकार 2021 में शुरू हुई न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत न्यायालय ने गत दिवस आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास सुनाया। नागरिक सुरक्षा मंच के संस्थापक शंकर सोनी कहते हैं, 'सीमा झाम्ब जैसी शिक्षिका ही असल में समाज की रीढ़ हैं। जहां अधिकांश लोग चुप्पी ओढ़ लेते हैं, वहीं उन्होंने न सिर्फ आवाज उठाई, बल्कि कानून और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप पीड़िता को न्याय दिलाने की राह भी प्रशस्त की। उनका यह कार्य नागरिक चेतना और महिला गरिमा दोनों के लिए प्रेरणास्रोत है।' इंजीनियर ओम बिश्नोई कहते हैं, 'सीमा जी ने जो किया, वह केवल एक छात्रा के लिए नहीं, पूरे समाज की बेटियों के लिए एक ढाल जैसा है। उनका साहसिक कदम हमें यह सिखाता है कि जब भी अन्याय हो, तो कोई न कोई सीना ठोककर खड़ा हो, और वह कोई सामान्य व्यक्ति भी हो सकता है, अगर उसमें संकल्प और संवेदना हो। मैं उन्हें 'युगनायिका' कहता हूं।' इस घटना से यह स्पष्ट है कि समाज में गुरु की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। यह केवल शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि जब किसी बच्चे के जीवन में अंधकार फैल रहा हो, तो वह दीपक बनकर रास्ता दिखाए, वही सच्चा शिक्षक है। सीमा झाम्ब ने न सिर्फ शिक्षक धर्म निभाया, बल्कि बालिकाओं की सुरक्षा और न्याय की मिसाल कायम कर पूरे राज्य को यह संदेश दिया कि अगर नारी सशक्त हो और अपने कर्तव्य के प्रति सजग हो, तो समाज से हर अंधकार मिट सकता है। जैसा कि सीमा जी ने बताया इस प्रयास में एडवोकेट शंकर सोनी जी,अमित गोदारा जी,निहित सुधाकर जी और देवीलाल जी का शानदार योगदान रहा। जब अदालत ने फैसला सुनाया तो प्रधानाचार्य सीमा झाम्ब की आंखें नम थीं, मन में संतोष का भाव था। सबसे अहम बात यह कि सीमा झाम्ब के इस साहसिक निर्णय में पति जे.के.झाम्ब झाँब हर कदम पर साथ नजर आए। उन्होंने किसी फैसले पर असहमति नहीं जताई, बल्कि साथ रहे। लिहाजा, हर कोई झाम्ब परिवार के हौसले और साहसिक कदम की सराहना कर रहा है। सरकार के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारे का यह एक बड़ा मजबूत उदाहरण है। सीमा के अनुसार उन्होंने जो किया वो उनके संस्कारों में शामिल है, और ये संस्कार उनके पूर्वजों, गुरु और माता पिता के दिए हुए है। काश सीमा झाम्ब और और एसबीआई बैंक से सेवानिवृत उनके पति जेके झाम्ब जैसे और भी लोग हमारे समाज में हों तो कितने ही सकारात्मक बदलाव हमें देखने को मिल सकते हैं।

# जेजेपी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंजनी लढा पहुंचे चौटाला हाउस, लिया आशीर्वाद

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद



जननायक जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश कोषाध्यक्ष अंजनी लढा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला का आभार जताते हुए कहा कि वे दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाएंगे। इसी कड़ी में वे शनिवार को पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बरनाला रोड स्थित चौटाला हाउस पहुंचे और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला व युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. अजय सिंह चौटाला ने इस अवसर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंजनी लढा ने पिछले लंबे समय से अपने अनुभव और समर्पण के आधार पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है, वह सराहनीय है। डॉ. अजय चौटाला ने आशा व्यक्त की कि अंजनी लढा फिर अपनी कर्मठता से पार्टी संगठन को मजबूती देंगे। इस अवसर पर उनके साथ जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, हरिसिंह भारी, सुरेंद्र बेनीवाल, अनिल कासनियां, अजब ओला, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष शारदा सिहाग, गौरीशंकर बूमरा, सुरजीत सिहाग, सुखमंदर सिंह सिहाग, शगनजीत सिंह गिल, दीपक भाटिया, कुलदीप जांगू, गौरीशंकर लढा, नितिन टांडी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 2.1 किलो अवैध अफीम बरामद कर वाहन सहित एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर कोटा/चित्तौडगढ़



**तेज. कोटा/चित्तौडगढ़।** राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के अपने सतत प्रयासों के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) राजस्थान ने अवैध अफीम जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्यवाही नरेश बुन्देल, उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राज) के मार्गदर्शन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राज) नरेश बुन्देल ने बताया की केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने दिनांक 13 जून 2025 को चित्तौड़गढ़ जिले में नरपतखेड़ी फ्लाईओवर के पास एक मोटरसाइकिल से 2.170 किलोग्राम अवैध अफीम जप्त कर वाहन सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। नरेश बुन्देल ने बताया कि सीबीएन को एक गुप्त सुचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल में अवैध अफीम छिपाकर ले जा रहा है। इस पर कार्यवाई करते हुए सीबीएन चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों की एक टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखकर वाहन की पहचान कर बाइक चला रहे व्यक्ति को रोका ओर बाइक में छिपाकर रखी गई 2.170 किलोग्रामअफीम बरामद की गई। उन्होंने बताया कि कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद अफीम और बाइक को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत जब्त कर लिया गया है ओर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होने बताया की केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्यवाही जारी रखेगा ताकि राज्य में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होने बताया की यदि किसी के पास नशा एवं मादक पदार्थ की तस्करी से संबंधित कोई जानकारी हो तो वह सीबीएन के नियंत्रण कक्ष पर 0744-2438928 या व्हाटसएप नंबर 8764748232 पर संपर्क कर सकता है या ई मेल **dnc-kota@cbn.nic.in** पर भी जानकारी साझा कर सकता है। जानकारी देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

## गौशाला में एक पिक अप चारा भेंट

**तेज. चूरू।** देवकिशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ के वरिष्ठ संरक्षक सुमित अजीतसरिया पुत्र स्व. दिनेश कुमार अजीतसरिया के आर्थिक सौजन्य से श्री मां करणी गौशाला ग्राम पायली में एक पिक अप चारा प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि इस गौशाला में सुमित अजीतसरिया द्वारा प्रतिमाह एक पिक अप चारा प्रदान किया जाता है। गौशाला समिति अध्यक्ष सुपेन्द्र सिंह राठौड़ ने धन्यवाद ज्ञापित कर अजीतसरिया परिवार पर गौमाता के आशीर्वाद बने रहने की कामना की।

# ऐलनाबाद रेल संघर्ष समिति ने उपमंडल के विकास हेतु सांसद शैलजा को सौंपा ज्ञापन

तेज. रमेश भार्गव | ऐलनाबाद



रेल संघर्ष समिति ऐलनाबाद के पदाधिकारियों ने सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा से मिलकर उन्हें रेल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गिदड़ा, संयोजक एमपी तंवर, संरक्षक मोहन सिंह रखरा, उपाध्यक्ष व पार्षद पवन कुमार जाजू, मीडिया प्रभारी संदीप तलवाडिया, रिंकू रखरा, मलकीत सिंह खोसा आदि ने सांसद कुमारी सैलजा को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि उपमंडल ऐलनाबाद को सिरसा से रेलमार्ग से जोड़े जाने की परम आवश्यकता है ताकि इस क्षेत्र के निवासियों को लाभ हो सके। साथ ही ऐलनाबाद से लंबी दूरी की गाडियां चलाई जाएं ताकि यात्रियों को बड़े शहरों तक सीधी रेल सेवा का लाभ मिल सके। उपमंडल के गांव मिठी सुरेरां में पंचायती जमीन को अधिग्रहित करवाकर यहां आईआईटी संस्थान खोलने की दिशा में तेजी से प्रयास किए जाएं ताकि क्षेत्र के युवाओं का गुणवत्तापूर्ण विकास हो सके। ऐलनाबाद से पंजाब के विभिन्न शहरों के लिए सीधी बस सेवाएं आरंभ की जाएं ताकि यहां व्यापार व अन्य संसाधनों का विकास हो सके। सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि वे उपरोक्त मांगों को प्राथमिकता से पूरा करवाने का प्रयास करेंगी।

# पिता की अनुपम छाया



मां की ममता और पिता की कठोरता जीवन के दो महत्वपूर्ण नियामक है। प्रारम्भ में हमें पिता के वक्तव्य बड़े साधारण प्रतीत होते है, परन्तु समयोपरांत उन वक्तव्यों में छिपी गहराई की थाह ज्ञात होती है। माता की छत्रछाया और गर्भ में बालक सुरक्षित होता है, परन्तु जो अदृश्य सुरक्षा कवच उसके दिन-रात की सुरक्षित रुपरेखा निर्धारित करता है वह है पिता। माँ की चिंताएँ दृश्यरूप में प्रतिपल अनुभव होती है, परन्तु पिता के मन की कशमकश को पिता स्वयं ही समझ सकता है। जिस प्रकार सागर की गहराई और लहरों की तीव्रता की थाह पाना मुश्किल है, उसी प्रकार पिता के मर्म को समझना भी बहुत मुश्किल है। माता के संरक्षण एवं छाँव के पीछे पिता का सुरक्षा कवच ही महत्वपूर्ण होता है। पिता की कठोरता तो नारियल के समतुल्य ही है, अंदर कोमल स्वभाव और बालक के उज्जवल भविष्य के लिए बाहर कटुता के वचन। वह पिता ही तो है जो बचपन से ही बालक को गोदी में उठाकर और कंधे पर बैठाकर ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होना सिखाता है। वह अपने शीर्ष पर बैठाकर उसे सफलता और उन्नत आकाश की दिशा प्रदान करता है। जिद के लिए डाँटना और जिद को पूरी करना यह निश्छल स्वाभाव तो पिता का ही हो सकता है। छोटी-छोटी खुशियों को सँजोने में पिता का दिन-रात का चक्र कब व्यतीत होता है कुछ ज्ञात नहीं होता। आर्थिक सामंजस्य, घर-परिवार का भरण-पोषण, मान-प्रतिष्ठा और छोटी से छोटी जरुरत का ध्यान इतनी सहजता एवं सरलता से पिता ही कर सकता है। वह अपने मन के अंदर की उथल-पुथल परिवारजन को महसूस नहीं होने देता। पिता के कारण ही तो माँ को हिम्मत प्राप्त होती है बालक को अपर स्नेह प्रदान करने की। बालक हौसलों की उड़ान तो पिता के कंधों पर ही तय करता है।

दो अक्षर से बना है पिता शब्द,
पर उसका होना बढ़ाता जीवन में सफलता का कद।
पिता का कर्त्तव्य निभाना नहीं है आसान,
प्रतिपल बाहरी और भीतरी परिस्थितियों से करना होता है घमासान।

हमारे ज्योतिष में सूर्य को पिता का कारक ग्रह कहा गया है क्योंकि जहाँ सूर्य विद्यमान होता है वह स्थान प्रकाश से देदीप्यमान हो जाता है और जब अस्त होता है तो अंधकार व्याप्त हो जाता है। परिवार में भी पिता उजाले का प्रसार करता है, इस उजाले में साहस, अनुभव, ज्ञान एवं कठोर समझाइश निहित होती है जो जीवन के अंधकार का विनाश कर देता है और हमें अपने पिता से ओज, तेज और साहस प्राप्त होता है।सफलता का चरम हमें प्राप्त होता है, पर त्याग एवं परिश्रम की सीढ़ी सदैव वे चढ़ते है। समय व्यतीत होने पर ज्ञात होता है कि स्वयं की कमाई पर जिद करने का आनंद कुछ नहीं होता। पिता के सम्मुख वो जिद और उसके पूर्ण होने का आनंद अत्यंत न्यारा होता है। पिता का व्यक्तित्व शब्दों से परे है। वह भूमिका अन्यंत्र कोई रिश्ता नहीं निभा सकता। पिता की सच्चाई, गहराई और जीवन के प्रति उनकी गूढ़ समझ अकथनीय है। पिता की सीख सदैव एक कड़वी सच्चाई प्रतीत होती है। जीवन की महकी सी बगियाँ में पिता के पसीने की बूँद निहित होती है। पिता के सरल वाक्य जीवन की नींव के निर्धारक होते है। उनके संघर्षों के कुछ सरल वाक्य इस प्रकार हैः पढाई-लिखाई में मन लगाओं समय बार-बार नहीं मिलता, खुद के पैरो पर खड़ा होकर दिखाओं, खर्चा सोच-समझकर करों पैसे पेड़ों पर नहीं लगते, बचपना छोड़ों अब तो संभल जाओं, दोस्ती यारी सोच समझकर करों, मैं यह सबकुछ तुम्हारी भलाई के लिए बोल रहा हूँ, उनकी सीख में उनकी गलतियाँ और अनुभव दोनों ही समाविष्ट होते है। वे एक सच्चे पथ प्रदर्शक है। जो चाहते है कि बालक प्रतिकूल परिस्थितियों में ना उलझे। वह अनुकूलता के मार्ग पर निरंतर प्रशस्त हो। पिता की सुव्यवस्था परिवार को खुशहाल बनाती है। हर त्यौहार की सजावट और खुशी उनके खून पसीने की कमाई होती है। समय और जिम्मेदारियों का बंधन वह पिता ही पूर्ण करता है। बाहरी वातावरण को समझना और आतंरिक वातावरण के अनुरूप परिस्थितियों से तालमेल बैठाना पिता के द्वारा ही संभव होता है। पिता की जीवन पर्यन्त भूमिका शब्दों से परे है।

पिता तो परिवार के लिए है साहस का पर्याय,
वह सदैव करता जिम्मेदारियों और कर्तव्यों से मूक न्याय।
पिता की कठोरता में सच्चाई होती निहित,
डॉ. रीना कहती, जीवन की खुशियाँ उसमें होती समाहित।

**- डॉ. रीना रवि मालपानी**
**(कवयित्री एवं लेखिका)**

# ड्यूटी पर जा रहे एसडीओ और कर्मचारी पर हमला करने के मामले में एक आरोपी काबू

तेज. रमेश भार्गव | ऐलनाबाद

बीते दिनों जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता और उनके साथी कर्मचारी पर हमला करने के मामले में एक आरोपी को सिविल लाइन थाना पुलिस ने काबू कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों कर्मचारी बाइक पर सवार होकर लघु सचिवालय स्थित जलघर में जा रहे थे। जैसे ही वे रेलवे फाटक के पास पहुंचे, पीछे से तीन चार युवक आए और बाइक सवार कर्मचारियों पर हमला कर चोट मारी और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित कर्मचारियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ओंकार सिंह विभाग में ठेकेदारी का काम करता है और गलत तरीके से काम करवाना चाहता था। 13 मई को कार्यकारी अभियंता कार्यालय में कहासुनी हुई थी। पीड़ित कर्मचारी की शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन सिरसा में सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने व चोट मारने की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान शिवलिंग थाना की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया है गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी प्रेम नगर सिरसा के रूप में हुई है । गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के दौरान जो भी व्यक्ति इस घटना में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

# टीचवेल से नीट में चमके दो सितारे, पहले प्रयास में मिली सफलता, परिवार में खुशी

तेज | रिपोर्टर संगरिया



मीरा कॉलोनी स्थित टीचवेल कोचिंग के दो विद्यार्थियों का चयन नीट परीक्षा में हुआ है। कोचिंग निदेशक सतीश गर्ग ने बताया कि वार्ड 6 निवासी कलिक गर्ग पुत्र डॉ. राकेश सुमन गर्ग ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया 3206 रैंक हासिल की है। खास बात यह है कि कालिक ने 12वीं कक्षा के साथ-साथ ही पहले प्रयास में यह सफलता पाई है। पिता राकेश गर्ग एक चिकित्सक हैं और माता सुमन एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका है। दादा ओमप्रकाश ने बताया कि कलिक का शुरू से ही सपना था कि पिता की तरह एक डॉक्टर बने । इस मौके पर दादी अंगूरी देवी, भाई ईशान गर्ग, सतपाल गर्ग आदि ने खुशी जताई। कलिक गर्ग ने दसवीं कक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि 10 12वीं परीक्षा में 93त्न अंक प्राप्त किए हैं। वहीं कस्बे के वार्ड नंबर 26 निवासी मन्नत चौधरी पुत्री राम स्वरूप चाहर का चयन नीट परीक्षा में हुआ है। खास बात यह है कि मन्नत चौधरी ने 12वीं में स्थान में 97 प्रतिशत प्राप्त करने के साथ-साथ नीट परीक्षा में यह सफलता हासिल की है। मन्नत चौधरी की नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 26 हजार हैं। मन्नत के पिता राम स्वरूप चार संगरिया सरकारी हॉस्पिटल में नर्सिंग ऑफिसर है और माता रचना सरकारी स्कूल में शिक्षिका है। दादा रतिराम चाहर और बहन फेरिन चौधरी ने खुशी जताई। मन्नत चौधरी ने दसवीं कक्षा में 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल रतनपुरा में टॉप स्थान प्राप्त किया था।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा कार्यक्रम



**तेज. श्रीगंगानगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में जैन सभा, अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन एवं भारतीय जैन संगठन के संयुक्त तत्वाधान में 21 जून शनिवार को प्रातः 6.30 से 7.30 तक बीरबल चौक सब्जी मंडी स्थित जैन सभा भवन में एक विशाल योग कार्यक्रम रखा गया है। इस योग कार्यक्रम में आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुमति कुमार जी ठाणा-3 का सानिध्य रहेगा और इस कार्यक्रम में सिर्फ पुरुष वर्ग ही योग करने के लिए शामिल हो पाएंगे। कार्यक्रम के पश्चात प्रभावना और शीतल पेय के साथ-साथ काढ़ा पिलाने की व्यवस्था भी की गई है। इस विशाल योग कार्यक्रम के निमंत्रण पत्रों का विमोचन आज शनिवार को सुखाडिया सर्कल स्थित श्री गौशाला में सायं 5 बजे वैश्य फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय महिपाल, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ जैन, जैन सभा अध्यक्ष नरेश जैन, एडगुरू राजकुमार जैन, राहुल जैन, विकास जैन, मुकेश सेठी आदि ने किया।

## हमारी संस्कृति के ग्रामीण भोमिया

हारी बीमारी आपदा कष्ट के समय ग्रामीण जीवन में लोक देवता ग्राम देवता भोमिया का बड़ा महत्व रहा है।ग्रामीण संस्कृति आलेख में हर गांव का एक देवता जिसे भोमिया कहा जाता रहा है जिसकी मान्यता का अपना विशेष स्थान रहा है।ग्राम भोमिया में स्त्री अथवा पुरुष का किसी का भी यथार्थ की कहानी का वृतांत रहा है।जैसा कि रावतसर का ग्राम भोमिया कोई मंडला नाम का मेहतर रहा है।जिसकी देवली आज भी पूजनीय है।हनुमानगढ़ रोड सीपीएस पैलेस के पास बड़े पीपल नीचे उसकी देवली है।रियासत काल में तो बारिश नहीं होने पर नियत दिन इस भोमिया की पूजा अर्चना होती बाँकला यानी भीगे हुए उबले अनाज का चढ़ावा चढ़ाया जाता जो बालकों में बांट दिया जाता कुछ लोग जानवर की बलि देने शराब चढ़ावा में रखने का वृतांत भी बताते है।दरअसल रावतसर की भूमि में मूल रूप से पंद्रहवीं सदी में यह जगह जहां मेहतर जाति का वास रही वे घावरी गोत्र के मेहतर थे मुख्य रूप से यहां बसने वाला मंडला मेहतर था कालांतर में मंडला को ही रावतसर भूमि का भोमिया माना गया।जिसके काल में यह चूड़ सर गांव का वृतांत आता है।उसके बाद यहां सिहाग जाट के कबीले आ बसे।सोलहवीं सदी के पूर्वार्ध में जब जैतपुर के कांधल के वंशज रावतोत राठौड़ राजपूतों के अधिपत्य में यह धरती आई तो इस जगह का नाम आनंद गढ़ हो गया।इसी सीपीएस पैलेस के पास कच्चा गढ़ बस्ती बसी तत्कालीन बसावट का एक भग्नावेश अवस्था का कुआं आज भी रावतसर के पूर्व राजघराने की जमीन में अपने अस्तित्व की कहानी बताता है।अढ़ाई सो वर्ष पूर्व रावत विजयसिंह ने नई बस्ती आज का रावतसर बसाया गढ़ बनाया।उसके बाद आनंद गढ़ का अस्तित्व के विराम लग गया।नहर आने के बाद इंदिरा नहर के अभ्युदय में आज भी उस इलाके के नाम का आनंद गढ़ माइनर पूरी 22एजी ग्राम पंचायत की जमीनों की सिंचाई करता है। रावतसर के इर्द गिर्द की बस्तियों के जहां भी रेख या आबाद क्षेत्र जहा भी रहे हैं उनके अनेक ग्राम देवताओं के अस्तित्व में नौगजा टीला बोध वाला धोरा नागा बाबा जैसे अनेक नाम स्थान प्रभाव रखते जन स्मृति में कायम है।ग्रामीण जीवन की झलक में हर बस्ती में देवली खेजड़ी गुमटी डेरा समाधि के अपने अपने वृतांत नीयत दिन पर उसके अस्तित्व को जाहिर करते रहते हैं। यही तत्कालीन आस्था के मान्यता के आधार रहे हैं।दरअसल किसी भी ग्राम की इतिहासिक पृष्ठभूमि जाने तो एक ग्राम देवता अथवा भोमिया के अस्तित्व में ही उसका इतिहास सामने आएगा।

**- ओम पारीक, रावतसर**

# प्राणायाम तनाव कम करने मानसिक स्पष्टता और ध्यान को बेहतर बनाने में मदद करता हैः योगाचार्य

तेज | रिपोर्टर संगरिया



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से अपने स्वास्थ्य जाग्रति कार्यक्रम आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत स्थानीय नेहरू पार्क में आयोजित तीन दिवसीय विलक्षण योग शिविर के आज दूसरे दिन संस्थान की ओर से आशुतोष महाराज के शिष्य योगाचार्य स्वामी विज्ञानानन्द ने आज विशेष रूप प्राणायाम को योग पद्धति का प्राण तत्व* स्वीकार करते हुए बताया कि प्राणायाम का योग में बहुत महत्व है। यह श्वास की क्रियाओं से संबंधित है। स्थूल रूप में यह जीवनधारक शक्ति अर्थात प्राण से सम्बंधित है। इस प्रकार प्राणायाम का अर्थ श्वास का दीर्घीकरण और फिर उसका नियंत्रण है। यह एक ऐसा अभ्यास है जो शरीर को आंतरिक शक्ति प्रदान करने के साथ तमाम तरह की गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखता है। विशेषज्ञों के मुताबिक प्राणायाम श्वास नियमन का अभ्यास है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए प्राणायाम काफी लाभदायक हो सकता है। स्वामी विवेकानंद इस विषय में अपना मत व्यक्त करते हैं प्राणायाम में सिद्ध होने पर हमारे लिए मानो अनंत शक्ति का द्वार खुल जाता है। मान लो, किसी व्यक्ति की समझ में यह प्राण का विषय पूरी तरह आ गया और वह उस पर विजय प्राप्त करने में भी कृतकार्य हो गया , तो फिर संसार में ऐसी कौन-सी शक्ति है, जो उसके अधिकार में न आए? उसकी आज्ञा से चन्द्र-सूर्य अपनी जगह से हिलने लगते हैं, क्षुद्रतम परमाणु से वृहत्तम सूर्य तक सभी उसके वशीभूत हो जाते हैं, क्योंकि उसने प्राण को जीत लिया है। प्रकृति को वशीभूत करने की शक्ति प्राप्त करना ही प्राणायाम की साधना का लक्ष्य है। स्वामी जी ने उपस्थित साधकों को असाध्य रोगों के निराकरण सम्बन्धित यौगिक क्रियाओं में अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपाल भाति यौगिक प्रक्रिया, सूर्य भेदी प्राणायाम, उदराकर्षण आसन, कटि चक्रासन, ब्रह्मचर्यासन, बाह्य यौगिक क्रिया, अर्धचंद्रासन, नौकासन, स्कन्ध चालन, पाद चालन, उत्तिष्ट तान आसन इत्यादि क्रियाओं का अभ्यास करवाया और साथ ही इनके दैहिक लाभों से परिचित भी करवाया। कार्यक्रम का आरम्भ विधिवत् वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी के साथ सभी योग साधकों ने शान्ति मन्त्र का उच्चारण कर सर्व जगत कल्याण की प्रार्थना भी की।

# आखिरकार इजरायल द्वारा ईरान पर रणनीतिक हमला किए जाने के वैश्विक मायनों को ऐसे समझिए



कमलेश पांडेय

**समझा जाता है कि ईरान की बार-बार की बन्दरघुड़की का इजरायल ने करारा जवाब दिया है। इस्राइल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न केवल सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को एक बार फिर से अनिश्चितता के जद्दोजहद में धकेल दिया है।**

लीजिए एक और युद्ध का आगाज हो गया। इससे हथियार निमार्ता कम्पनियों की बाछें पुनः खिल गई। कहते हैं कि मरता क्या नहीं करता? आखिरकार बत्तीस दांतों के बीच घिरी जिह्वा की तरह मुस्लिम देशों से घिरे एकमात्र यहूदी मुल्क इजरायल ने अपने रणनीतिक हिफाजत के लिए मुस्लिम वर्ल्ड के सरगना देश ईरान पर निर्णायक हमला बोल दिया है, ताकि उसके परमाणु कार्यक्रमों पर ब्रेक लगाकर संभावित परमाणु हमलों से इजरायल के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



समझा जाता है कि ईरान की बार-बार की बन्दरघुड़की का इजरायल ने करारा जवाब दिया है। इस्राइल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न केवल सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को एक बार फिर से अनिश्चितता के जद्दोजहद में धकेल दिया है। इससे महंगाई और बबार्दी दोनों बढ़ेगी। वहीं, गुटीय युद्ध से बचने के लिए अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया है कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, अब यह भी लगभग तय माना जा रहा है कि रूस और चीन की रजामंदी के बाद ईरान भी पुरजोर जवाबी कार्रवाई करेगा। इससे तीसरा विश्वयुद्ध भी भड़क सकता है।

दरअसल, इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। यह हमला भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ छेड़े गए ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई जैसा है, लेकिन अपने दृढ़ संदेश में ऑपरेशन राइजिंग लायन एक मजबूत संदेश देता है, जिससे इस्लामिक देशों की चूलें हिल चुकी हैं।

वहीं, ईरान ने भी यह माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गाड्‌र्स कॉप्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। इससे ईरान ने जवाबी कार्रवाई का इरादा भी जता दिया है। वहीं, इस्राइली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13% बढ़ गईं। जबकि कुछ शेयर बाजार रॉकेट की तरह भागे, और कुछ धराशायी हो गए।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस्राइल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। क्योंकि उसका यह कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर ही वह 15 परमाणु बम बना सकता था। जो इजरायल के खिलाफ ही उपयोग होता। ऐसे में उसने निर्णायक हमले किए।

यह बात दीगर है कि इस्राइल के इन आरोपों की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। वहीं यह बात भी सत्य है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। 15 जून रविवार को भी दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इस्राइल की अचानक की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गई हैं कि आगे घटनाक्रम कैसा रूप लेता है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप कैसा और उसका दायरा कितना बड़ा होता है। क्या वह खुद को इस्राइल के खिलाफ सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या फिर अमेरिकी दूतावासों व अन्य ठिकानों को भी अपनी जद में लेता है या होरमुज की खाड़ी से गुजरते जहाजों को भी निशाना बनाता है जहां से 21% ग्लोबल तेल की सप्लाई होती है।

गौरतलब है कि इजरायली हमले के बाद वहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा, परमाणु विज्ञानियों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को निशाना बनाया। उन्होंने ईरान पर हमले के बाद यह साफ कर दिया कि ऑपरेशन राइजिंग लॉयन अभी खत्म नहीं हुआ है। इजरायली हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स के प्रमुख हुसैन सलामी के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान पर हुए इजरायली हमलों में अमेरिका शामिल नहीं है। साथ ही उन्होंने तेहरान को अमेरिकी हितों और कर्मियों को निशाना बनाने के खिलाफ चेतावनी दी। जबकि इजरायली रक्षा अधिकारी ने दावा किया कि हमलों में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी और उनके कई शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे जा चुके हैं।

ईरान पर इजरायली हमले के बाद अमेरिका ने एक आपात बैठक बुलाई। डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इसमें अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आगे की एहतियाती रणनीति तय की गई। चूंकि तेहरान में हुए धमाकों के बाद इराक और ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इससे वैश्विक वायुयान सेवाओं पर भी असर पड़ना लाजिमी है।

वहीं, इजरायल ने ईरान में हमले के बाद देशभर में इमरजेंसी लागू की। इसके अलावा इस्राइल ने दुनिया भर में अपने दूतावास बंद करने का एलान किया है। साथ ही इस्राइल ने अपने नागरिकों से सतर्क रहने और सार्वजनिक स्थानों पर यहूदी या इस्राइली प्रतीक न दिखाने की अपील की है।

मालूम हो कि विगत कई दशकों से गाजा पट्टी में इजरायल के खिलाफ संघर्षरत फिलिस्तीनियों और हमास के आतंकियों को जहां ईरान, सीरिया, जॉर्डन आदि मुस्लिम देश खुला समर्थन दे रहे हैं, वहीं पाकिस्तान-तुर्किये-अजरबैजान जैसे कुख्यात मुस्लिम देश भी उन आतंकियों को गुप्त शह प्रदान कर रहे हैं। लिहाजा इजरायल ने अब तय कर लिया है कि उसके खिलाफ षड्यंत्र में शामिल मुस्लिम देशों को अब बारी-बारी से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

शायद इसलिए इजरायल ने अब ऐसे मुल्कों की जड़ों पर ही हमला बोलने का निश्चय किया है, जिसकी खौंफनाक शुरूआत भी कर दी है। जिसके बाद पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधियों के बीच एक व्यापक युद्ध की आशंका तेज हो गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है।

जानकारों की मानें तो पहाड़ों में भी ईरान के परमाणु ठिकाने हैं, जिसे अमेरिकी मदद के बिना इजरायल खत्म नहीं कर पाएगा। उनका कहना है कि इजरायल सिर्फ ईरानी परमाणु ठिकाने को ही नहीं, बल्कि उसकी खुमैनी सरकार को भी हटाना चाहता है। इसलिए इतना खतरनाक हालात पैदा किए हुए है। जाहिर है कि बिना अमेरिका, यूरोप व एशिया के नाटो देशों के इशारे के वह ऐसी हिमाकत कदापि नहीं कर सकता है।

वहीं, हमले के बाद आईडीएफ ने कहा कि ईरान लगातार इजरायल के खिलाफ प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है और अपने प्रॉक्सी गुटों के जरिए क्षेत्र में अस्थिरता फैला रहा है। इससे साफ है कि देर सबेर वह दूसरे मुस्लिम सरगना देश तुर्किये और तीसरे इस्लामिक आतंकवादी सरगना देश पाकिस्तान के ऊपर भी हमला अवश्य करेगा। फिलवक्त चूंकि पाकिस्तान व तुर्किये अमेरिका के सरपरस्त देश हैं, इसलिए इनकी बारी कब आएगी, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। सिर्फ वक्त का इंतजार करना ही श्रेयस्कर होगा।

इस प्रकार देखा जाए तो इजरायल-ईरान विवाद से जुड़े इस पूरे मसले पर वर्ल्ड इस्लामिक काउंसिल (ओआईसी) के लगभग 56 मुस्लिम सदस्य देश भी आपस में विभाजित हैं, क्योंकि जो अमेरिका के सरपरस्त हैं, वो चुप्पी साधे बैठे हैं। वहीं जो रूस-चीन-उत्तर कोरिया के समर्थक हैं, वो ईरान के पक्ष में एकजुट हो सकते हैं। चूंकि अमेरिका ने बड़ी सफाई से खुद को अलग कर लिया है, इसलिए अब यह रूस-चीन के ऊपर है कि वो खुलकर मैदान में आएंगे या नहीं। जबकि गुटनिरपेक्ष देश भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह इजरायल-ईरान युद्ध में भी अपनी तटस्थता बरकरार रखी है।

## संपादकीय

### निष्पक्ष हो तफ्तीश

मेडे, ये वो आपात संदेश था जो बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के पायलट ने उड़न भरने के तुरंत बाद हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) को भेजा था, लेकिन एटीसी जब तक कोई प्रतिक्रिया करता तब तक दूसरी ओर सुनने वाला कोई बचा नहीं था। विमान टेक ऑफ करने के कुछ ही मिनटों के भीतर हवाई अड्डे के बाहर सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार देशी विदेशी यात्रियों और क्रू सहित 242 लोगों में से सिर्फ एक खुशकिस्मत यात्री के सिवा कोई नहीं बचा। मेडिकल कॉलेज होस्टल, कैफेटेरिया को भी भारी क्षति पहुंची और 10 से अधिक लोगों की भी मौत हुई है जिनमें कुछ प्रशिक्षु चिकित्सक थे। लंदन जा रहे गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मृत्यु हो गई। स्वाभाविक तौर पर यह कभी न भूलने वाला गम है। हादसे के वास्तविक कारणों का पता तो जांच के बाद ही लग सकेगा, लेकिन कुछ तथ्यों पर तुरंत गौर करना जरूरी है। वह क्या कारण थे कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) उड़ान भरने के बाद 625 फुट से ऊपर नहीं उठ पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विमान के लैंडिग गेयर भी तब तक सिमटे नहीं थे कि पायलट को आपात पुकार लगानी पड़ी, लैंडिग गेयर समेटने की प्रक्रिया स्वचालित होती है। क्या विमान टेक ऑफ के लिए जरूरी गति नहीं पकड़ पाया था। विमान को तेजी से नीचे आते देखा गया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऐसा भी नहीं है कि पायलट कम अनुभवी रहे हों। उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों थी। सभरवाल के पास 8200 घंटे की उड़ान का अनुभव था। हादसे की परिस्थितियां विमान के रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। क्या उड़ान से पहले जरूरी जांचों में लापरवाही बरती गई थी? बोइंग कंपनी के विमानों को लेकर बीते वर्षों में इसमें कई तकनीकी और सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं भी सामने आई हैं। कई बार ड्रीमलाइनर्स मॉडल के सभी विमानों को उड़ान भरने से रोका जा चुका है। कंपनी अभी तक तो सभी आरोपों से इनकार करके बचती रही है। अब वक्त आ गया है कि अहमदाबाद हादसे में मारे गए पायलट की आपात पुकार को हर वक्त सुना जाए और विमानों के मेंटिनेंस में लापरवाही को आपराधिक कृत्य माना जाए ताकि अब कोई और हादसा न हो और देश की छवि पर कोई धब्बा न लगे।

## चिंतन-मनन

### ब्रह्म मुहूर्त में क्यों जागे

साढ़े तीन बजे का महत्व सिर्फ 33 डिग्री अक्षांश तक के लिए ही होता है। 3.40 पर सूर्य उस जगह पहुंच जाता है, जहां उसका सीधा संबंध पृथ्वी से हो जाता है। इस समय उसकी किरणें ठीक आपके सिर के ऊपर होती हैं। जब सूर्य की किरणें धरती के दोनों तरफ एक ही जगह पड़ती हैं, तो इंसान का सिस्टम एक खास तरीके से काम करने लगता है और तब एक संभावना बनती है। इस संभावना के इस्तेमाल करने को लेकर लोगों में जागरूकता रही है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। वैसे तो सूर्य हमेशा आपके सिर के ऊपर ही होता है, लेकिन जब मैं कहता हूं कि सूर्य ठीक आपके सिर पर है तो इसका मतलब है उस समय वह आपके सिर पर लंबवत है। उस समय यह एक विशेष तरीके से काम करता है। यह समय होता है 3.4? से लेकर अगले 12 से 20 मिनट तक।

अब सवाल आता है कि इस समय में हम क्या करें? इस समय में हम ध्यान करें या क्रिया करें? इससे कोई फर्प नहीं पड़ता कि आप क्या करें। इस समय में आपको वही करना चाहिए, जिसमें आपको दीक्षित किया गया है। दरअसल, दीक्षा का मतलब यह नहीं है कि आपको कोई क्रिया सिखाई गई है, इसका मतलब है कि इस क्रिया से आपके सिस्टम को परिचित करा कर आपके सिस्टम में इसे बाकायदा स्थापित किया गया है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। उसकी वजह है कि इस समय धरती आपके सिस्टम के अनुसार काम करती है। अगर आप खास तरीके से जागरूक हो जाते हैं, आपके भीतर एक खास स्तर की जागरूकता आ जाती है तो आपको इस समय का सहज रूप से अहसास हो जाता है। अगर आप सही वक्ति पर सोने चले जाते हैं तो आपको उठने के लिए घड़ी देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपको हमेशा पता चल जाएगा कि कब 3.40 का वक्ति हो गया है, क्योंकि यह वक्ति होते ही आपका शरीर एक अलग तरीके से व्यवहार करने लगेगा।

# अनकहा और अपरिभाषित होता है पिता का प्रेम



विनोद कुमार विक्की



जून माह का तीसरा रविवार पिता के सम्मान प्रेम और योगदान को समर्पित किया गया है। इस वर्ष यह दिवस 15 जून को मनाया जा रहा है।

मातृत्व की महत्ता से अभिभूत तथा मदर्स डे के उपदेशों से प्रेरित होने वाली सोनोरा स्मार्ट डोड ने अपने पिता के सम्मान में 19 जून 1910 को वाशिंगटन के स्पोकेन में पहली बार फादर्स डे मनाने की परंपरा का आगाज किया। पितृत्व त्याग और प्रेम को समर्पित इस दिवस को माता के सम्मान में मनाये जाने वाले मदर्स डे का पूरक माना जाता है। स्मार्ट डोड के पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट, अमेरिकी गृह युद्ध के एक जांबाज योद्धा थे। पहली पत्नी एलिजाबेथ और दूसरी पत्नी एलेन विक्टोरिया चीक की मृत्यु के उपरांत विलियम ने अकेले पिता के रूप में कठिन परिस्थितियों के बावजूद नवजात शिशु सहित अपने छः बच्चों के परवरिश की गहन जिम्मेदारी का निर्वाह किया। अपनी संतान के प्रति उनका अटूट प्रेम, संघर्ष और त्याग ही फादर्स डे के पीछे की प्रेरणा बन गया।

इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं कि लौकिक ईश्वर का दर्जा प्राप्त माता-पिता के त्याग, समर्पण और प्रेम को शब्दों एवं समय की परिधि से बांधा नहीं जा सकता। इनके योगदान के प्रति भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए संभवतः संपूर्ण जीवन भी कम पड़ जाए। भाग-दौड़ भरी व्यस्तता और परिवार के मुखिया के लिए अव्यक्त अभिव्यक्ति के बीच जून का तीसरा रविवार यह मौका देता है कि फादर्स डे के बहाने पिता के योगदान और भूमिका का अहसास कर अपने पिता के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार को खुल कर व्यक्त कर सकें। फादर्स डे पिता के महत्व को पहचानने और उनके योगदान को सराहने का अवसर देता है। यह विशेष दिवस पारिवारिक बंधन को मजबूत करने में पिता की भूमिका का मार्मिक अहसास कराने के साथ ही पिता और बच्चों के बीच के रिश्ते को और भी प्रगाढ़ करने में मदद करता है। परिवार एवं समाज में पिता की भूमिका और उनके महत्व को बढ़ावा देने के साथ ही उनके योगदान को सराहने का अवसर भी प्रदान करता है।

जून के तीसरे रविवार को फादर्स-डे के रूप में मनाये जाने हेतु अमेरिकी राष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने वर्ष 1966 में इसे आधिकारिक मान्यता प्रदान की थी। वर्ष 1972 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने फादर्स डे को एक स्थायी राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। हालांकि सोनोरा स्मार्ट डोड द्वारा प्रारंभ फादर्स-डे मनाये जाने को 1924 में राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज ने समर्थन देने की घोषणा की थी, किंतु आधिकारिक तौर पर इसे वर्ष 1966 में ही मान्यता मिल पायी।

पिता के प्रेम को परिभाषित कर पाना काफी मुश्किल है, क्योंकि यह प्रेम अनकहा और अक्सर अल्प व्यक्त होता है, लेकिन इसका प्रभाव बच्चों के जीवन पर गहरा होता है। पिता का प्रेम एक माँ के प्रेम से अलग होता है। यह प्रेम एक मार्गदर्शक प्रकाश है, जो हर बच्चे के लिए प्रेरणा और शक्ति का स्रोत है। परिवार में पिता की भूमिका संरक्षक एवं मार्गदर्शक का होता है। परिवार के लिए आदर्श स्थापित करने वाले पिता से उनकी संतान ज्ञान, शक्ति और साहस प्राप्त करते हैं। मुश्किल समय में सहारा और भावनात्मक शक्ति पिता से प्राप्त होती है। अनुशासन मिश्रित पिता का प्रेम बच्चों को सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। पिता अपने बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है। वो हमेशा अपनी मेहनत और समर्पण से उन्हें प्रेरित करते हैं।

पिता अपनी संतान को ना केवल दैहिक और आर्थिक सुरक्षा देता है, बल्कि उन्हें सामाजिक पहचान, प्रतिष्ठा और भावनात्मक समर्थन भी प्रदान करता है। प्रेरणा और मार्गदर्शन तथा जीवन के मूल्यों से परिचय कराते हुए बच्चों में साहस, ज्ञान और आत्मविश्वास उत्पन्न करता है। हालांकि यह एक कड़वा सच है कि अक्सर पिता परिवार की आर्थिक जरूरतों एवं संतान की जरूरत को पूरा करने के लिए परिवार एवं बच्चों को ज्यादा समय नहीं दे पाता है। जिस कारण माता की अपेक्षा पिता का प्रेम प्रायः अव्यक्त और अपरिभाषित ही रह जाता है।

माँ है ममता की फर्श, पिता छत और दीवार होता है
माँ से होता है घर जनाब, तो पिता से संसार होता है।

सरल शब्दों में कहा जाय तो सामाजिक दायित्व और पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा सामान्य ऊर्जा और साधारण व्यक्तित्व वाला पिता अपने बच्चों के लिए उसके जीवन का आदर्श और उसका सुपर हीरो होता है।

# ईरान-इजरायल संघर्ष से खतरे में वैश्विक शांति



डॉ. एस.डी. वैष्णव

ईरान और इजरायल के बीच सीधे तौर पर युद्ध की शुरूआत हो चुकी है। दोनों ओर से एक-दूसरे पर बम बरसाए जा रहे हैं और हालात दिन-प्रतिदिन बदतर हो रहे हैं।

चूंकि इजरायल के साथ अमेरिका भी है तो जाहिरैहै, ईरान के लिए मौजूदा वक्त काफी चुनौतीपूर्ण है। ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर अमेरिका और इजरायल लगातार ईरान को चेतावनी दे रहे थे। पिछले वर्ष तेहरान पर अपने बम वषर्क विमानों से हमला करके इजरायल ने वहां हड़कंप मचा दिया था। ऑपरेशन ह्यनेशन ऑफ लायंसह्न के तहत एक बार फिर इजरायल ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स पर बारूद बरसाकर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। इस बार तेहरान पर हुए हमले में इजरायल ने ईरान के आर्मी चीफ जनरल मोहम्मद बाघेरी और ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड क्रॉप्स के कमांडर-इन-चीफ हुसैन सलामी के साथ परमाणु वैज्ञानिक डॉ. फारेदून अब्बासी-दावानी और डॉ. तेहरांची के मारे जाने की पुष्टि की है। इजरायल हमेशा सुनियोजित और पूरी तैयारी के साथ हमले करता है, जिसमें मोसाद की अहम भूमिका रहती है, यह उसी का परिणाम है।

ईरान पर किए गए हमले के बाद ईरान की जवाबी करवाई की आशंका के चलते इजरायल में इमरजेंसी घोषित की गई है। ईरान के लिए यह हमला निश्चित रूप से बड़ी क्षति है। और उसने इजरायल पर जवाबी कार्रवाई शुरू भी कर दी है। ईरान के साथ इराक ने भी अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। उधर इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्स ने कहा है कि हम ईरान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे। इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से जो जुबानी जंग चल रही थी; वह अब बारूदी जंग में बदल गई है। ईरान के इतने महत्त्वपूर्ण लोगों का एक साथ हमले में मारा जाना ईरान के सुरक्षा और खुफिया तंत्र पर सवाल खड़े करता है। इजरायल के लिए निश्चित रूप से यह एक रणनीतिक जीत कही जाएगी। ईरानी सेना प्रमुख जनरल मोहम्मद बाघेरी को ईरानी रिवॉल्यूशनरी गाड्‌र्स (आईआरजीसी) के साथ रणनीतिक और परमाणु नीति निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते देखा जाता रहा है। ईरान के इतने बड़े और महत्त्वपूर्ण पद पर बैठे अधिकारी के मारे जाने से मध्य-पूर्व में युद्ध की आग निश्चित रूप से और बढ़ेगी। हालांकि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु संवर्धन संधि को लेकर अलग-अलग देश में बैठकें जारी थीं और यह बातचीत किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही थी।

अमेरिका इजरायल को ईरान के परमाणु साइट्स पर हमले न करने के लिए लगातार रोक रहा था। हमले के बाद अमेरिका ने कहा है कि इस हमले में उनका कोई हाथ नहीं है, लेकिन ईरान इस हमले को अमेरिका की ओर से उकसावे की रणनीति मानता है। आज जिस युद्धाक्रांत समय के साये में हम जी रहे हैं, वहां से सिर्फ भय और टकराहट की लपटें उठती नजर आती है। उधर रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत होता दिख नहीं रहा है। गाजा पट्टी, लेबनान और सीरिया पर इजरायली बारूद लगातार बरस रहा है। मेरे जेहन में इजरायल का अरब देशों के साथ हुआ 6 दिन का संघर्ष जिसमें इजरायल की जीत हुई थी और इजरायल द्वारा अपने अपहृत नागरिकों को वापस लाने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन थंडरबोल्ट' की याद ताजा है। इजरायल अपने विरोधियों के खिलाफ हर मोर्चे पर आक्रामक रुख अख्तियार करता रहा है। इस बार मध्य-पूर्व में यदि युद्ध विस्तारित हुआ, तो वैश्विक महाशक्तियां इस जंग में अपने कदम अवश्य रखेगी। आईडीएफ, मोसाद और अमेरिकी बैकअप इजरायल की ताकत है, इसलिए मध्य-पूर्व में इजरायल किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा।

बहरहाल, विचलित करने वाला यह समय हमें भीतर तक झकझोरता है। वैश्विक शांति के लिए महाशक्तियों को अपनी साम्राज्य विस्तार की नीतियों पर भी लगाम लगानी होंगी। जय-पराजय का यह समर किस मोड़ पर जाकर रुकेगा, अभी कहा नहीं जा सकता, लेकिन दो महायुद्धों के बीच जन्मी जयशंकर प्रसाद की कामायनी



का यह छंद मनुष्यता के पक्ष में खड़ा नजर आता है- 'दुख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात' इस बात का यकीन दिलाता है कि दुख की पिछली रजनी को लांघकर, कभी-न-कभी सुख का नवल प्रभात अवश्य खिलेगा और उसदिन सारा विश्व समरसता की गूंज से भर उठेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रांस दौरे पर जयशंकर की मैक्रों से मुलाकात, आतंकवाद के खिलाफ समर्थन पर जताया आभार

**पेरिस, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं राष्ट्रपति मैक्रों को पहुंचाईं और आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिले फ्रांस के मजबूत समर्थन के लिए उनका आभार जताया। सोशल मीडिया पर जयशंकर ने दी जानकारी जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर सम्मानित महसूस किया। पीएम मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और आतंकवाद के खिलाफ फ्रांस के मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत में आपसी विश्वास, सहजता और रणनीतिक साझेदारी की महत्वाकांक्षा स्पष्ट रूप से दिखी। बता दें कि जयशंकर इन दिनों अपने यूरोप दौरे पर हैं, जहां वे भारत और यूरोपीय देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराने में जुटे हैं, खासकर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से। इसके साथ ही जयशंकर ने फ्रांस के मार्से शहर में आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से भी मुलाकात की। जयशंकर ने इसे महत्वपूर्ण बातचीत बताया, जिसमें दोनों देशों के बीच सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे पहले जयशंकर ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी और भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की थी।

### इजराइल को ''कड़ी सजा'' दी जाएगी : खामनेई

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को ''कड़ी सजा'' दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में ''इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं''। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।

### ईरान का इजराइल पर जवाबी हमला : 100 से ज्यादा ड्रोन दागे

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमले में 100 से ज्यादा ड्रोन दागे हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने कहा है कि ये ड्रोन अगले 1 से 2 घंटे में इजराइल पहुंच सकते हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक ढ्ढष्ठस्न ने चेतावनी दी है कि ईरान जल्द ही एक बड़ा मिसाइल हमला कर सकता है। इससे पहले आज सुबह इजराइल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गई है। अल-जजीरा के मुताबिक हमले में ईरान के दो प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद मेहदी तेहरांची और फरदून अब्बासी भी मारे गए हैं। इजराइल ने यह दावा किया है कि हमले में ईरान के आर्मी चीफ मोहम्मद बाघेरी, सेना के अन्य बड़े अधिकारी और कुछ वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। इस बीच, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने कहा कि हमारी सेना इजराइल को सजा दिए बिना नहीं जाने देगी।

### उत्तर-पश्चिमी कांगो में नौका डूबने से 30 लोगों की मौत

**किंशासा , एजेंसी।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के उत्तर-पश्चिमी इक्वेटर प्रांत में खराब मौसम के कारण एक नौका के डूब जाने से कई छात्रों सहित कम से कम 30 यात्रियों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों और मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। क्षेत्रीय प्रशासक जस्टिन मपुतु ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नौका बिकोरो क्षेत्र में टुम्बा झील के किनारे ग्रामीणों और सामान को ले जा रही थी, जब बुधवार देर रात यह डूब गई। उन्होंने बताया कि 30 शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि कई अन्य लोग लापता हैं।

### अमेरिकी सांसदों ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सांसदों ने बृहस्पतिवार को हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त की है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है और प्रभावित लोगों की मदद के लिए काम कर रहे आपातकालीन कर्मियों के साथ खड़ा है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य ग्रेस मेंग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह भारत में हुए घातक विमान हादसे के बारे में जानकर बहुत दुखी हैं। सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक, न्यूयॉर्क राज्य से सीनेटर जेरेमी कूनी और सांसद राजा कृष्णमूर्ति समेत अमेरिका के कई सांसदों एवं संस्थाओं ने भी इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। लंदन के गैटविक जा रहा एअर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# ईरान पर हमले के बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की दो टूक, कहा- हमने सबक सिखाया, खतरे को कम किया

**तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान पर किए गए हमले की इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हमारे हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के खतरे को कम करना है। हमें उम्मीद है कि ईरान को करारा सबक सिखाया गया है। उम्मीद है कि यह अब दोबारा नहीं होगा।

**खतरे के खत्म न होने तक जारी रहेगा ऑपरेशन राइजिंग लायन त्न** इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने का एलान किया। उन्होंने कहा कि इस्राइल ने ईरानी ठिकानों पर हमला किया है। कुछ ही समय पहले इस्राइल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया, जो इस्राइल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को कम करने के लिए सैन्य अभियान था। उन्होंने कहा कि यह मिशन खतरे को खत्म करने के लिए जितने दिन लगेंगे, उतने दिन तक जारी रहेगा।

**वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज कर रहा ईरान :** उन्होंने ईरान पर वैश्विक चेतावनियों को दरकिनार करते हुए परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में ईरान ने नौ परमाणु बमों के लिए पर्याप्त संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि तेहरान ने यूरेनियम को हथियार बनाने के लिए कदम उठाए हैं। और कुछ ही महीनों में परमाणु हथियार विकसित कर सकता है। उन्होंने मौजूदा हालात की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध की प्रस्तावना से



की। नेतन्याहू ने कहा कि अस्सी साल पहले यहूदी लोग नाजी शासन द्वारा किए गए नरसंहार के शिकार थे। आज यहूदी राज्य ईरानी शासन द्वारा किए गए परमाणु नरसंहार का शिकार होने से इनकार करता है।

**परमाणु ठिकानों पर किया हमला :** नेतन्याहू ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री के रूप में मैंने इसे बार-बार स्पष्ट कर दिया है। इस्राइल उन लोगों को कभी भी यह लक्ष्य हासिल करने के साधन विकसित करने की अनुमति नहीं देगा जो हमारे विनाश का आह्वान करते हैं। इस्राइल उन शब्दों को कार्रवाई के साथ समर्थन देता है। हमने ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया। हमने ईरान के परमाणु हथियारीकरण कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया। हमने नतांज़ में ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा को निशाना बनाया। हमने ईरानी बम पर काम कर रहे ईरान के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। हमने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के केंद्र पर भी हमला किया।

**ईरान के मिसाइल विकास को लेकर चेताया :** इस्राइल के पीएम ने ईरान के मिसाइल विकास से बढ़ते खतरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पिछले साल ईरान ने इस्राइल पर 300 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इनमें से प्रत्येक मिसाइल में एक टन विस्फोटक होता है और इससे सैकड़ों लोगों की जान को खतरा है। ये मिसाइलें परमाणु पेलोड ले जा सकती हैं, जिससे सैकड़ों नहीं, बल्कि लाखों लोगों की जान को खतरा हो सकता है। ईरान तीन साल के भीतर 10,000 बैलिस्टिक मिसाइलें बनाने की तैयारी कर रहा है। अगर न्यूजर्सी के आकार के देश पर 10,000 टन टीएनटी गिरे। यह एक असहनीय खतरा है। इसे रोका जाना चाहिए।

**हमारे लोग और सैनिक शेर की तरह :** नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की इस्राइल को नष्ट करने की नई योजना में देश को क्षेत्रीय प्रॉक्सी के साथ घेरना और सीधे हमले करना शामिल है। लेकिन इस्राइल के लोग और सैनिक हमारे देश की रक्षा के लिए शेरों की तरह उठ खड़े हुए। हमने हमास को कुचल दिया। हमने हिजबुल्ला को तबाह कर दिया। हमने सीरिया और यमन में ईरानी प्रॉक्सी को मारा। जब ईरान ने पिछले साल दो बार हम पर सीधा हमला किया, तो हमने ईरान के अंदर ही जवाबी हमला किया। फिर भी खुद की रक्षा करते हुए हम दूसरों की भी रक्षा करते हैं।

**हिजबुल्ला को खत्म किया, सीरिया में असद शासन का अंत किया :** उन्होंने कहा कि इस्राइल की कार्रवाई उसकी सीमाओं से परे तक फैली हुई है। हम अपने अरब पड़ोसियों की रक्षा करते हैं। वे भी ईरान के अराजकता और नरसंहार के अभियान से पीड़ित हैं। ईरान के प्रॉक्सी हिजबुल्ला के खिलाफ हमारी कार्रवाई से लेबनान में एक नई सरकार की स्थापना हुई और सीरिया में असद के हत्यारे शासन का पतन हुआ। उन दोनों देशों के लोगों के पास अब एक अलग और बेहतर भविष्य का मौका है।

**ईरानियों से बोले: हमारी लड़ाई आपसे नहीं :** ईरानियों को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि हमारी लड़ाई आपसे नहीं है। हमारी लड़ाई उस क्रूर तानाशाही से है जिसने 46 वर्षों तक आप पर अत्याचार किया है। मेरा मानना है कि आपकी मुक्ति का दिन निकट है। जब ऐसा होगा तो हमारे दो प्राचीन लोगों के बीच महान मित्रता एक बार फिर पनपेगी। हम दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को दुनिया के सबसे खतरनाक हथियार नहीं मिलने देंगे। ईरान उन परमाणु हथियारों को अपने आतंकवादी सहयोगियों को देने की योजना बना रहा है। इससे परमाणु आतंकवाद का दुःस्वप्न और भी वास्तविक हो जाएगा। ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों की बढ़ती रेंज उस परमाणु दुःस्वप्न को यूरोप के शहरों और अंततः अमेरिका तक ले आएगी। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इस्राइल को छोटा शैतान कहता है। वह अमेरिका को बड़ा शैतान कहता है। इसलिए दशकों से उसने लाखों लोगों को इस्राइल और अमेरिका के लिए मौत के नारे लगाने के लिए प्रेरित किया है।

## किसी भी समस्या का समाधान कर सकता हूं, भारत और पाकिस्तान को एक साथ ले आऊंगा: ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से दुश्मनी रही है और वह दोनों देशों को एक साथ ले आएंगे। ट्रंप ने दावा किया कि वह किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में एक विधेयक पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम उन दोनों (भारत और पाकिस्तान) को एक साथ लाने जा रहे हैं। मैंने उनसे-भारत और पाकिस्तान से कहा कि कश्मीर को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से दुश्मनी है और मैं कुछ भी हल कर सकता हूं। भारत लगातार यह कहता रहा है कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों से पूछा कि यह दुश्मनी कब से चली आ रही है, तो उन्होंने कहा 2,000 साल से, जिस पर उन्होंने (ट्रंप ने) मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ओह, यह एक बड़ी समस्या है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने फोन पर बातचीत और व्यापार के जरिये भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का अपना दावा दोहराया। उन्होंने कहा, मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका, मैंने इसे व्यापार के जरिये रोका। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसके बारे में कभी कोई खबर लिखी हुई देखी है, लेकिन यह बहुत, बहुत बढ़िया था। वे तैयारी कर रहे थे। ट्रंप ने कहा कि हमला करने की बारी पाकिस्तान की थी और अंततः वे परमाणु हथियारों का रुख करते। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने इसे रोक दिया। मैंने दोनों से बात की, मैं दोनों देशों के नेताओं का बहुत सम्मान करता हूं। मैं उन्हें जानता हूं और मैंने उनसे बात की। मैंने व्यापार के बारे में बात की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के नेताओं से कहा कि अगर आप युद्ध में उलझेंगे, एक-दूसरे पर परमाणु हथियार दागेंगे, तो आप अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने यह बात उन दोनों (भारत और पाकिस्तान के नेताओं) से कही। उन्होंने मेरी बात को बखूबी समझ लिया और (संघर्ष) रोक दिया।

## कैलिफोर्निया से तकरार तेजः ट्रंप ने रोका गैस संचालित कारों पर बैन, इलेक्ट्रिक कारों की क्षमता पर भी उठाए सवाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कैलिफोर्निया की सरकार के बीच तकरार दिन-प्रतिदिन और गहराता ही जा रहा है। इसी बीच ट्रंप ने गुरुवार को एक ऐसा प्रस्ताव साइन किया, जिससे कैलिफोर्निया में 2035 तक नई गैस से चलने वाली कारों की बिक्री पर बैन लगाने का कानून रुक गया। ट्रंप ने इस कानून को पागलपन भरा और देश के लिए विनाशकारी बताया। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान तीन अहम प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कैलिफोर्निया के गैस कारों पर बैन को रोकना, भारी ट्रकों से निकलने वाले धुएं पर लगाम के नियम हटाना और टेलपाइप से होने वाले प्रदूषण को कम करने वाली नीतियों को खत्म करना शामिल है। इतना ही नहीं व्हाइट हाउस में ट्रंप ने इलेक्ट्रिक कारों की क्षमता और भरोसे पर सवाल उठाए, लेकिन एलन मस्क की कंपनी के लिए कुछ सकारात्मक बातें भी कहीं, हालांकि दोनों के रिश्ते हाल में तनावपूर्ण रहे हैं। ट्रंप के प्रस्ताव पर दस्तखत होने से पहले ही कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि राज्य इस कदम को अदालत में चुनौती देगा। उन्होंने कहा कि ये फैसले न सिर्फ अवैध हैं, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से भरे हुए हैं।

# हेगसेथ बोले- जरूरत पड़ने पर ग्रीनलैंड-पनामा पर कब्जा करेंगे, सिग्नल चैट के इस्तेमाल पर जवाब देने से इनकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पेंटागन ने ग्रीनलैंड और पनामा पर बलपूर्वक कब्जा करने की योजना बनाई है। कांग्रेस की तीखी बहस के दौरान बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को जब उनसे सिग्नल चैट के इस्तेमाल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया। अमेरिकी संसदीय समिति- हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की बैठक के दौरान डेमोक्रेटिक सदस्यों ने हेगसेथ से कई तीखे सवाल पूछे। सबसे कठिन सवाल सैन्य दिग्गजों की ओर से पूछे गए। इस दौरान हेगसेथ ने पेंटागन प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के बारे में पूछे गए कई सवालों के सीधे जवाब देने से बचने की कोशिश की, जिससे बहस और तेज हो गई। हमारा काम संभावित स्थिति के लिए योजना बनानाः हेगसेथ प्रतिनिधि एडम स्मिथ ने हेगसेथ से जब पूछा कि क्या पेंटागन ने ग्रीनलैंड या पनामा पर जबरन कब्जा करने की कोई योजना बनाई है, तो उन्होंने जवाब दिया, हमारा काम हर संभावित स्थिति के लिए योजना बनाना होता है। हेगसेथ के गोलमोल जवाब पर सांसद टर्नर ने किया हस्तक्षेप यह सामान्य बात है कि पेंटागन कई ऐसे संघर्षों की योजना बनाता है जो हो भी सकते हैं और नहीं भी। लेकिन जब हेगसेथ ने इस पर बार-बार गोलमोल जवाब दिए, तो एक



रिपब्लिकन सांसद माइक टर्नर ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा, आपकी गवाही का मतलब यह नहीं है कि पेंटागन ग्रीनलैंड पर हमला करने की तैयारी कर रहा है, सही है? हम ग्रीनलैंड के साथ मिलकर काम करना चाहते हैः हेगसेथ जैसे ही हेगसेथ ने आकस्मिक योजनाओं के बारे में फिर से वही जवाब दोहराया, तो टर्नर ने जोर देकर कहा, मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा ही कहेंगे। इस पर हेगसेथ ने जवाब दिया, हम ग्रीनलैंड के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं ताकि वो किसी भी संभावित खतरे से सुरक्षित रहे। डेमोक्रेट्स की नाराजगी और तीखे आरोप बार-बार सांसदों ने हेगसेथ पर कई सवालों के जवाब नहीं देने का आरोप लगाया, खासकर कैपिटल हिल परपिछले दो दिनों की सुनवाई में। इस दौरान सांसद सालुद कार्बाजल इतने नाराज हो गए कि उन्होंने कहा, आप इस देश के लिए शर्म की बात हैं। आप नेतृत्व के लायक नहीं हैं। आपको तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

सिग्नल चैट पर गोपनीय जानकारी के सवाल तीखी बहस

हेगसेथ पर आरोप है कि उन्होंने दो सिग्नल चैट का इस्तेमाल कर यमन में किए जाने वाले अमेरिकी हमलों की जानकारी अपने परिवार और कुछ अधिकारियों के साथ साझा की। इस पर सवाल उठे कि क्या उन्होंने गोपनीय जानकारी लीक की है? इस पर हेगसेथ ने जवाब दिया कि उन्होंने जो भी जानकारी साझा की, वह गोपनीय नहीं थी। लेकिन सांसद सेठ मौलटन (जो खुद मरीन सेना में रह चुके हैं) ने कहा, आपको अच्छी तरह पता होना चाहिए कि कौन-सी जानकारी गोपनीय है। हेगसेथ ने अपने जवाब में कहा कि जो बात साफ है वो ये कि ये एक सफल सैन्य अभियान था।

## दुख की घड़ी में हैं भारत के साथ, अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर दुनिया भर के नेताओं ने जताया शोक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रामफोसा ने लिखा, दक्षिण अफ्रीका की संवेदनाएं भारत, ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा की सरकारों और लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अहमदाबाद में आज (गुरुवार को) हुए हृदय विदारक हवाई हादसे में अपने नागरिकों को खो दिया। हम आपके दुख में शामिल हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। जॉर्जिया मेलोनी ने एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे से बहुत दुखी हूं। इटली सरकार और अपनी ओर से मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और इस दुख की घड़ी में भारतीय लोगों के साथ अपनी पूरी एकजुटता व्यक्त करती हूं। यूरोपियन



कमीशन के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, भारत से अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर आई है। इस भयानक क्षति के पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। हम आपके दर्द को साझा करते हैं। यूरोप इस दुख की घड़ी में भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, अहमदाबाद में 242 यात्रियों को ले जा रहे एयर इंडिया विमान की दुखद दुर्घटना से स्तब्ध हूं। हम सभी शोक संतप्त लोगों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना में शामिल हैं। बांग्लादेश इस कठिन समय में भारत के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता में खड़ा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमरा दिसानायके ने कहा, अहमदाबाद के पास एयर इंडिया की उड़ान एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से बहुत दुखी हूं। हम विमान में सवार सभी प्रभावित लोगों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। नागरिक का हताहत होना भी उतना ही दुखद है, जिनमें युवा मेडिकल छात्र भी शामिल हैं, जिनका जीवन और भविष्य इस त्रासदी से प्रभावित हुआ है। इस गहरे दुख की घड़ी में, श्रीलंका के लोग भारत के साथ एकजुटता में खड़े हैं। भारत स्थित ईरानी दूतावास में विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। दूतावास के बयान में कहा गया, इस्लामी गणराज्य ईरान यात्री विमान की दुखद दुर्घटना पर अपना गहरा दुख और हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। हम भारत सरकार और भारत के लोगों, विशेष रूप से पीड़ितों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती अवैध; संघीय जज का आदेश

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** लॉस एंजिलिस में आव्रजन के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती के फैसले को संघीय अदालत ने खारिज कर दिया है। संघीय न्यायाधीश ने एक आदेश में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैलिफोर्निया से नेशनल गार्ड हटाने के लिए कहा है। आदेश में कहा गया कि गार्ड की तैनाती अवैध है। यह 10वें संशोधन का उल्लंघन है तथा ट्रंप के वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि आव्रजन दमन के विरोध में शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में करीब चार हजार नेशनल गार्ड की तैनाती का आदेश देकर अपनी सीमा का अतिक्रमण किया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने पहले ही गार्ड को उचित तरीके से नहीं बुलाया था। जज ने कहा कि इस देश की स्थापना एक राजा के प्रति सम्मान के रूप में की गई थी, और संविधान सीमाओं का एक दस्तावेज है। मैं यह पता लगाने का प्रयास कर रहा हूं कि सीमाएं कहां खींची गई हैं? कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उन्होंने आपातकालीन याचिका दायर कर जज से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने का अनुरोध किया। गवर्नर ने तर्क दिया कि सैनिकों को संघीय भवनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। कोर्ट से अपील की गई थी



कि सैनिकों को छापों के दौरान आव्रजन एजेंटों की सुरक्षा करने से रोके। उन्होंने कहा कि गार्ड को शामिल करने से केवल तनाव बढ़ेगा और नागरिक अशांति को बढ़ावा मिलेगा। मेजर जनरल स्कॉट शेरमैन ने कहा कि बुधवार तक लगभग 500 गार्ड सैनिकों को आव्रजन अभियानों में एजेंटों के साथ जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। एजेंटों को सुरक्षा प्रदान करने वाले गार्ड सैनिकों की तस्वीरें आव्रजन अधिकारियों द्वारा पहले ही प्रसारित की जा चुकी हैं। शेरमैन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जो लॉस एंजिलिस में भेजे गए गार्ड सैनिकों और मरीन की देखरेख कर रहे हैं। बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने हालिया विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में 4,000 नेशनल गार्ड और 700 मरीन तैनात किए हैं। मामले में ट्रंप प्रशासन का कहना है कि ये तैनाती फेडरल इमारतों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए है।

## इजराइल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने तबाह किए: 2 सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की मौत

**तेहरान, एजेंसी।** इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के एटमी और दूसरे सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया है। इसमें ईरान के 2 बड़े सैन्य अधिकारी और 2 परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि राजधानी तेहरान में शाहरक शाहिद महालती नामक जगह पर हमला हुआ। यहां पर हाई रैंक वाले ईरानी सैन्य अफसर रहते हैं। हमले में 3 इमारतें तबाह हो गई हैं। एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने दावा किया कि ईरान गुपचुप तरीके से परमाणु हथियार बना रहा है और उसके पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने लायक सामग्री है। इसे रोकने के लिए यह हमला किया गया। इजराइल के हमले में ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। देश के सरकारी टेलीविजन ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। टेलीविजन में समाचार प्रस्तोता ने एक बयान पढ़ा जिसमें कहा गया, ''जनरल हुसैन सलामी की हत्या कर दी गई है।'' हालांकि बयान में इसके अलावा कोई जानकारी नहीं दी गई। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य स्थलों, उसके परमाणु कार्यक्रम का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों और उसके बैलिस्टिक मिसाइल शस्त्रागार को निशाना बनाया है।

### उन 6 जगहों के बारे में जानिए जहां हमला हुआ

**1. नतांज- ईरान का मेन परमाणु फैसिलिटी सेंटर :** हमला क्यों हुआ- यहां एडवांस सेंट्रीफ्यूज लगे हैं जो यूरेनियम को हथियार-योग्य स्तर तक ले जा सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इसे ईरान का सबसे बड़ा परमाणु खतरा बताया। आईएईए रिपोर्ट- साइट को भूमिगत 7.6 मीटर मोटी दीवार से ढका गया था, लेकिन फिर भी हमले में मुख्य ट्रांसफॉर्मर को नुकसान हुआ।

**2. तेहरान- ईरान की राजधानी, कई अहम मिलिट्री ठिकाने :** ईरान की राजधानी, जहां प्रमुख सैन्य और परमाणु अधिकारी रहते हैं। यहां पर आईआरजीसीकमांडर हुसैन सलामी, सेनाध्यक्ष मोहम्मद बघेरी और परमाणु वैज्ञानिकों के ठिकानों पर हमला किया गया। हमला क्यों हुआ- इजराइल ने नेतृत्व पर सीधा हमला कर यह जताया कि वो ईरान के सबसे सुरक्षित केंद्रों तक पहुंच सकता है।

**3. इस्फहान- परमाणु टेक्नोलॉजी सेंटर :** इस शहर में यूरेनियम कन्वर्जन फैसिलिटी है, जहां कच्चे यूरेनियम को गैस में बदला जाता है। यहां न्यूक्लियर फैसिलिटी की शुरुआत साल 1999 में हुई। इस शहर में ईरान का एक बड़ा एयरबेस भी है, यहां पुराने अमेरिकी स्न-14 टॉमकैट फाइटर जेट रखे गए हैं, जो ईरान ने 1979 की क्रांति से पहले खरीदे थे। माना जा रहा है कि इस बार के हमले में एयरबेस पर स्थित एक रडार केंद्र को निशाना बनाया गया था। इस्फहान में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियां भी हैं, जिनमें से एक पर पिछले साल भी इजराइल ने हमला किया था। इस बार 3 ड्रोन से यहां हमला हुआ। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि दो ड्रोन मार गिराए गए और एक ने फैक्ट्री की छत को थोड़ा नुकसान पहुंचाया।

हमला क्यों हुआ- ईरान की वायुसेना और रक्षा सिस्टम को कमजोर करना और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों को हथियार मिलने से रोकना।

**4. अराक- हैवी वाटर रिएक्टर :** अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। इससे प्लूटोनियम बन सकता है। यह परमाणु हथियार बनाने का एक और तरीका है। हमला क्यों हुआ- ईरान के एटमी प्रोग्राम के दूसरे रास्ते को भी रोकना।

**5. तबरीज- न्यूक्लियर रिसर्च सेंटर, सैन्य बेस और एक बड़ा तेल रिफाइनरी :** ईरान के अजरबैजान प्रांत की राजधानी है। यहां कई मिलिट्री वेयरहाउस, मिसाइल प्रोडक्शन यूनिट और ढ्ढक्रत्रष्ट से जुड़े ठिकाने हैं। हमला क्यों हुआ- सैन्य और आर्थिक ढांचे को कमजोर करना।

**6. करमनशाह- यूरेनियम कन्वर्जन फैसिलिटी :** ईरान के मिसाइल बेस और औद्योगिक कॉम्प्लेक्स इराक सीमा के पास हैं।

हमला क्यों हुआ- अक्टूबर 2024 के ईरानी मिसाइल हमलों के बाद, करमनशाह से संभावित जवाबी हमलों को रोकना।

# 27 साल का लंबा इंतजार खत्म कर साउथ अफ्रीका ने रचा इतिहास ऑस्ट्रेलिया को हराकर बनी डब्ल्यूटीसी 2025 चैंपियन

**लंदन(एजेंसी)।** 27 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार साउथ अफ्रीका टीम ने टेम्बा बावुमा की कप्तानी में चोकर्स का दाग हटा दिया है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 की चैंपियन बनी है।

इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी खिताब जीता है। इससे पहले इस टीम ने साल 1998 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीती थी जो अब चैंपियंस ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। जीत के लिए साउथ अफ्रीका को 282 रनों की जरूरत थी। एडेन मार्करम के बेहतरीन शतक और कप्तान बावुमा की चोट के बाद जुझारू 66 रनों की पारी के दम पर साउथ अफ्रीका ने ये टारगेट 83.4 ओवरों में हासिल कर ऑस्ट्रेलिया के खिताब बचाने के अरमानों पर पानी फेर दिया।

इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉपी जीती थी। इसके साथ ही प्रोटियाज टीम आईसीसी के दो टाइटल के बीच सबसे लंबा इंतजार करने वाली टीम बन गई है। उन्होंने वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है।

ये जीत साउथ अफ्रीका के लिए आसान नहीं थी। उसके गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रनों पर ढेर कर दिया था। लेकिन बल्लेबाज पहली पारी में सिर्फ 138 रनों पर ढेर हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया के पास पहली पारी के आधार पर 74 रनों की बढ़त थी। लॉर्ड्स की पिच को देखते हुए बड़ी बात थी। साउथ अफ्रीका हार मानने के मूड में नहीं थी वो जानती थी कि ऑस्ट्रेलिया बड़े स्कोर की फिराक में होगी। बावुमा ने अपनी रणनीति से ऐसा जाल बिछाया कि कंगारू टीम के लिए रन बनाना मुश्किल हो गया। दूसरी पारी में 73 रनों पर ही ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट खो दिए। आखिर में मिचेल स्टार्क ने नाबाद 58 रनों की पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापस ला दिया। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 207 रनों पर ढेर हो गई।

साउथ अफ्रीका को मिला मजबूत लक्ष्य जिसे बनाना आसान नहीं था। साथ ही मिचेल स्टार्क ने रियान रिकेल्टन को तीसरे ओवर में ही पवेलियन भेज साउथ अफ्रीका को झटका दे दिया। स्टार्क ने ही वियान मुल्डर को 70 के कुल स्कोर पर आउट कर दिया।

इसके बाद तीसरे दिन जिम्मेदारी एडेन मार्करम और बावुमा पर थी। दोनों ने विकेट पर पैर जमाए और रन बनाने शुरू किए। इस बीच बावुमा को मांसपेशियों में खिंचाव हुआ लेकिन वह रुके नहीं। मार्करम के साथ उन्होंने शतकीय साझेदारी को अंजाम दिया। मार्करम को कप्तान का साथ मिला और इसका फायदा उन्होंने उठाते हुए शतक जमा दिया। तीसरा दिन जब खत्म हुआ तो साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 69 रन चाहिए थे और उसकी जीत पक्की लग रही थी।

फिर चौथे दिन यानी शनिवार को शुरआत साउथ अफ्रीका को दो विकेट का झटका लगा। बावुमा चोट के कारण अपना विकेट गंवा बैठे उन्हें पैट कमिंस ने उनकी पारी को विराम दिया। इस दौरान बावुमा ने 134 गेंदों में 66 रन की बेहतरीन और अहम पारी खेली। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स भी महज 8



रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन मार्करम क्रीज पर जमे थे और उन्होंने पूरी कोशिश करते हुए आखिर तक टीम को जीत की राह पर ले गए। हालांकि, 136 रन बनाकर मार्करम भी अपना विकेट गंवा बैठे इस दौरान उन्होंने 14 चौके जड़े।

आखिर में डेविड बेडिंघम ने नाबाद 21 रन और काइल वेरीयेने ने नाबाद चार रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इसी केसाथ साउथ अफ्रीका और टेम्बा बावुमा वो टीम और कप्तान बन गए हैं जिन्होंने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को मात दी है।

# हार के बाद पैट कमिंस बोले- जीत की हकदार थी साउथ अफ्रीका, उन्होंने मौकों का फायदा उठाया

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।

मैच के बाद के कमिंस ने कहा 'चीजें बहुत जल्दी बदल सकती हैं। हमेशा कुछ चीजें होती हैं। हमारे पास पहली पारी में अच्छी बढ़त थी और हमने उन्हें आउट करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।'' ऑस्ट्रेलिया ने मैच की शुरुआत मज़बूती से की, पहली पारी में 67 रन की अहम बढ़त हासिल की। लेकिन दूसरी पारी में उनके पतन ने दरवाज़ा खोल दिया, और प्रोटियाज़ ने एडेन मार्करम की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत चौथे दिन शानदार तरीके से जीत दर्ज की। कमिंस ने कहा '' ऐसा लग रहा था कि विकेट सपाट हो गया



है, लेकिन उम्मीद थी कि यह बदल सकता है और दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। लियोनो (नाथन लियोन) खतरनाक लग रहे थे, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। एडेन शानदार थे। दक्षिण अफ्रीका चैंपियन बनने के हकदार थे।'

ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी चक्र में शानदार प्रदर्शन किया है जिसमें एशेज रिटेंशन और कई विदेशी जीत शामिल हैं। कमिंस ने कहा '' लॉर्ड्स में यह सब एक साथ नहीं हुआ। यह दो साल शानदार रहे हैं, लेकिन शायद यह दोनों ही चीजें निष्पादन और परिस्थितियाँ इस खेल में काम नहीं आईं।' उन्होंने प्रतियोगिता में बने रहने और मौकों का फ़ायदा उठाने की दक्षिण अफ़्रीका की क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने प्रोटियाज़ के जोशीले प्रदर्शन की तारीफ करते हुये कहा, '' उन्होंने खुद को खेल में बनाए रखा और मौकों का फ़ायदा उठाया।''

# भारतीय टीम के साथ सीरीज में क्रॉली और ओली की परीक्षा होगी : बॉयकॉट

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने कहा है कि युवा बल्लेबाजों जैक क्रॉली और ओली पोप के लिए भारत के खिलाफ सीरीज में खेलना आसान नहीं होगा। बॉयकॉट के अनुसार क्रॉली के लिए पिछले कुछ महीने काफी मुश्किल रहे हैं। न्यूजीलैंड में वे रनों के लिए तरसते दिखे। उनका औसत 9 से कम रहा और वह सभी छह पारियों में मैट हेनरी का शिकार बने। वहीं ओली के साथ भी ऐसा ही हुआ। हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में 196 रन की पारी खेलने के बाद भी आगे के मैचों में उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही।

बॉयकॉट ने कहा, 'हम अभी कह नहीं सकते कि ये दोनो ही अपनी तकनीकी और मानसिक समस्याओं से उबर गये हैं। जिम्बाब्वे में दोनो ने शतक जरुर लगाये पर तब गेंदबाजी



बेहद औसत दर्जे की रही थी। बॉयकॉट ने कहा, ' जिम्बाब्वे के पास मध्यम गति के गेंदबाज थे, इसी कारण वे क्रॉली और पोप की बल्लेबाजी में किसी भी तरह की कमी को सामने नहीं ला पाये। वहीं अब भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज से ही इनकी बल्लेबाजी का स्तर पता चलेगा। तभी ये देखा जा सकेगा कि बेहतर गेंदबाजों के खिलाफ वह वास्तव में खेल पाते हैं या नहीं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

# यह जानना महत्वपूर्ण है कि कब तैयार रहना है : प्रसिद्ध कृष्णा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है और अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है।

प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर



जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें।' उन्होंने कहा,''जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है।'

प्रसिद्ध ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम सभी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब स्विच ऑन और कब स्विच ऑफ करना है।' गुजरात टाइटंस की तरफ से आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाले प्रसिद्ध ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले यहां कुछ अभ्यास मैच खेलने से टीम को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा, '''हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है। आज भी हमने यही किया। यह एक अच्छी, बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया। जब आप अपने आपस में ही मैच खेलते हैं तो बहुत अच्छा लगता है।' बीसीसीआई के अपडेट के अनुसार अभ्यास मैच के पहले दिन कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने अर्धशतक बनाए, जबकि शार्दुल ठाकुर विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल थे।

# भारतीय गेंदबाजी का उभरता सितारा है प्रणव राघवेंद्र



बेंगलुरु । भारतीय अंडर 19 टीम में शामिल 17 साल के उभरते हुए तेज गेंदबाज प्रणव राघवेंद्र आजकल जमकर अभ्यास में लगे हैं। प्रणय ने हाल ही में अभ्यास सत्र में 147.3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सभी को प्रभावित किया था। ऐसे में उन्हें भविष्य का सितारा बताया जा रहा है। प्रणव ने 6 साल की उम्र में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ के मार्गदर्शन में शुरुआत की थी। 139 किमी प्रति घंटे की उनकी रफ्तार देखकर मैकग्राथ भी प्रभावित हुए थे। प्रणव का सपना कई अन्य तेज गेंदबाजों की तरह पाकिस्तान के शोएब अख्तर का 161.3 किमी प्रति घंटे का रिकॉर्ड तोड़ना है। प्रणव ने तमिलनाडु के लिए 2024 में असम और रेलवेज के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए। इसके बाद उन्होंने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। प्रणव भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा हैं और इंग्लैंड दौरे के लिए तैयार है। इस गेंदबाज को बल्लेबाजों को बाउंसर व सटीक लाइन व लेंथ से परेशान करना अच्छा लगता है। वह तेजी के लिए स्पीड गन नहीं अपनी फिटनेस पर ध्यान देता हैं।

# पहली बार पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा, नया रिकॉर्ड बनाने पर नजर



नई दिल्ली। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरच चोपड़ा 20 जून को होने वाले पेरिस डायमंड लीग में खेलने उतरेंगे। नीरज आठ साल बाद इस टूर्नामेंट के पेरिस चरण में हिस्सा लेंगे। नीरज लगातार दो टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे हैं और उनकी नजरें अब इस प्रतियोगिता में टॉप पर रहने की होगी। नीरज ने पिछले साल ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण इसमें हिस्सा नहीं लिया था। नीरज ने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि नीरज और दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं। पीटर्स 16 मई को दोहा डायमंड लीग और 23 मई को पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में नरीज के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। वहीं नीरज ने 2025 सत्र की शुरुआत साउथ अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में एक आमंत्रण प्रतियोगिता में खिताब के साथ की। ये एफ श्रेणी की मामूली प्रतियोगिता थी जिसमें उन्होंने 84.52 मीटर का थ्रो किया।

# अगले साल आईपीएल ट्रॉफी जीतेगी पंजाब : शशांक

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स की ओर से अच्छी बल्लेबाजी करने वाले शशांक सिंह ने कहा है कि इस बार उनकी टीम भले ही 6 रनों से खिताब नहीं जीत पायी है पर अगले सत्र में वह विजेता बनेगी। शशांक ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ फाइनल में शानदार बल्लेबाजी कर सबसे अधिक रन बनाये थे। आखिरी क्षणों में खेली उनकी आक्रामक पारी की बदौलत ही पंजाब टीम 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 184 रनों तक पहुंची थी। शशांक ने कहा कि अंतिम ओवर में जोश हेजलवुड की फुल टॉस पर शॉट नहीं लगा पाने की बात से वह अब भी निराश हैं। साथ ही कहा कि पंजाब किंग्स अगले साल भी फाइनल में पहुंचेगी और ट्रॉफी जीतकर ही रहेगी।

शशांक ने में कहा, मैंने अंतिम दो ओवरों का हिसाब लगाया था, भुवनेश्वर कुमार को यॉर्कर पसंद है, इसलिए मैंने उनसे कम से कम 16 से 17 रन बनाने की योजना बनाई थी। मेरा हिसाब था कि आखिरी ओवर में हमारा लक्ष्य 6 गेंदों में 24 रन होना चाहिए पर भुवनेश्वर के ओवर में मुझे केवल 13 रन ही मिले, इसलिए अंतिम ओवर में 30 रन चाहिए थे।

उन्होंने कहा, मानसिक रूप से, मेरा दिमाग हेजलवुड की पहली गेंद पर यॉर्कर लेने के लिए तैयार था। इसलिए मैंने अपने को तैयार किया था पर मैंने कभी भी फुल टॉस की उम्मीद नहीं की। वहीं अब मुझे लगता है, अगर मैं इसे कनेक्ट कर लेता, भले ही यह बल्ले के हैंडल पर लग जाता, तो मैं अधिकतम रन बना सकता थाक्योंकि फाइन-लेग पास था। मैं उनसे वाइड की उम्मीद कर रहा था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब मैंने स्कोरबोर्ड देखा, जिसमें बताया गया था कि आखिरी गेंद पर 12 रन चाहिए, तो मुझे पता था कि अब कुछ नहीं हो सकता है। फुल टॉस पर रन नहीं बनाने से वह



परेशान हैं। उन्होंने कहा, मैं एक मजबूत व्यक्ति हूं, लेकिन जब मैंने पांचवीं गेंद पर छक्का मारा और मैंने देखा कि आखिरी गेंद पर 12 रन चाहिए थे, तो मैं खुद को नियंत्रित नहीं कर सका। मुझे एहसास हुआ कि सब खत्म हो गया है। जब मैं ड्रेसिंग रूम में आया, तो हर कोई आया और पूछा, मैं क्यों रो रहा हूं? मैंने उनसे कहा, मुझे अपने आप आंसू आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गया, लोगों ने मेरी बल्लेबाजी की सराहना कीपर सभी मुझे उस एक फुल टॉस मिस की याद दिला रहे थे। मुझे बहुत बुरा लगा। गेंद मेरे कूल्हे पर थी, स्क्वायर लेग ऊपर था, मुझे बस उसे बल्ले को हिट करना था, जो मैं नहीं कर सका।।

# यूएई और अफगानिस्तान के साथ त्रिकोणीय सीरीज खेलने की योजना बना रहा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) यूएई और अफगानिस्तान के साथ अगस्त में त्रिकोणीय सीरीज आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए उसने अफगानिस्तान बोर्ड के साथ बातचीत भी शुरू कर दी है। अफगानिस्तान को सीमित ओवरों की सीरीज के लिए अगस्त में पाकिस्तान का दौरा करना है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, ''पाकिस्तान और भारत के बीच खराब होते संबंधों के कारण अब एशिया कप के सितंबर में भारत में होने की संभावना नहीं है, इसलिए पीसीबी एक और त्रिकोणीय सीरीज के प्रस्ताव पर काम कर रहा है।''उन्होंने कहा, '' वहीं अगर एशिया कप का आयोजन अगर यूएई में होता है तो पाकिस्तान अगस्त में अफगानिस्तान और यूएई के साथ दुबई में त्रिकोणीय सीरीज खेलेगा। यह अफगानिस्तान के पाकिस्तान दौरे की जगह पर खेली जाएगी।'' उन्होंने कहा कि पीसीबी त्रिकोणीय सीरीज के आयोजन के लिए दोनों क्रिकेट बोर्ड के साथ पहले से ही बातचीत कर रहा है। साथ ही कहा, ''अगर



एशिया कप रद्द या स्थगित होता है तो पीसीबी चाहता है कि अफगानिस्तान और यूएई की टीमें अगस्त में पाकिस्तान में त्रिकोणीय सीरीज खेलें।'' पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के मौजूदा अध्यक्ष है। एसीसी एशिया कप पर निर्णय लेने के लिए जल्द ही बैठक करेगी। उन्होंने कहा, ''भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक घरेलू मैदान पर एशिया कप की मेजबानी करने की अपनी इच्छा की पुष्टि नहीं की है। ऐसे में यह देखना होगा कि एसीसी टी20 प्रारूप में प्रस्तावित एशिया कप को लेकर क्याफैसला लेती है।''एशिया कप को सितंबर में खेला जाना है और इसकी मेजबानी का अधिकार भारत के पास हैं। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले तय किये गये हाइब्रिड मॉडल के अनुसार पाकिस्तान इस टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगा।

# सबसे ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी विजेता देश ऑस्ट्रेलिया, भारत दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक देश आज एक और आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर लेगा। पहले तीन दिन के खेल के बाद द.अफ्रीका का पलड़ा भारी है। शनिवार को चौथे दिन पहले ही सेशन में रिजल्ट आ जाएगा। अगर द. अफ्रीका जीतता हैं, तब यह उसकी दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी। और ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी तब उसके नाम 11वीं ट्रॉफी होगी। आईसीसी यानी इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था है, जो पूरी दुनिया में इस खेल को संचालित करती है। इसमें पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों शामिल हैं। 1973 में पहला आईसीसी वर्ल्ड कप (महिला) खेला गया, इस इंग्लैंड ने जीता था। पुरुष क्रिकेट में पहली आईसीसी ट्रॉफी 1975 में वेस्टइंडीज ने जीती थी। पुरुष क्रिकेट में आईसीसी चार कैटेगरी में वैश्विक टूर्नामेंट आयोजित करती है। वनडे वर्ल्ड कप, टी20 वर्ल्ड कप, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और चैंपियंस ट्रॉफी। इन सभी को मिलाकर ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 10 खिताब जीते हैं। उसके नाम ही सबसे अधिक आईसीसी ट्रॉफी का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 6 वनडे वर्ल्ड कप और एक टी20 वर्ल्ड कप जीता है। साथ ही एक-एक चैंपियंस ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी टाइटल भी जीता है। लेकिन अगर आज दक्षिण अफ्रीका मैच जीत जाता हैं तब 27 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम करेगा। इसके पहले सिर्फ एक बार आईसीसी टूर्नामेंट जीता है।

# शुभमन गिल की कप्तानी पर अश्विन ने कहा: 'उम्मीद है कि उन्हें अच्छी शुरुआत मिलेगी ताकि कोई सवाल न उठे'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ से पहले शुभमन गिल की भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में नियुक्ति पर अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ खिलाड़ियों रोहित शर्मा के संन्यास के बाद यह सीरीज़ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत है और विराट कोहली टेस्ट से और अश्विन खुद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से। अश्विन ने कहा, 'मुझे लगता है कि गिल पहले से ही उस ध्यान और जिम्मेदारी से बहुत अभिभूत हैं जो उन्हें मिल रही है। अगर मैं उनकी जगह होता और इतने दबाव वाले काम पर होता, तो मैं बल्लेबाज के तौर पर बहुत अच्छी शुरुआत करना चाहता।' उन्होंने बताया कि इंग्लैंड में बल्लेबाजी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और गिल को कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर खुद को साबित करना होगा।

उन्होंने कहा, 'बल्लेबाज के तौर पर, उनके



स्थान को लेकर कई सवाल उठेंगे, क्योंकि इंग्लैंड में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल हो सकता है। लेकिन अगर वह रन बनाते हैं, तो रन बनाने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और यह कप्तानी पर भी असर डालेगा।' गिल को 'बहुत खास खिलाड़ी÷ बताते हुए अश्विन ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह किसी भी सवाल से बचने के लिए बहुत अच्छी शुरुआत करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि ऋषभ शुभमन की तुलना में सीरीज में बहुत अधिक निश्चितता के साथ उतरेंगे। टेस्ट क्रिकेट में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती और विकसित होती है। हाल ही में रांची में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में शुभमन की दूसरी पारी में 50 रन की पारी ने उनके रवैये और बदलाव की क्षमता को दर्शाया।'

अश्विन ने विराट कोहली के संन्यास पर भी बात की, जिन्होंने इंग्लैंड सीरीज से कुछ ही हफ्ते पहले 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से बाहर होने की घोषणा की थी। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को आगामी सीरीज में कोहली की कमी खलेगी, अश्विन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि जिसने भी खेल खेला है या खेलेगा, वह खेल से बड़ा है। मैदान पर कोई भी व्यक्ति खेल के लिए अच्छा नहीं करता - खेल उनके लिए अच्छा या बुरा करता है। मुझे विराट पसंद है, लेकिन वह आया, खेल खेला, खेल को छोड़ा, इसे एक बेहतरीन जगह पर छोड़ा। इसे आगे ले जाने का काम किसी और का है।' उन्होंने उम्मीद जताई कि गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल जैसे युवा खिलाड़ी इस अवसर पर खरे उतरेंगे। 'अब शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल जैसे प्रतिभाओं के रवैये और इच्छा को आगे बढ़ाने का इंतजार है।

अब यह देखने का समय है कि क्या वे विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों द्वारा इन सभी वर्षों में मैदान पर दिखाई गई तीव्र ऊर्जा को दोहरा सकते हैं। अश्विन ने कहा, 'यह कहने के बाद, टीम में हर किसी की जिम्मेदारी है कि वह उस ऊर्जा और इच्छा को दिखाए।' यह श्रृंखला जून से अगस्त 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसके मैच लीड्स में हेडिंग्ले, बर्मिंघम में एजबेस्टन, लंदन में लॉर्ड्स और द ओवल और मैनचेस्टर में ओल्ड ट्रैफर्ड में निर्धारित हैं।

**इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# हरभजन बोले नंबर तीन पर सुदर्शन को उतारें, शुभमन चौथे नंबर पर उतरें

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम आजकल युवा कप्तान शुभमन गिल के साथ इंग्लैंड दौरे पर है जहां उसे 20 जून से पहला टेस्ट खेलना है। इस सीरीज में किस खिलाड़ी को नंबर तीन पर उतारा जाये। ये अभी तक साफ नहीं हुआ है। इस स्थान के लिए शुभमन गिल और करुण नायर के नाम सामने आ रहे हैं। अभी तक शुभमन तीसरी नंबर पर उतरते थे जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर उतरते थे लेकिन रोहित और विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से भारतीय टीम में अब अधिकतर युवा खिलाड़ी हैं। ऐसे में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की भी जरुरत है। इसको देखते हुए दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि साई सुदर्शन को तीसरे जबकि शुभमन गिल को चौथे नंबर पर उतरना चाहिये। हरभजन सिंह ने कहा कि साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और वह जबरदस्त फॉर्म में हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने ऑरेंज कैप जीती थी। हरभजन ने कहा, मेरे हिसाब से साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर खेलना चाहिए। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट के बाद आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी तकनीक अच्छी है और मेरा मानना है कि वह इस स्थान के लिए सही विकल्प हो सकते हैं। हरभजन ने यह भी कहा कि इंग्लैंड दौरा नए कप्तान शुभमन गिल के लिए बड़ी चुनौती होगा क्योंकि टीम में अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं। इस पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा, शुभमन नए कप्तान हैं और टीम काफी युवा है। इसमें रोहित, विराट, पुजारा या यहां तक कि अजिंक्य रहाणे भी नहीं हैं। यह चुनौतीपूर्ण होने वाला है पर मुझे उम्मीद है कि हमारे युवा खिलाड़ी इस अवसर का लाभ उठाएंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# खाजूवाला तिहरा हत्याकांड का मुख्य आरोपी कर्नाटक का तांत्रिक पकड़ से बाहर, दो संदिग्धों से पूछताछ

## 50 लाख में से 45 लाख रुपए सरकारी डॉक्टर के थे, हत्या और पुरुषों की चोरी का मामला दर्ज, मृतकों के शव परिवार वालों को सौंप गए

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



बीकानेर जिले के खाजूवाला शहर में हुए तिहरा हत्याकांड का मुख्य आरोपी कर्नाटक का एक तथाकथित तांत्रिक फिलहाल पुलिस की पकड़ से बाहर है, लेकिन उसके दो कथित सहयोगियों को कल देर रात मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन से काबू कर लिया। यह सहयोगी मनोज वर्मा झारखंड और रामस्वरूप जोधपुर का निवासी हैं। इनके पास उड़ाए गए 50 लाख रुपए में से कुछ नहीं मिला। मुख्य आरोपी कर्नाटक निवासी वी. शिवख नमक तथाकथित तांत्रिक बताया जाता है जो कि 50 लाख रुपए लेकर फरार है। इसमें से 45 लख रुपए खाजूवाला के एक सरकारी डॉक्टर के हैं। इस बीच पुलिस ने नशीला जहरीला हलवा खाने से मारे गए तीन व्यक्तियों गफ्फार (45) निवासी खाजूवाला तथा शैतानसिंह और विक्रमसिंह निवासी जिला अजमेर के शव आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिए। खाजूवाला के डीएसपी अमरजीत चावला ने बताया कि गफ्फार के पुत्र सलमान के बयान के आधार पर हत्या और रुपए चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी बेंगलुरु (कर्नाटक) निवासी तथाकथित तांत्रिक वी. शिवा की तलाश की जा रही है।उसी के पास 50 लाख रुपए होने का कनुमान है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रॉपर्टी के धंधे में आर्थिक रूप से फसे गफ्फार को नोट दुगने-तिगने करने के लिए शैतानसिंह और विक्रमसिंह ने तांत्रिक वी. शिवा से संपर्क करवाया था। गफ्फार पर विश्वास जमाने के लिए तांत्रिकों के इस गिरोह ने पहले उसे छोटी रकम दुगनी करके दी। गफ्फार से लिए 50 हज़ार रुपए लिए और दो-तीन दिन बाद एक लाख रुपये दे दिए। फिर एक लाख लेकर 2 लाख रुपए दे दिए। इससे गफ्फार को विश्वास हो गया कि यह लोग नोट दुगनी कर देंगे। अगली बार उसने नोट दिए तो आरोपियों ने कहा कि बड़ी रकम लेकर आओ। इस बार बड़ी रकम दोगुनी की जाएगी। बड़ी रकम गफ्फार के पास नहीं थी।गफ्फार ने अपने जानकार एक मेडिकल स्टोर संचालक राजेंद्र से बात की। राजेंद्र ने एक सरकारी डॉ. पूनाराम से गफ्फार से बात करवाई। डीएसपी अमरजीत चावला के अनुसार डॉ. पूनाराम लालच में आ गया। उसने 45 लाख रुपए देने की हामी भरी। बाकी 5 लाख रुपए की व्यवस्था गफ्फार और राजेंद्र ने की । रूपयों का इंतजाम होने पर शैतानसिंह और विक्रम सिंह ने तांत्रिक शिवा को बताया। वह विगत बुधवार को मनोज वर्मा तथा रामस्वरूप को लेकर खाजूवाला में गफ्फार के घर आ गया। उसने गफ्फार की पत्नी और अन्य महिलाओं व बालिकाओं को यह कहकर पीहर भिजवा दिया की तंत्र-मंत्र साधना के समय उनकी मौजूदगी सही नहीं है। उसी दिन ही गफ्फार की पत्नी अपने एक बेटे सलमान को छोड़कर बाकी परिवार के सदस्यों को लेकर अपनी पीहर चली गई। अगले दिन गुरुवार को शिवा, रामस्वरूप, मनोज वर्मा,शैतानसिंह और विक्रम, गफ्फार के घर में तंत्र-मंत्र करने लगे। सलमान और राजेंद्र भी वहीं मौजूद रहे। रात लगभग 2 बजे हलवे का प्रसाद बनाया गया, जो शिवा ने सभी को खाने के लिए दिया। सलमान, मनोज और रामस्वरूप ने कम मात्रा में प्रसाद खाया जबकि बाकी सभी ने ज्यादा मात्रा में सेवन कर लिया। शिवा को छोड़कर बाकी सभी नशीले हलवे के कारण बेसुध हो गए।तभी शिव वहां से 50 लख रुपए लेकर गायब हो गया। सुबह लगभग 9 बजे होश आने पर मनोज और रामस्वरूप भी वहां से भाग गए।यह दोनों बस द्वारा खाजूवाला से बीकानेर और फिर मेड़ता रोड चले गए। इस बीच सलमान को होश आया तो उसने बाकी सभी को बेहोश पड़े देखा तो अपनी परिवार वालों को सूचना दी। पड़ोस के लोगों ने उसके पिता, राजेंद्र शैतानसिंह और विक्रम को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में गफ्फार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शैतानसिंह और विक्रम कुछ होश में थे। डीएसपी चावला के अनुसार इन दोनों ने कहा कि वे अपने घर अजमेर जाना चाहते हैं। सलमान ने उनको एक कार टैक्सी किराए पर कर दी, लेकिन खाजूवाला से 50-55 किलोमीटर दूर शोभासर पहुंचने पर दोनों की हालत खराब हो गई। टैक्सी वाला इनको वही एक फार्म हाउस के पास छोड़कर भाग गया। इन दोनों के भी वहां पर मौत हो गई। इस बीच पुलिस को इस सारे मामले की जानकारी हुई तो वह सक्रिय हो गई। पुलिस ने भाग दौड़कर कल देर रात को मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन पर मनोज वर्मा और रामस्वरूप को काबू कर लिया। पुलिस अभी इनसे पूछताछ कर पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस पूरे कांड में यह दोनों तांत्रिक शिवा के साथ मिले हुए थे या फिर यह भी उसकी बातों में आकर धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं।

# एक महीने से बंद मकान में चोरी करते युवक रंगे हाथों पकड़ा गया, चार और युवकों से पूछताछ

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय गौशाला रोड पर आईकॉनिक शोरूम के पीछे एन ब्लॉक में एक महीने से बंद मकान में सामान चोरी करते हुए एक युवक रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने उससे पूछताछ कर चार और युवकों को चोरी में शामिल होने के संदेह में पकड़ा है। सभी पांच युवकों से जवाहरनगर थाना में पूछताछ चल रही है। इस बीच पुलिस ने चोरी का मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक विनायक विहार कॉलोनी निवासी सुशील बंसल (59)द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 62-एन ब्लॉक में स्थित उसके भाई पवन बंसल के लगभग एक महीने से बंद पड़े मकान में चोरी करने के आरोप में होतीदास पुत्र बिरजू दास निवासी पुरानी आबादी तथा तीन-चार अन्य युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सुशील बंसल ने बताया है कि उसके भाई पवन बंसल का देहांत हो चुका है। पवन का बेटा गौरव बंसल गुड़गांव में नौकरी करता है, जो लगभग एक महीना पहले यहां आया था। वापस गुड़गांव जाते हुए वह मकान की चाबी अपने जीजा हिमांशु अग्रवाल को दे गया था।।हिमांशु अग्रवाल कल शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे मकान संभालने गया तो वहां एक युवक को मकान से कुछ सामान निकाल कर आगे गली में खड़े देखा। साइड में दो-तीन युवक और खड़े थे।तब हिमांशु ने फोन कर उसे मौके पर बुला लिया। जब उन्होंने मकान को संभाला तो दरवाजा के ताले टूटे हुए थे। मकान से दो एलईडी टीवी, एक ऐसी कंप्रेसर सहित, एक माइक्रोवेव ओवन,दो गीजर तथा टूंटियां आदि सामान गायब था। घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। पुलिस को सुशील बंसल ने बताया कि गायब हुए सामान के बिल उसके भतीजे गौरव के पास हैं। घर से और क्या कुछ चोरी हुआ है, यह गौरव के आने पर पता चलेगा। मौके पर पकड़े गए युवक ने अपना नाम होति पुत्र बिरजू दास निवासी पुरानी आबादी बताया। अन्य पकड़े गए युवकों में रोहित आदि शामिल हैं। जानकारी के अनुसार जब इस दो मंजिला मकान में युवक चोरी कर रहे थे, तभी वहां एक युवक को संदेह हो गया था। इस युवक ने मकान से उक्त सामान प्लास्टिक के कट्टों में भरकर ले जा रहे थे तो उसने एक युवक को पकड़ लिया। यही नहीं इस युवक ने चोरी कर रहे युवकों की अपने मोबाइल फोन से वीडियोग्राफी भी कर ली। इसी युवक की सतर्कता के चलते मौके पर होति और अन्य युवक पकड़े गए।बाद में पुलिस ने कथित रूप से चोरी में सहयोग करने वाले इन युवकों के दो-तीन और साथियों को भी पकड़ लिया। देर शाम तक पुलिसपकड़े गए युवकों से पूछताछ कर चुराया हुआ सामान बरामद करने का प्रयास कर रही थी।

## किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** जवाहरनगर थाना पुलिस ने 21 वर्षीय एक युवक को 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर दिल्ली ले जाने तथा दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि आजाद सिनेमा के पीछे करणी मार्ग निवासी आदित्य नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है।वह अपने मोहल्ले की 15 वर्षीय एक किशोरी को विगत 11 जून को बहला-फुसलाकर कर ले गया था। किशोरी की मौसी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया था। किशोरी के माता-पिता नहीं है। वह अपनी मौसी के पास रहकर पढ़ाई कर रही है।मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने तलाश की तो आदित्य और किशोरी नई दिल्ली में मिले। पुलिस के मुताबिक किशोरी का मेडिकल चेकअप करवाया गया उससे दुष्कर्म किया जाना पाया गया, जिस पर अपहरण के मुकदमे में पोक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ दी गईं। किशोरी के विस्तृत बयान भी दर्ज करवाए गए हैं। इसके बाद आरोपी आदित्य को गिरफ्तार कर लिया गया।वह पीओपी का काम करता है।

## वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत जिला परिषद में पौधारोपण कर परिंडे बांधे






हनुमानगढ़। शनिवार को ''वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान'' के तहत जिला परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओपी बिश्नोई की अगुवाई में श्रमदान, पौधारोपण, कार्यालय की साफ-सफाई व पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गये। ''वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान'' 05 जून से 20 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन भिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत जिला परिषद परिसर में अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा श्रमदान किया गया एवं हरियाळो राजस्थान के तहत नीम, शीशम, सरेस, शहतूत इत्यादि के 50 पौधे भूमि को समर्पित किये गये। इसके अलावा श्रमदान के माध्यम से कार्यालय की साफ-सफाई की गई तथा गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु 30 परिंडे बांधे गये। इसमें एसीईओ सुनील छाबड़ा, सहायक अभियंता जुल्फीकार, पीए सुबोध शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, वरिष्ठ सहायक महावीर प्रसाद, जगपाल मान, संतोखसिंह, विवेक शर्मा, उत्कृर्ष कौशिक, सुनील भारद्वाज, राजेन्द्र चाहर, कैलाश शर्मा, प्रमोद स्वामी, सुखराम, नीरज कौशिक, सिलोचना, परमिंद्रकौर, रामावतार, आशाराम व अन्य कार्मिकों व अधिकारियों ने इत्यादि ने सहयोग किया।

# कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत उकलाना हल्का में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

तेज. रिपोर्टर | सादुलशहर




भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी 'संगठन सृजन अभियान' के तहत, आज उकलाना मंडी के अग्रवाल सेवा सदन में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सीधे दिशा-निर्देशन में चल रहा यह अभियान पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत कर आगामी चुनावों के लिए तैयार करने पर केंद्रित है। आज सुबह 10:30 बजे आयोजित इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इनमें राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़ , हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हिसार जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक अमित सिहाग, तथा जयपाल सिंह लाली व पंकज चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इन नेताओं की मौजूदगी ने बैठक के महत्व को और बढ़ाया। बैठक के दौरान उकलाना हल्के में कांग्रेस संगठन के निर्माण और विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई।ऑब्जर्वर जगदीश जांगिड़ ने पार्टी की मजबूती के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत वे व्यक्तिगत रूप से स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। विशेष रूप से, पार्टी का लक्ष्य है कि जिलाध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हो और इस प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जिले में कांग्रेस एक मजबूत और एकजुट इकाई के रूप में उभर सके। पूर्व विधायक अमित सिहाग सहित अन्य पर्यवेक्षक इस प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जांगिड़ ने इस बात पर भी जोर दिया कि पार्टी समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करेगी, जिसमें महिलाएं और युवा विशेष रूप से शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने की बात दोहराई, ताकि नई पीढ़ी को आगे बढ़ने का अवसर मिले और वे पार्टी को नई दिशा दे सकें। उकलाना हल्का के सभी कांग्रेस नेताओं और समर्पित कार्यकर्ताओं ने इस महत्वपूर्ण बैठक में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। यह अभियान कांग्रेस को निचले स्तर तक मजबूत करने और हरियाणा में पार्टी की राजनीतिक पकड़ को फिर से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कांग्रेस द्वारा सिंचाई पानी के लिए 16 जून को जिला कलेक्ट्रेट पर दिया जाएगा धरना

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

गंग कैनाल में पंजाब से पूरा पानी नहीं मिलने के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 16 जून को जिला कलेक्ट्रेट पर धरना दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने बताया कि महाराजा गंगासिंह चौक में प्रातः 10 बजे धरना प्रारंभ होगा। धरने में जिले के सभी कांग्रेसी विधायक, पूर्व विधायक सांसद, पूर्व सांसद,उप जिला प्रमुख, जिला परिषद डायरेक्टर, पंचायत समिति प्रधान, पूर्व प्रधान एवं डायरेक्टर, सभी पार्षद, सरपंच और पंच तथा जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लाक कमेटियों के अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष और बूथ प्रभारी व समस्त कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) ने जून महीने के लिए गंग कैनाल का 2500 क्यूसेक पानी निर्धारित किया है, लेकिन पंजाब में आरडी 45 बालेवाला हैड से 1635 क्यूसेक पानी ही छोड़ जा रहा है। इसमें से काफी मात्रा में पानी की पंजाब में चोरी और छिज्जत हो जाती है राजस्थान- पंजाब सीमा पर स्थित खखां हैड पर लगभग 1000 क्यूसेक पानी ही पहुंच रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि गंग कैनाल में लगातार पानी के उतार- चढ़ाव की वजह से इलाके के किसान नरमा कपास की बिजाई नहीं कर पाए जबकि अब किन्नू के बाग और गन्ने की खेती भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सोमवार सुबह तक निर्धारित शेयर के मुताबिक गंग कैनाल में पानी उपलब्ध नहीं करवाया गया तो उसे दिन प्रात 10 बजे महाराजा गंगासिंह चौक में धरना आरंभ कर दिया जाएगा।

## नहर और डिग्गी में डूबने से दो की मौत

श्रीगंगानगर । श्रीगंगानगर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान दो व्यक्तियों की नहर और डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। लालगढ़ जाटान थाना पुलिस के अनुसार गांव नरसिंहपुर निवासी चंद्रसेन नायक ने रिपोर्ट दी है कि चक 10 तक के एक खेत में पानी की डिग्गी में कल शुक्रवार को पैर फिसलने से उसका भाई हरिकिशन गिर गया,जिसकी डूबने से मृत्यु हो गई। उधर,दूरवर्ती राजियासर थाना क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर में डूबने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बृजलाल निवासी लालगढ़िया के रूप में हुई है। उसके भाई इमीचंद द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। बृजलाल कल बुर्जी संख्या 365 के पास इंदिरा गांधी नहर में डूब गया था। बाद में उसकी लाश बरामद हो गई।

## चिलचिलाती धूप में बलकारी ग्रुप ने लगाया छबील सेवा कैंप, राहगीरों को मिली राहत



तेज. रावतसर | नरेश सिगची

आज हनुमानगढ़ रोड़ स्थित चक 6 केडब्ल्यूडी में बलकारी ग्रुप के तत्वाधान में युवाओं द्वारा ठंडे निम्बू पानी व जीरे की छबील लगाई गयी जिसमे युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लियाद्ध ग्रुप के महासचिव कुलदीप गोदारा ने बताया की छबील लगाने के बाद राहगीरों ने राहत की साँस ली और हजारों वाहन चालकों ने रुककर इस चिलचिलाती धुप में अपनी प्यास भुजायी, कोषाध्यक्ष पवन हरिपुरा ने बताया की ग्रुप के माध्यम से हम समय समय पर ऐसे कार्यक्रम करते रहते है जिससे युवाओं में सेवाभाव की भावना जाग्रत हो सके। इस दौरान बलकारी ग्रुप के अध्यक्ष सूर्यकान्त झाझड़िया, शौकत अली, ओम छिम्पा, विक्रम बिश्नोई, अभय रणवां,हजरत अली, विष्णु छिम्पा, रज्जाक खान, मनदीप, कर्ण कम्बोज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रथम पेज का शेष...

### वंदे गंगा जल संरक्षण...

सिएशन से शिवरतन खड़गावत, जयपाल जैन, बालकृष्ण गोल्याण, मानव उत्थान सेवा समिति से लाधूराम भाटी सहित जिले के उद्यमी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### सामाजिक जिम्मेदारी के...

कार्य करते हैं, लेकिन जीवन की रक्षा के लिए रक्त सबसे अहम आवश्यकता है। रक्तदान न केवल जीवन बचाता है, बल्कि यह हमारे समाज में एकजुटता और सेवा भावना को भी मजबूती देता है।' ब्लड बैंक प्रभारी राजेन्द्र स्वामी और उनकी टीम दर्शना, मुकेश आदि ने रक्त संग्रहण प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराया और सेवाभाव से कार्य किया। एसएमई मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और 91 यूनिट रक्त एकत्रित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छात्रों ने रक्तदान से जुड़े पोस्टर, स्लोगन और छोटे भाषणों के जरिए भी आमजन को जागरूक किया। कॉलेज प्रबंधन ने उनके इस समर्पण को सराहते हुए उन्हें प्रशस्तिपत्र भी प्रदान किए।

**इन्होंने की शिरकत**

ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. के. के. शर्मा, डॉ. नम्रता बंसल, डॉ. संदीप भाखर, डॉ. अशोक जांगिड (उप नियंत्रक), डॉ. देवेंद्र भादू, आईएमए ब्रांच अध्यक्ष डॉ. पी. एस. शेखावत, सचिव डॉ. आदित्य चावला, डॉ. सुनील बेनीवाल, डॉ. राधा सैन, डॉ. महादेव बिश्नोई, डॉ. मधुर, डॉ. अर्जुन, डॉ. हरिताशा, डॉ. ईशान, डॉ. सूरज, डॉ. दलीप आदि। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. पी. एस. शेखावत और सचिव डॉ. आदित्य चावला ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हनुमानगढ़ जैसे जिले में चिकित्सा समुदाय की एकजुटता समाज के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने विशेष रूप से डॉ. एम. पी. शर्मा, डॉ. शंकर सोनी और डॉ. कीर्ति शेखावत के मार्गदर्शन व सहयोग को सराहा।

### खेतों तक पानी...

जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार किए जा रहे हैं। जल संसाधन मंत्री ने स्पष्ट कहा कि 'हर खेत तक पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। यह योजना किसानों की आय बढ़ाने, उनकी जीवनशैली सुधारने और कृषि क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

### 16 जून को...

से राज्य का किसान ठगा महसूस कर रहा है। नकली खाद और बीजों की वजह से उसकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर गया है, लेकिन सरकार की चुप्पी और प्रशासन की निष्क्रियता यह साबित करती है कि कहीं न कहीं इस घोटाले को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसान अब चुप नहीं बैठेंगे। अखिल भारतीय किसान सभा ने इस मुद्दे को राज्यव्यापी संघर्ष का रूप दे दिया है और जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 16 जून को रावतसर में एक बड़ा जन आंदोलन होगा, जहां चक्का जाम कर सरकार को उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराया जाएगा। पूनिया ने यह भी कहा कि यह आंदोलन केवल किसी एक जिले या क्षेत्र का नहीं है, बल्कि यह समूचे राजस्थान के किसानों की आवाज है। यदि सरकार ने जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की और किसानों को मुआवजा नहीं दिया, तो यह आंदोलन और व्यापक होगा। प्रेस वार्ता में उपस्थित किसान नेताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान अपनी ताकत दिखाए और सरकार को उसकी जिम्मेदारियों का एहसास कराए। किसानों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। वे सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहते हैं। कुल मिलाकर, नकली खाद-बीज घोटाले ने राजस्थान के कृषि क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। किसानों की उम्मीदें अब आंदोलन से जुड़ चुकी हैं, और 16 जून को रावतसर में होने वाला चक्काजाम राज्य सरकार के लिए एक कड़ी परीक्षा बन सकता है।

### संगरिया-हनुमानगढ़...

गोदाम के पास बने रेस्ट हाउस में सोने के लिए आ रहे थे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को साइड में करवा कर मेगा हाईवे पर यातायात को बहाल किया।

### रोजाना 5 से 6...

घर पर भी रुटीन पढ़ाई करता था। इसके बाद जब 2022 में सीकर में पढ़ाई करने के लिए आया तब से रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई करता था। चाहे कुछ भी हो इस रूटीन को नहीं तोड़ता था। महेश रोघा का कहना है कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर नियमित अध्ययन किया और पिछले दो सालों से कोटा में रहकर नीट की तैयारी की। वे आगे एम्स दिल्ली से एमबीबीएस करना चाहते हैं।

## रोजड़ी पावर प्लांट से लाखों रुपए मूल्य की तारें चोरी

**श्रीगंगानगर।** नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में रोजड़ी पावर प्लांट से लाखों रुपए मूल्य की तारें चोरी होने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार गांव रोजड़ी के समीप स्थित पावर प्लांट में कार्यरत मांगीलाल मेघवाल (28) निवासी ढुढियांवाली थाना रनिया जिला सिरसा, हरियाणा द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मांगीलाल ने बताया कि अज्ञात चोर 6 मई की रात 11-12 बजे और फिर 9 मई की रात 3-4 बजे के दौरान पावर प्लांट से लगभग साढ़े तीन लाख रुपए मूल्य की तारें काट कर ले गए। पहली बार कर लगभग 2 लाख रुपए और दूसरी बार डेढ़ लाख रुपए की तारीख काट कर ले गए।घटना की जांच हवलदार राजेंद्र प्रसाद द्वारा की जा रही है। जानकार सूत्रों ने बताया कि चोरों का पता लग गया है और उनकी गिरफ्तारी शीघ्र ही संभावित है।

राजस्थान सरकार
**राजकीय प्राकृतिक चिकित्सालय हनुमानगढ़ टाउन**
क्रमांकःप.2/लेखा-2/मसाजर निविदा/2025/20 दिनांकः 06.06.2025
**अभ्यंगकर्मी (मसाजर) हेतु खुली निविदा 01/ 25**
इस कार्यालय के द्वारा अभ्यंगकर्मी (मसाजर) की आपूर्ति बाबत मोहरबंद लिफाफों में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। खुली निविदा में प्राप्त बोली को दिनांक 17.06.2025 प्रातः 11.00 बजे खोल जायेगा। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 16.06.2025 सायं 4.00 बजे तक है। बिड का अनुमानित मूल्य 312000/-रूपये तथा बोली शुल्क 500/- रूपये एवं बोली प्रतिभूति राशि 6240/- रूपये है।
बोली से सम्बंधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।
UBN No. AYU2526SSOB00092
वरिष्ठ चिकित्साधिकारी-प्रथम
राजकीय प्राकृतिक चिकित्सालय, हनुमानगढ़ टाउन

**कार्यालय ग्राम पंचायत भोगराना पंचायत समिति नोहर, जिला हनुमानगढ़**
क्रमांकः निविदा/ 2025-26/352 दिनांकः 14.06.2025
**ई-निविदा सूचना 01/ 2025-26**
ग्राम पंचायत भोगराना में पन्द्रहवां वित आयोग टाईड (ग्राम पंचायत मद) योजनान्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों मय एक वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) के हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के संशोधित नियम 181 (1) के तहत पंचायतीराज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वा. अभि.विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजीकृत फर्मों / संवेदकों से निर्माण कार्य हेतु दिनांक 20106.2025 समय 2.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
NIB Code: ZHG2526A0118
UBN is: ZHG2526WSOB00224
(भूरी कुमारी मीणा) ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भोगराना
(देवीलाल रोहिल्ला) प्रशासक ग्राम पंचायत भोगराना

# जल से किसान समृद्धि लाने के लिए संकल्पित प्रदेश सरकारः रावत

तेज | रिपोर्टर चूरू



जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत शनिवार को जिले के तारानगर दौरे पर रहे। उन्होंने तारानगर मुख्यालय पर 'वंदे गंगा - जल संरक्षण जन अभियान' अंतर्गत विभिन्न जल परियोजनाओं के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया तथा इंदिरा गांधी नहर परियोजना कार्यालय में आयोजित किसान सम्मेलन में शिरकत कर किसानों को संबोधित किया। इंदिरा गांधी नहर परियोजना कार्यालय में आयोजित किसान सम्मेलन के दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, राकेश जांगिड़, बसंत शर्मा, मधुसूदन राजपुरोहित, जसवंत सिंह सहित जनप्रतिनिधि मंचस्थ रहे।

### जल से किसान समृद्धि लाने के लिए संकल्पित प्रदेश सरकार

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार जल से किसान समृद्धि लाने के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार निरंतर कृषक कल्याणका निर्णयों से किसानों के घरों में खुशहाली लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि तारानगर क्षेत्र के वंचित रकबे को भी नहर परियोजनाओं से जोड़ने के लिए प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने क्षेत्र के लिए 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति डीपीआर बनाने के लिए दी है, इस पर काम चल रहा है। हम अंचल में जल से समृद्धि लाने के लिए प्रयास करेंगे।

रावत ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के हर वर्ग- हर क्षेत्र- हर नागरिक के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में चल रहे 'वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान' अंतर्गत तारानगर क्षेत्र में विभिन्न जल परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण से अंचल के किसान समृद्ध होंगे। इससे अंचल के लोगों को कृषि एवं पेयजल कार्यों में बहुत संबल मिलेगा। उन्होंने कहा कि 'वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान' अंतर्गत बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करें तथा जल संरचनाओं के विकास के साथ पारंपरिक जल स्त्रोतों को सहेंजे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय से आरसीपी परियोजना अंतर्गत 17 जिलों को पानी मिलेगा। हमारी सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने ईगानप कार्यालय में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अंचल के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। क्षेत्र में नहर परियोजनाओं और डिग्गियों से सिंचाई का कार्य अब सुचारू रूप चालू हो सकेगा। इन विकास कार्यों से अंचल में समृद्धि और खुशहाली के लहर दौड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब बदला हुआ और मजबूत भारत है। प्रदेश और केंद्र सरकार के संकल्प से विकास परियोजनाएं धरातल पर सांस ले रही हैं। हमारी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंक फैलाने वालों को करारा जवाब दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश में आधारभूत संरचनाओं का निरंतर विस्तार एवं विकास हो रहा है। प्रत्येक वर्ग और समाज के व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। हमारी सरकार 'संकल्प से सिद्धि' के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान' में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा जल संरक्षण के लिए संकल्पित रहें। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश के किसान के चेहरे पर मुस्कान खिली है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की प्रदेश सरकार किसान और गरीब के दर्द को समझने वाली सरकार है। डबल इंजन सरकार गरीब और किसान का भला करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों को संचालित कर रही है। हम सबका साथ- सबका विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे। तारानगर क्षेत्र को 200 करोड़ रुपए से अधिक की जल परियोजनाओं की सौगात अंचल को बहुत बड़ी सौगात है। पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि हमारा सपना है कि किसान को पानी कैसे मिले और उसके कृषि व दैनिक कार्यों में समृद्धि कैसे आए। हम पानी से जीवन बचा सकते हैं। केंद्र सरकार ने कृषि बजट को 01 लाख 27 हजार करोड़ रुपए किया है जो कृषक हित में अभूतपूर्व है। हर घर- हर खेत में पानी पहुंचाने के संकल्प के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। राकेश जांगिड़ ने अतिथियों का स्वागत किया तथा तारानगर क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी दी। बसंत शर्मा ने 'वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान' अंतर्गत भागीदारी निभाते हुए जल संरचनाओं के रख-रखाव और जल संरक्षण की अपील की।

## विभिन्न जल परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास



जल संसाधन मंत्री रावत ने तारानगर में 17.85 करोड़ रुपए राशि के पम्पिंग स्टेशन 05 चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट, 71.32 करोड़ रुपए राशि के साहवा वतिरिका, धीरवास एवं कैलाश माइनर के 11302 हैक्टेयर क्षेत्र में फव्वारा सिंचाई प्रणाली विकसित करने के लिए निर्मित 60 डिग्गियों का लोकार्पण किया तथा 82.81 करोड़ रुपए लागत के चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट नहर के कमाण्ड क्षेत्र में सुई सब ब्रांच की भावलदेसर माइनर, धानसिया माइनर, हरिपुरा माइनरव जैतसीसर माइनर पर फव्वारा सिंचाई पद्धति (प्रेशर इरीगेशन) विकसित करने का कार्य और अमृत 2.0 अंतर्गत शहरी जल योजना तारानगर का संवर्धन, पुनरूद्धार व रखरखाव कार्यों का शिलान्यास किया।

## पम्पिंग स्टेशन 5 के लिए 3 पम्प इकाईयां स्थापित, 20 गांव होंगे लाभान्वित

जल संसाधन मंत्री रावत के सतत प्रयासों से चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट के चैनेज 107.500 पर पम्पिंग स्टेशन संख्या 05 को अब संचालन में लाया जा गया है। इस स्टेशन के जरिए गाजुवास माईनर और तारानगर माईनर को जलापूर्ति के लिए 35 क्यूसेक क्षमता की 3 नवीन पम्प इकाइयां और अन्य विद्युत उपकरण स्थापित किए गए हैं। इन कार्यों में 3.79 करोड़ रूपए लागत आई है। इस परियोजना से तारानगर कस्बा, जिगसाना टिब्बा, जिगसाना ताल, जोरजी का बास, सेउवा, ओजरिया, महलाणा, गोगटिया पट्टा चंगोई, बालिया, करनपुरा, इंदासी, लूणास, गोदास, ढाणा भाकरान, बुचावास, गाजूवास, गडाणा, पुनरास, सतमिल, चूना खाती की ढाणी सहित 20 गांवों को जल उपलब्ध होगा। गौरतलब है कि इस पम्पिंग स्टेशन का निर्माण चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट के चैनेज 107.500 पर वर्ष 2005 में हुआ था। उस समय पानी की कमी होने से यह कार्य अधूरा रह गए था और स्टेशन संचालित नहीं हो पाया था। अब गाजुवास (107.613 कि.मी) और तारानगर माईनर (107.635 कि.मी) पर कार्य पूर्णता के बाद पम्पिंग स्टेशन चालू किया गया है।

## चरणबद्ध रूप से संचालित होंगी 60 डिग्गियां

जल संसाधन मंत्री के अथक प्रयासों से कई वर्षों से बंद डिग्गियां अब संचालित होंगी। चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट नहर की कैलाश माईनर, धीरवास माईनर एवं साहवा वितरिका पर निर्मित 60 डिग्गियों का विद्युतीकरण कार्य अप्रैल, 2025 में पूर्ण हुआ है। अब इन डिग्गियों का चरणबद्ध रूप से संचालन और रख-रखाव कार्य (ओ एंड एम) शुरू किया जा रहा है। इस वर्ष खरीफ फसल के लिए इनमें से 10 डिग्गियों में पाइप नेटवर्क व खालों सहित टेस्टिंग कार्य कर, फव्वारा पद्धति के अंतर्गत ओएंडएम प्रारंभ किया जाएगा। किसानों को दो वर्ष तक विभागीय अभियंताओं की देखरेख में प्रशिक्षित किया जाएगा। रावत ने इन पूर्ण कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। यह डिग्गियां 11 हजार 302 हैक्टेयर क्षेत्र में फव्वारा पद्धति से सिंचाई के लिए बनाई गई हैं। इनके सिविल और विद्युतीकरण कार्यों में 71.32 करोड़ रूपए की लागत आई है। इनसे भामरा, लूणास, देवासी, कैलाश, तारानगर, किरसाली कांधलान, किरसाली ब्राह्मणान, भलाऊ ताल, सुखवासी, चंगोई, पण्डेऊ टिब्बा, धीरवास, झाणसर गंजीया, डाबड़ी छोटी, धीरवास छोटा, सोमसीसर, रैयाटुण्डा, बनियाला, ढाणी माना, भाडंग, झाझंणी, मेघसर, ढाणी मेघसर, कुलडिया की ढाणी, दूलेरी, नेठवा, भलाऊ टिब्बा, भनीण सहित अनेक गांवों को लाभ मिलेगा।

## हनुमानगढ़ और चूरू के लिए प्रेशर इरिगेशन कार्यों का शिलान्यास

चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट नहर की सुई सब ब्रांच की भावलदेसर माईनर, धानसिया माईनर, हरिपुरा माईनर व जैतसीसर माईनर के कुल 12 हजार 447.26 हैक्टेयर कमांड क्षेत्र में प्रेशर इरिगेशन के कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए 75.18 करोड़ रूपए के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें हनुमानगढ़ का 5 हजार 541.37 हैक्टेयर क्षेत्र और चूरू का 6 हजार 905.89 हैक्टेयर क्षेत्र शामिल है। इन कार्यों से हनुमानगढ़ के पाण्डूसर, भावलदेसर, ढाणी भाम्भुआन व धानसिया तथा चूरू के भाववाला, रायपुरा, जैतसीसर व जैतासर गांवों के 2 हजार 901 परिवार लाभान्वित होंगे। यह परियोजना जल संरक्षण को बढ़ावा देगी और अंतिम छोर तक समुचित मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध कराएगी।

## गेहूं चोरी की वारदात 24 घंटे में सुलझी : गेहूं बरामद, तीन गिरफ्तार

**तेज रिपोर्टर. ऐलनाबाद।** रानियां थाना क्षेत्र के गांव करीवाला में खेतों की ढाणी से तीन क्विंटल गेहूं चोरी करने की वारदात को पुलिस ने महज 24 घंटे में सुलझा लिया। करीवाला पुलिस चौकी ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा गेहूं और वारदात में प्रयुक्त कार बरामद कर ली है। रानियां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि 12 जून को करीवाला निवासी बलदेव सिंह ने शिकायत दी थी कि वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गया हुआ था। वापस लौटने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर लगभग तीन क्विंटल गेहूं चोरी कर ले गए। पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांव दमदम निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ शंभू, बिंदर सिंह उर्फ निक्का और करीवाला निवासी रंजीत उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा गेहूं और स्विफ्ट डिजायर कार बरामद कर ली गई। पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## लाईब्रेरियन परीक्षा अध्ययन पत्र-20

1) 'अगर बहरो को सुनाना है तो आवाज बहुत तेज होनी चाहिए' राजाराम कहते हैं कि भगत सिंह को बम बनाने का फार्मूला लाहौर की एक लाइब्रेरी की किताब से आया था वह लाइब्रेरी आज चंढीगढ़ में है, वह लाईब्रेरी है -
(अ) द्वारकादास लाईब्रेरी (ब) काहन सिंह नाभा लाईब्रेरी
(स) ए.सी. जोशी लाईब्रेरी (द) गुरदास लाईब्रेरी

2) इंडियन नेशनल बिब्लियोग्राफी (INB) में शामिल भाषा पुस्तकों की संख्या है-
(अ) 10 (ब) 11 (स) 14 (द) 13

3) स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष थे-
अ) आर.के. दास गुप्ता (ब) बी.एस. केशवन
(स) डी. आर. कालियाँ (द) सी. मलय

4) 'INDEX INDIANA' का पहला अंक तिमाही के रूप में किस वर्ष सामने आया ?
(अ) 1975 (ब) 1976 (स) 1977 (द) 1978

5) 'INB' में मराठी भाषा के साहित्य के लिए इस चिह्न (Symbol) का इस्तेमाल किया गया है -
(अ) Ma (ब) M (स) Mar (द) Mti

6) भारत का राष्ट्रीय पुस्तकालय वर्ष में कितने दिन कार्य करता है ?
(अ) 350 दिन (ब) 360 दिन (स) 362 दिन (द) 365 दिन

7) 'NATIONAL MEDICAL LIBRARY' कहाँ स्थित है ?
(अ) चेन्नई (ब) कोलकाता (स) दिल्ली (द) मुम्बई

8) 'सभी के लिए पुस्तकों का संस्करण भिन्न है' यह कौन से सूत्र (LAWS) में है?
(अ) दूसरा सूत्र (ब) तीसरा सूत्र (स) पहला सूत्र (द) कोई नहीं

9) पुस्तकालय विज्ञान के किस सूत्र में 'STACK ROOM GUIDE' है?
(अ) तृतीय सूत्र (ब) चतुर्थ सूत्र (स) पहला सूत्र (द) पांचवाँ सूत्र

10) पुस्तकालय में CD-ROM की आवश्यकता किस सूत्र (LAWS) में है?
(अ) तृतीय सूत्र (ब) प्रथम सूत्र (स) पंचम सूत्र (द) द्वितीय सूत्र

**विशाल कुमावत (वरिष्ठ लाईब्रेरियन)**
शहीद चमकौर सिंह राउमावि डबलीराठान (हनुमानगढ़)

अध्ययन पत्र - 20 की उत्तर तालिका
(1) - अ (2) - स (3) - ब (4) - स (5) - स
(6) - स (7) - स (8) - अ (9) - ब (10) - स

## किंकराली की बेटी वृष्टि ने लहराया परचम फहराकर गांव का नाम रोशन किया



तेज | रिपोर्टर थालड़का

किकराली की बेटी वृष्टि राज पुत्री सुभाष चंद्र, माताजी धोली देवी गोदारा ने प्रथम प्रयास में एमबीबीएस हेतु आयोजित नीट परीक्षा में ओबीसी वर्ग में 8267 वीं रैंक हासिल कर गांव व जिले का नाम रोशन किया। वृष्टि ने इसी वर्ष 12 वीं की परीक्षा पास की थी साथ ही साथ नीट परीक्षा की तैयारी भी सीकर में रहकर कर रही है। बेटी की सफलता का पर गांव में बधाई देने वालों का तांता लग गया। अपनी इतनी बड़ी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा दादी नाना नानी और गुरुजनों को दिया। इस अवसर पर दादा मनीराम गोदारा, दादी रोशनी देवी, बड़े पापा रोहिताश, बड़ी मां समेसता, राजेंद्र गोदारा, रमेश गोदारा, बुधराम, अमन, संदीप, राम प्रताप गोदारा, हरदत गोदारा, रामदेव, बृजलाल गोदारा, मदन, रामकिशन गोदारा आदि ने इस खुशी में बेटी को साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत करते हुए खुशी जताई।

## राहगीरों को ठंडा शेक पिलाकर प्यास बुझाई

तेज | रिपोर्टर थालड़का

स्थानीय ग्राम पंचायत थालड़का में शनिवार को मिस्त्री मार्केट स्थित श्री महादेव रसगुल्ला फैक्ट्री के आगे स्टॉल लगा करके मुख्य मार्ग नोहर- रावतसर -श्रीगंगानगर -दिल्ली से गुजरने वाले वाहन चलकों एवं राहगिरों को ठंडा शीतल बादाम शेक पीलाकर के प्यास बुझाई। क्षेत्र में लगातार बढ़ते हुए तापमान और भयंकर गर्मी लूं थपेडों का कहर जारी है। भयंकर गर्मी को देखते हुए मिस्त्री मार्केट के दुकानदारों ने एकता दिखाते हुए बहुत ही अच्छा कार्य किया है। यह कार्य मिस्त्री मार्केट कुछ दुकानदारों ने अपने स्तर पर आर्थिक सहयोग इकट्ठा कर बादाम शेक की स्टॉल लगाई गई। दुकानदारों ने बताया कि हर साल गर्मी के मौसम में स्टॉल लगा करके बादाम शेक पीला जाता है। इस साल गर्मी में दुकानदारों के सहयोग यह पुण्य का काम हुआ है। इस भयंकर गर्मी राहगीरों कि प्यास बुझाने पर हर कोई मानवता भलाई के अच्छे कार्य के लिए लोग भूरी भूरी प्रशंसा करता नजर आ रहे थे। कहाकि दुकानदारों द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई। सुबह 10ः00 बजे से दोपहर तक स्टॉल पर बादाम शेक पिला गया। लगभग 4500 लोगों को ठंडा बादाम शेक पिलाकर के पुण्य का कार्य किया। इस मौके पर रामकुमार थोरी, सुरेंद्र गोदारा, श्याम सुंदर सुथार, ओमप्रकाश नोखवाल, सुभाष सुथार,जोरु मिस्त्री, विकास सुथार, ओम प्रकाश राठौड़, विजय कुमार, मुकेश कुमार, मनोज जांगड़ा, सुभाष झंटवाल, हरी (सब्जी वाला) रामकुमार वर्मा, महेंद्र गोदारा, प्रेम धुंधवाल, आयुष लावा, माडुराम वर्मा, सुरजा राम गोदारा, महावीर सुथार, कुकी, विक्रम,सहित सेवा करने के लिए हर कोई दुकानदार एवं ग्रामीणों का पूरा सहयोग रखा।

## हल्की बरसात से लोगों को गर्मी से राहत

**तेज रिपोर्टर. थालड़का।** थालड़का क्षेत्र में शनिवार को मौसम का मिजाज बदला लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। शनिवार सुबह की शुरुआत तेज गर्मी से हुई। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया पैसे गर्मी भी तेज होने लगी और तापमान बढ़ने लगा दोपहर तक तापमान 46 डिग्री के लगभग चला गया। इसी बीच मौसम शाम लगभग 5 बजे बदलाव और आसमान में काले बादल छाए और तेज हवा के साथ हल्की बरसात हुई जिसे लोगों को पड़ रही भयंकर गर्मी से राहत की सांस ली। जागरूक किसान तेजपाल सिहाग, प्रताप सिंह गोस्वामी, रामसिंह सहारण, सुभाष डुडी, माडुराम गोदारा, ने बताया कि अभी समय रहते बरसात होती है तो फसलों में बहुत ही ज्यादा फायदा मिलेगा फसलों को जीवनदान मिल सकता है अगर बरसात हो जाती है तो शनिवार को जो हल्की बरसात हुई उसी से फायदा मिलेगा । क्योंकि पिछले एक सप्ताह से लगातार पढ़ रही है भयंकर गर्मी में फसलों को भी नुकसान हो रहा है और जीव जंतु, पेड़ पौधे सभी को गर्मी से जुलूस रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि अभी बरसात होगी और फसलों में फायदा होगा।

## जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मेडिकल कॉलेज में किया पौधरोपण

तेज | रिपोर्टर चूरू



जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर स्थित पीडीयू मेडिकल कॉलेज में पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जल संसाधन मंत्री रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी संकल्प 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बढ़ते तापमान पर आवश्यक नियंत्रण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम दोहन से विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं ने जन्म लिया है। इन समस्याओं से निपटने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय कदम उठाने होंगे। हम पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों को समझें और उनका समुचित निर्वहन करें। पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प 'एक पेड़ मां के नाम' को हम आगे बढ़ाएं और परिवेश को हरा - भरा बनाएं। पर्यावरणीय परिस्थितियों को मनुष्य के अनुकूल बनाए रखने के लिए हमें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए संवेदनशील रहते हुए प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एमएम पुकार, बसंत शर्मा, चंद्राराम गुरी आदि ने वृक्षारोपण किया तथा कॉलेज में सफाई कार्मिकों को फल वितरित किए। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एमएम पुकार ने कॉलेज में व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

## युवाओं की धड़कन सचिन पायलटः महनसरिया

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



दौसा भढ़ाणा में आयोजित प्रेरणा दिवस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट के प्रेरणा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने पुकारा है सचिन पायलट हमारा के संदेश पर नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने पंखा सर्किल पर युवाओं को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। महनसरिया ने भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर पूरे प्रदेश से पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के नेतृत्व में लाखों कार्यकर्ताओं व युवाओं ने कार्यक्रम में नारा दिया कि राजस्थान के युवाओं ने पुकारा है सचिन पायलट हमारा है। महन सरिया ने कहा कि आज तक इतिहास में एमपी, विधायक, पूर्व मंत्री, पार्टी के पदाधिकारी व जिलाध्यक्ष कहीं पर भी नहीं आए। यह इतिहास में पहली बार हुआ है। इस अवसर पर किसनाराम धायल, रिछपाल सारण, शीशपाल बुडानिया, प्रभुदयाल बुरड़क, अयूब खान मलवाण, सज्जन सिंह राठौड़, हरिसिंह राठौड़, अमर सिंह दनेवा, सतवीर बेनीवाल, लक्ष्मण सिंह, सत्यनारायण भाटी व मोहन ट्रेलर आदि सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद इंदौरा का किया स्वागत

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



श्रीगंगानगर के सांसद कुलदीप इंदौरा के चूरू आगमन सर्किट हाउस पर कांग्रेसजनों ने माला व शॉल पहनाकर स्वागत किया। इसअवसर पर कुलदीप इंदौरा ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए बताया कि कांग्रेस ने हरियाणा व मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलाया है। महेंद्रगढ़ के प्रभार क्षेत्र में कुलदीप इंदौरा स्वयं लगातार कार्यकर्ताओ से मिलकर राहुल गाँधी की सोच व भावना के अनुरूप संगठन को मजबूती देने का कार्य कर रहे है। इंदौरा ने बताया कि अभी देश भर में कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ कार्यक्रम आयोजन किये जा रहे है। भाजपा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था व संविधान को कमजोर करने का लगातार प्रयास कर रही है।इंदौरा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूती से भाजपा की तानाशाही सरकार का विरोध करना होगा साथ ही रचनात्मक कार्यो द्वारा आमजन को संगठन से जोड़ने का कार्य करना होगा। इस अवसर पर जिला कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जमील चौहान ने चूरू कांग्रेस द्वारा किये गए कार्यो की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला एन एस यू आई,के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत सिहाग, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस विकास मील, पूर्व पार्षद ताजू खां, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोयल डी के, मुस्ताक पिथिसर, संजय भाटी, विक्की गोदारा, पार्षद शाहरुख खान,साहिल खान, अब्दुल खान, शेरखान भाई खानी, बिल्लू पठान, सुरेश मेघवाल, मनीष नायक, रामेश्वर नायक, बजरंग बजाड़, पार्षद विनोद खटीक, सत्यनारायण बाकोलिया, मोहम्मद नदीम,अनिल सैनी, जतनाराम मेघवाल, नंदलाल प्रजापत, नरेंद्र शर्मा, संजय मेघवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पर्यावरण व जल संरक्षण का महत्व समझें, जनहित व सेवा के कार्यों में भागीदारी निभाएं: अविनाश गहलोत

चूरू । चूरू. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने रतनगढ के बीरमसर गांव में 'वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान' अंतर्गत जल पूजन व पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महिलाओं ने मंगलाचार गाकर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह, हिम्मत सिंह, पूर्व प्रधान संतोष तालणियां, सरपंच निर्मला देवी नेहरा, दीनदयाल पारीक, सुशील इंदोरिया आदि मंचस्थ रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गहलोत ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान के तहत नशामुक्ति अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। प्रभारी मंत्री गहलोत ने कहा कि हम सभी पर्यावरण व जल संरक्षण का महत्व समझें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल संरक्षण का संकल्प लिया है। हम सभी मिलकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के इस संकल्प को आगे बढ़ाएं। जल संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसलिए हम प्राकृतिक जल स्रोतों, कुंड, कुओं,




बावड़ी, सरोवर आदि के पानी को सहेजे व उसका संतुलित उपयोग करें। हम प्रयास करें कि वर्षा जल का अधिकतम संचय करें और दैनिक गतिविधियों में उसका उपयोग हो। हम अपने गांव - कस्बे में स्थित जल स्रोतों की मरम्मत एवं रखरखाव रखें। हम सभी इसकी गंभीरता को समझेंगे तभी प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का पीढ़ियों तक उपयोग ले सकेंगे। हमारी सरकार ने इस बार 10 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए काम किया है। प्रदेश की सरकार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है।उपस्थितों सभी ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में मृतकों को श्रद्धांजलि तथा शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। प्रभारी मंत्री ने उपस्थितों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने व्यवस्थाओं व अभियान अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की जानकारी देते हुए अधिकाधिक जल संरक्षण व वृक्षारोपण की अपील की। इस दौरान डीसीएफ वीरेन्द्र कृष्णिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़, बीदासर एसडीएम अमीलाल, एसीईओ दुर्गा ढाका, तहसीलदार सज्जन कुमार लाटा, बीडीओ जगदीश व्यास सहित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सुशील का नीट में चयन



**नोहर।** प्रतिष्ठित डॉक्टर गोपाल गोदारा के भतीजे सुशील पुत्र मोहरसिंह गोदारा का नीट यूजी में सलेक्शन होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। सुशील ने 12वीं के साथ-साथ यह सफलता प्राप्त की है। इस सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों ने खुशी प्रकट करते हुए सुशील के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत श्रीगंगानगर में जिले भर के अंतर्गत विभिन्न गांव व शहरी क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान वृत क्षेत्र में जीएलआर, ओएचएसआर व हेड वर्क्स की सफाई की गई। इसमें विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। यह कार्यक्रम वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत विशेष पखवाड़ा के तहत किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत श्रीगंगानगर के अनुसार इस पखवाड़े के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जिले भर में विभिन्न स्थानों पर जल वितरण के लिए छबील लगाई गई। ? इसमें विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने आमजन को मीठा व शीतल जल वितरित किया। इसके बाद अधिशासी



अभियंता श्रीगंगानगर ग्रामीण प्रशांत खरवा के नेतृत्व में श्रीगंगानगर ग्रामीण क्षेत्र, पदमपुर, करणपुर व सादुलशहर क्षेत्र में स्थित कई हैड वर्क्स की सफाई की गई ताकि आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसी तरह श्रीगंगानगर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत अधिशासी अभियंता शहर मोनिंदरजीत सिंह के नेतृत्व में मुख्य हेड वर्क्स व अन्य वाटर वर्क्स परिसर पर सफाई अभियान चला करके इस अभियान को गति दी गई। सूरतगढ़ क्षेत्र में अधिशासी अभियंता राकेश बिश्नोई के नेतृत्व में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान पखवाड़े की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान कई जगह पौधारोपण भी किया गया एवं विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने पौधे की सार संभाल की जिम्मेदारी भी ली। इस अभियान के तहत अब तक वृत गंगानगर में 25 जीएलआर 22 सीडब्ल्यूआर एवं 27 ओएचएसआर (ऊपरी टंकी) की सफाई की जा चुकी है। इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग श्रीगंगानगर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण आंकोदिया, अधीक्षण अभियंता विजय कुमार शर्मा एवं अधिशासी अभियंता मोनेटरिंग मोहनलाल अरोड़ा ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए एवं इस पखवाड़े को सफल बनाने का आह्वान किया।

# वन्दे गंगा अभियान में जन सहयोग एवं कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के माध्यम से सुनिश्चित करें अधिकतम सहभागिता

**श्रीगंगानगर।** ''वंदे गंगा, जल संरक्षण-जन अभियान'' 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय सीएसआर कार्यशाला शनिवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जारी वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, जल पुनर्भरण की दिशा में जनसहयोग एवं कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के माध्यम से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान के साथ-साथ हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में अधिकाधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



लगाए गए पौधों की समुचित देखभाल भी की जाए। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा, जल संरक्षण-जन अभियान के तहत सहभागिता निभाने वाले उद्योगपतियों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने समस्त उद्योगपतियों से आपसी समन्वय बनाते हुए सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यशाला में बताया गया कि जिला स्तरीय अभियान के क्रियान्वयन तथा सीएसआर सहयोग जुटाने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास न्यास, वाणिज्यक कर विभाग, रीको, एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड, शिक्षा विभाग, जिला परिवहन, रसद, विद्युत, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, श्रम कल्याण विभाग, जिला आबकारी विभाग, उपवन संरक्षक, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी, जल संसाधन विभाग, वाटर शेड विभाग, अग्रणी जिला प्रबंधक, रोजगार विभाग, आईसीडीएस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एसोसिएशन और उद्योगपति, स्टेकहोल्डर्स, सीएसआर इकाईयों, एनजीओ, दानदाताओं से समन्वय स्थापित कर जनसहभागिता के लिये प्रेरित किया जाए। सीएसआर इकाई के प्रतिनिधि ''वंदे गंगा, जल संरक्षण-जन अभियान'' के अंतर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व राशि के माध्यम से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। कार्यशाला में जल संरक्षण के संकल्प और शपथ के बाद धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, जिला परिषद सीईओ गिरधर, एसीईओ हरीराम चौहान, अशोक असीजा, हरीश मित्तल, डॉ. अजय सिंगला, अरविंदर सिंह, एमसी मीणा, श्रीमती कविता सिहाग, श्रीमती सुमित्रा बिश्नोई, उद्योगपतिगण सहित अन्य मौजूद रहे।

# मैराथन दौड़ कर उच्च रक्तचाप के प्रति दिया जागरूकता का संदेश

तेज. रिपोर्टर | सूरतगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार एनसीडी क्लीनिक सूरतगढ़ द्वारा शुरू किए गए उच्च रक्तचाप जागरुकता कैंपेन के अंतर्गत आज दिनांक 14 जून को उच्च रक्तचाप के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन शहीद भगत सिंह डिफेंस एकेडमी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। मैराथन दौड़ में अकादमी के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सफलता पूर्वक मैराथन दौड़ पूर्ण की। इस अवसर पर एनसीडी काउंसलर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सब के सहयोग से कार्यक्रम पूर्ण करवाए जा सके हैं भविष्य में भी



आपके साथ जुड़कर जन जागरूकता के और कार्यक्रम किए जाएंगे। उच्च रक्तचाप हर घर की समस्या बन चुका है इसलिए हमें आमजन को जागरूक करने की जरूरत है समय पर जांच करवा कर इलाज शुरू किया जाए तो हाइपरटेंशन को नियंत्रित कर सकते हैं। अपनी दिनचर्या और खानपान में बदलाव के साथ प्रतिदिन 30 मिनट योग व्यायाम जरूर करें और स्वस्थ रहें। इस अवसर पर एनसीडी डाटा एंट्री ऑपरेटर सूरज प्रताप सेतिया, कोच भवानी सिंह और अकादमी के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सिर और गर्दन का कैंसर

## हेल्थ प्लस

विश्वभर में हर आठ-में से एक व्यक्ति की मृत्यु कैंसर के कारण होती है। कैंसर से मरने वालों की संख्या एड्स, टीबी और मलेरिया से मरने वाले कुल मरीज़ों से अधिक है। दुनियाभर में हृदय रोगों के बाद कैंसर ही मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। तंबाकू चबाना, सिगरेट, सैच्युरेटेड-फैट-से भरपूर आहार लेना, शराबखोरी, शारीरिक श्रम का अभाव, जैसी अस्वास्थकर आदतें लोगों को कैंसर की ओर धकेल रही हैं।





कैंसर के सौ से भी अधिक प्रकार हैं। हरेक प्रकार दूसरे से अलग होता है, सभी के कारण, लक्षण और उपचार भी अलग-अलग होते हैं। कुछ-प्रकार के कैंसर आम हैं जैसे स्तन, सर्वाइकल और फेंफड़ों का कैंसर।

### सिर और गर्दन के कैंसर

हर समय बने रहने वाला दर्द, छाला, जुबान में सुन्नपन, जबड़े में सूजन जैसे मामूली लगने वाले लक्षणों के साथ सिर और गले के कैंसर की शुरुआत होती है। इन्हें लोग आसानी से नजरअंदाज कर देते हैं। अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफें कैंसर की शुरुआत भी हो सकती हैं। शुरुआत भले ही मामूली तकलीफों से हो लेकिन यह कैंसर बहुत गंभीर होता है। विश्वभर में यह छठा सबसे आम प्रकार का कैंसर है। केवल भारत में हर साल इसके 2 लाख से भी अधिक नए मरीज़ सामने आते हैं यानी विश्व के एक तिहाई-पीड़ित हमारे देश में ही हैं। विभिन्न रुपों में मिलन वाले तंबाकू का प्रचुर मात्रा में सेवन इसका मुख्य कारण है। ओरल, ⾎सिर और गले⾎ के कैंसर एक संयुक्त टर्म है जो सिर और गले के हिस्सों में होने वाले कैंसर के लिए उपयोग में ली जाती है। होंठ, मुख और लार ग्रंथी, साइनस और आहार नलिका आदि का कैंसर इसमें शामिल है।


### लक्षण...

- ♣ ठीक न होने वाली गांठ-या दर्द, छाला।
- ♣ गले में खराश जो इलाज के बावजूद ठीक न हो। आवाज का कर्कश होना।
- ♣ खाना निगलने में तकलीफ-होना।

ये लक्षण मामूली हैं, इन्हें आसानी से नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि ये कुछ-ही समय में ठीक हो जाते हैं। कुछ समय में ठीक न हो या इलाज के बाद भी कोई-सुधार न हो तो स्थिति चिंताजनक हो सकती है। ऐसे में चिकित्सक या दंत चिकित्सक से परामर्श लेना जरुरी हो जाता है।

### इन स्थितियों पर भी ध्यान दें...

- ♣ **मुख :** मसूड़ों, जीभ या मुँह के अंदर सफेद या लाल चकत्ता, जबड़ों में सूजन, मुँह में असामान्य रक्तस्त्राव या दर्द होना।



- ♣ **नाक :**-साइनस की तकलीफ का लंबे समय तक बने रहना, साइनस का गंभीर संक्रमण जिसपर एंटीबायोटिक उपचार का कोई-असर न हो, नाक से खून बहना, बार बार सिर में दर्द होना, आँखों में सूजन या कोई-और तकलीफ, ऊपर के दाँतों में दर्द।-
- ♣ **थूक ग्रंथी :**-ठोड़ी के निचले हिस्से या जबड़े के आस-पास सूजन, चेहरे की मांसपेशियों में सुन्नपन, चेहरे, ठोड़ी और गले में लगातार होने वाला दर्द।-
- ♣ सांस लेने या बोलने में तकलीफ-होना, बार-बार सिरदर्द होना, कानों में दर्द होना, सीटियाँ बजना, बहरापन।
- ♣ खाना निगलते समय गले में या आस-पास दर्द, कानों में दर्द-होना
- ♣ गले में या गर्दन में लगातार होने वाला दर्द।

कैंसर एक भयानक रोग है लेकिन इससे जो डर जुड़ा है उसके पीछे सच्चाई-से ज्यादा गलतफहमियाँ हैं। एक अध्ययन के अनुसार भारत में कैंसर को नियंत्रित करने के लिए जागरुकता की कमी मुख्य रुप से जिम्मेदार है। कैंसर के करीब 70 प्रतिशत मामलों में मरीज की अनुचित जीवनशैली और सामाजिक व्यवहार मुख्य रुप से जिम्मेदार होता है। सिर और गर्दन के कैंसर से अधिकतर पुरुष प्रभावित है।-शोधकर्ताओं ने पाया कि पुरुषों को होने वाले कैंसर का शुरुआती अवस्था में पता लग जाए तो इन्हें फैलने से रोका जा सकता है। लक्षणों का अस्पष्ट-होना, स्क्रीनिंग टेस्ट के प्रति भय या अन्य समस्याओं में उलझे होने के कारण कई-लोग कैंसर के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं करवाते। लाखों लोग कैंसर से पीड़ित हैं या पहले कभी रह चुके हैं। कैंसर के खतरे को जीवनशैली में परिवर्तन करके कम किया जा सकता है। तंबाकू-सिगरेट-से दूरी, उचित शारीरिक श्रम और बेहतर आहार लेने से कैंसर की आशंका को कम किया जा सकता है। यह परिवर्तन करना मुश्किल हो सकता है लेकिन स्वस्थ जीवन के लिए इतना तो किया जा सकता।

# वसा युक्त खाना खाने के लिए उकसाता है जीन

**यदि** आप खुद को अधिक वसा वाला भोजन करने से रोक नहीं पा रहे हैं तो इसमें आपका कोई कसूर नहीं है। शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि इसके लिए आप नहीं, बल्कि आपके शरीर में मौजूद एक खास तरह का जीन जिम्मेदार है। ओबेसीटी जर्नल के मुताबिक पेन स्टेट विश्वविद्यालय के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने दावा किया है कि जिन लोगों में सीडी 36 जीन के कुछ खास प्रकार होते हैं, वे अधिक वसा वाला भोजन करना पसंद करते हैं। अंतरराष्ट्रीय टीम ने कहा कि वसायुक्त भोजन सभी लोगों को पसंद है।

लेकिन हमने पहली बार यह जाहिर किया है कि जिन लोगों में सीडी 36 जीन के कुछ खास प्रकार होते हैं वे अधिक वसा वाला भोजन ज्यादा पसंद करते हैं। इन लोगों में उन लोगों की तुलना में मोटापे का खतरा अधिक होता है, जिनमें इस जीन के यह प्रकार नहीं पाए जाते हैं। प्रो. कैथलीन के लर ने बताया कि जंतुओं में सीडी36 एक आवश्यक जीन है। लेकिन मानवों में इसका संबंध दिखाने के लिए हमारा अध्ययन प्रथम है।



# हेयर ड्रायर, प्रयोग करें जरा संभलकर

- ✿ आज के दौर में सुंदर दिखने के लिए कृत्रिम साधनों का प्रयोग तेजी से बढ़ गया है। इन्हीं में से एक है हेयर ड्रायर। भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारे लिए यह खूबसूरत दिखने के बेहतर विकल्प के रूप में सामने आया है। परंतु हममें से ज्यादातर लोग इसके नुकसान जाने बिना ही धड़ल्ले से इनका इस्तेमाल करते हैं।
- ✿ बालों को नया हेयर स्टाइल देने के लिए तो इसे इस्तेमाल किया ही जाता है लेकिन सर्दियों के मौसम में तो जल्दी बाल सुखाने के लिए भी महिलाएं इसे प्रयोग करती हैं। लेकिन जरा संभलकर हेयर ड्रायर का ज्यादा प्रयोग आपके बालों की प्राकृतिक सुंदरता छीन सकता है। इस बारे में मेकओवर स्पेशलिस्ट आशमीन मुंजाल बताती हैं कि बालों के अच्छे रख-रखाव के लिए हफ्ते में एक बार हेयर ड्रायर प्रयोग कर सकते हैं लेकिन इसके रोजाना या लगातार प्रयोग करने से बालों में डैंड्रफ क्लीडेंट डल एंड ड्राइनेस जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। बाल रूखे व बेजान होकर टूटने लगते हैं।
- ✿ ड्रायर से निकलने वाली हीट बालों की जड़ों को नुकसान पहुंचाती है इसके अलावा बाल दो मुंहे भी हो जाते हैं इसलिए एक निश्चित समय, अंतराल एवं आवश्यकता के अनुरूप ही इसका प्रयोग करना चाहिए। साथ ही हेयर ड्रायर हमेशा अच्छी कंपनी का ही इस्तेमाल करना चाहिए।
- ✿ हेयर ड्रायर का प्रयोग करते समय कुछ जरूरी बातों का रखें ध्यान ...
- ✿ हेयर ड्रायर को सदा 6-9 इंच की दूरी पर ही प्रयोग करें, वरना रूखापन बढ़ जाएगा।
- ✿ हेयर ड्रायर प्रयोग करने से पहले बालों में नरिशमेंट सीरम लगा लें, ताकि ड्रायर की हीट से बाल मुलायम हो सकें।
- ✿ बालों के प्रकार व आवश्यकता के अनुसार हेयर ड्रायर इस्तेमाल करें। जैसे कि बाल कर्ली है, रूखें है, सॉफ्ट हैं या सिल्की हैं।
- ✿ ड्रायर के इस्तेमाल करने से पहले बालों की कंडीशनिंग करना न भूलें।
- ✿ रूखे बालों में जितना हो सके कम ड्रायर का इस्तेमाल करें। कोल्ड ड्रायर का इस्तेमाल करें क्योंकि इसमें आयन ज्यादा होते हैं जो पॉजिटिव होते हैं और हवा में हीट कम होती है।
- ✿ अगर आपके लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल जरूरी है तो बालों की रेगुलर ऑयलिंग करें। ज्यादा से ज्यादा है तो हफ्ते में एक बार ही इसे प्रयोग में लाएं।
- ✿ इसके अलावा आप खाने-पीने का भी ध्यान रखें जैसे-आंवला खाएं, हरी सब्जी, जूस को अपने खाने में शामिल कर भी बालों को पोषण प्रदान कर सकती हैं और सर्दियों में बालों की खूबसूरती बरकरार रख सकती हैं।



# विधायक के प्रयासों से नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित, गर्मी में मिलेगी राहत

**» निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने किया विधायक का अभिनंदन, बोले-वरदान साबित होगा नया ट्रांसफार्मर**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



विधायक गणेशराज बंसल के प्रयासों से टाउन में राधा स्वामी डेरा जीएसएस में नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे राधा स्वामी डेरा जीएसएस से जुड़े क्षेत्र नई आबादी, सूर्यनगर, अम्बेडकर कॉलोनी, दूधवाल कॉलोनी, पारीक कॉलोनी, गंगा विहार, ग्रीन सिटी और इन्द्रा कॉलोनी क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में राहत मिलेगी। नए पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना गर्मी के मौसम में कम-अधिक वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से की गई है। नए पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना पर निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने शनिवार को विधायक गणेशराज बंसल का आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील ढाका और भूपेन्द्र नेहरा ने कहा कि विधायक ने स्थानीय जनता की समस्या को समझते हुए इस कदम को उठाया है। इससे अब गर्मी में बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की खपत अधिक होती है। इसके चलते यह ट्रांसफार्मर क्षेत्र की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। विधायक गणेशराज बंसल ने कहा कि गर्मी के दौरान बिजली की भारी खपत के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विद्युत उपभोक्ताओं की ओर से समस्या से अवगत करवाए जाने पर निगम अधिकारियों से चर्चा कर इस समस्या के समाधान के लिए नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया है। अब उक्त क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें गर्मी में राहत मिलेगी। नए ट्रांसफार्मर के लगने से विद्युत उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में नियमित और स्थिर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। इससे न केवल आमजन को राहत मिलेगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों और घरेलू कामकाज भी सुचारू रूप से चलेंगे। विधायक ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे बिजली की बचत करें और उचित तरीके से इसका उपयोग करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो। इस मौके पर भंवरलाल, अजमेर सिंह, मुखत्यार हाजी, ओम सोनी, शेर सिंह ढिल्लों, विजय स्वामी, विकास नागपाल आदि मौजूद थे।

# वंदे गंगा कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा संस्थानों की साफ-सफाई कर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में वंदे गंगा कार्यक्रम के अंतर्गत साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य भवन, एमजीएम जिला अस्पताल, समस्त उपजिला अस्पताल, ब्लॉक ऑफिस, सीएचसी, पीएचसी, यूपीएचसी सहित समस्त उपस्वास्थ्य केन्द्रों में साफ-सफाई कर श्रमदान दिया गया। गर्मी में प्यासे पक्षियों के लिए अस्पताल परिसरों में परिंडे भी बांधे गए। इस पहल का उद्देश्य न केवल संस्थानों की स्वच्छता सुनिश्चित करना है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को जीवों की सेवा से जोड़ना भी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने भी कार्यालय में श्रमदान कर अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों का उत्साहवर्द्धन किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में शनिवार प्रातः वंदे गंगा कार्यक्रम के अंतर्गत साफ-सफाई की गई। अभियान के दौरान विभाग के समस्त कार्यालयों, अस्पताल प्रांगण, ओपीडी, वार्ड्स एवं आस-पास के क्षेत्रों में सफाई की गई। कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर कचरा हटाया और गंदगीयुक्त स्थानों को साफ कर वहां कीटाणुनाशक दवाएं छिड़कीं। इसके पश्चात परिसर में कई स्थानों पर परिंडे लगाए गए, जिनमें नियमित रूप से पानी भरा जाएगा, ताकि तेज गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में न केवल मनुष्यों बल्कि पशु-पक्षियों की देखभाल भी आवश्यक है। चिकित्सा संस्थानों द्वारा यह पहल सामाजिक संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का परिचायक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास भी पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ, नर्सिंग कर्मी, सफाईकर्मी एवं स्थानीय स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से जहां अस्पताल परिसर स्वच्छ एवं पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल बनता है, वहीं जीवदया की भावना भी समाज में जागृत होती है। इस अवसर पर लक्ष्य फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार खत्री, अध्यक्ष विशाल सागर, पवन कुमार गर्ग, लक्ष्य खत्री सहित फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों की तरफ स्वास्थ्य भवन में भी कार्मिकों का साफ-सफाई में सहयोग किया गया तथा खेल ग्राउण्ड में पौधे भी लगाए गए।

# दुलमाना की बेटी पल्लवी इंस्पायर अवार्ड के लिए जापान रवाना

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राउमावि दुलमाना में अध्ययन करती हुई राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में चयनित हुई बाल वैज्ञानिक पल्लवी गोदारा देश के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय व जापान के सकूरा विज्ञान हाई स्कूल कार्यक्रम 2025 के तहत आज से सात दिवसीय जापान यात्रा के लिए नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जापान के लिए रवाना होगी। एसीबीईओ रजनीश गोदारा ने बताया की राजकीय विद्यालय में अध्यनरत रहते हुए इंस्पायर अवार्ड में चयनित होकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह जिले की पहले बाल वैज्ञानिक है। पीलीबंगा के समीप दुलमाना गांव के पृथ्वीराज गोदारा की पौत्री व दौलतराम गोदारा व सीता देवी की पुत्री सात दिवस तक जापान में रहकर वहां की वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी से परिचित होगी। नई दिल्ली के हवाई अड्डे से आज देश भर के 54 बाल वैज्ञानिक जापान भ्रमण हेतु रवाना हो रहे हैं। पल्लवी को यात्रा हेतु शिक्षा विभाग के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कडेला, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बठला, सीबीईओ मधु बाला पूनिया, पूर्णराम देव, एडीईओ रणवीर शर्मा, रजनीश गोदारा, दुलमाना प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार, मेंटर शिक्षक कविता चौधरी ने पल्लवी की सफल यात्रा हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है। पल्लवी जापान यात्रा के पश्चात 21 जून को स्वदेश वापस लौटेगी।

# कलक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिला कलक्ट्रेट परिसर में शनिवार सुबह श्रमदान किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर कानाराम, अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदीलाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी मांगीलाल, नगर परिषद आयुक्त सुरेन्द्र यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक व भाजपा नेता अमित सहू मंचासीन रहे। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने जिला कलक्टर के नेतृत्व में कलक्ट्रेट परिसर स्थित ज्ञानोद्यान पार्क 'पंच गौरव' में श्रमदान के रूप में साफ-सफाई कार्य किया। पार्क में उगे झाड़-झंखाड़ को हटाया। जिला कलक्टर व एडीएम ने स्वयं प्लास्टिक आदि एकत्रित कर जगह को साफ किया। साथ ही फावड़ा चलाया। इसके बाद पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे बांधे गए। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर कानाराम ने कहा कि जिला कलक्ट्रेट परिसर में श्रमदान कार्यक्रम एक प्रतीकात्मक है। इसके जरिए यह संदेश देने का प्रयास है कि अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यालयों में श्रमदान कर उसे व्यवस्थित तरीके से साफ-सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण बेहद जरूरी है। इसके लिए शुरू किए गए वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान में हनुमानगढ़ जिला लगातार अच्छा कार्य कर रहा है। जिले में अलग-अलग जगहों पर जाकर जिला व ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अगर हम थोड़ा सा भी समय निकालें और अपने-अपने कार्यालयों में खुद श्रमदान करें तो यह हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण के लिए तो अच्छा है ही। स्वच्छता और श्रमदान का सामाजिक संदेश भी जाता है। एडीएम उम्मेदीलाल मीणा ने बताया कि श्रमदान अभियान के जरिए यह संदेश देने का प्रयास है कि प्लास्टिक मुक्त राजस्थाना बनाया जाए। भारत के नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। उन्होंने जल संरक्षण के लिए राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को अपनी तरह का अनूठा बताते हुए कहा कि कहा कि जल के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत विश्व योगा दिवस तक प्रतिदिन की कार्ययोजना जिला प्रशासन की ओर से बनाई गई है। इस अभियान में सभी जिला अधिकारी, विभाग व जनप्रतिनिधि भागीदारी कर रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणामस्वरूप यह अभियान बहुत अच्छे से सिरे चढ़ेगा। इसके परिणाम भी दृष्टिगोचर होंगे।

# रक्त जांच शिविर में 90 महिलाओं की जांच

**» विश्व रक्तदान दिवस पर यूथ वीरांगनाओं का आयोजन**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर शनिवार को टाउन में यूथ वीरांगनाओं की ओर से रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शीला माता मंदिर के पास स्थित महावीर जैन कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। समाजसेवी सुमन चावला के सहयोग से लगाए गए शिविर में 90 महिलाओं ने हिस्सा लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में मुख्य अतिथि सुमन चावला व विशिष्ट अतिथि अनिल जैन थे। रक्त की जांच चावला नर्सिंग होम के लैब टेक्नीशियन राकेश बेनीवाल और बाबू की ओर से की गई। जांच के दौरान महिलाओं के खून की विभिन्न बीमारियों जैसे हीमोग्लोबिन की मात्रा, शुगर, थायरॉयड, कैल्शियम, विटामिन की कमी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान की गई। जांच के पश्चात सभी महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से जुड़ी रिपोर्ट और परामर्श भी दिया गया। यूथ वीरांगना ऐशना कामरा ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय रहते संभावित रोगों का पता लगाकर उनका उपचार सुनिश्चित कराना था। उन्होंने बताया कि यूथ वीरांगनाएं समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। उनका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इस क्रम में निशुल्क सिलाई केन्द्र, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण और मेहंदी सिखाने के केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद परिवारों की बच्चियों की शादी में आर्थिक सहयोग, दवाइयों की उपलब्धता तथा अन्य सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। शिविर के आयोजन में रजनी, मीनाक्षी, भावना अरोड़ा, डिंपल, सीमा गोयल, संगीता गुप्ता, प्राची, कंचन चिलाना, मधु गर्ग, रीमा, कोमल, सरोज सहित अन्य यूथ वीरांगनाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विद्यार्थियों को बताया रक्तदान का महत्व



तेज | रिपोर्टर. श्रीगंगानगर

विश्व रक्तदाता दिवस पर टांटिया यूनिवर्सिटी के श्रीगंगानगर होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में रक्तदान संबंधी एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में यूनिवर्सिटी के निदेशक (अकादमिक एवं शोध) डॉ. प्रवीण शर्मा ने विद्यार्थियों को रक्तदान करने से होने वाले फायदे बताते हुए कहा कि वर्ष में तीन-चार बार रक्तदान करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और कई तरह की बीमारियों से उसका बचाव हो जाता है। होम्योपैथी संकाय के डीन डॉ. चरणजीत सिंह ने भी रक्तदान की महता बताते हुए युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। डॉ. विनय ने विद्यार्थियों को जरूरत पड़ने पर रक्तदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर उपप्राचार्य डॉ. पीके चक्रवर्ती, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. तरसेम सिंह, संकाय सदस्य, इंटर्नी एवं पीजी स्टूडेंट भी मौजूद थे।

# विमान हादसे में जान गंवाने वाले एमबीबीएस छात्र का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार

**» प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



गुजरात के अहमदाबाद में हाल ही में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में पीलीबंगा के वार्ड 22, दुलमानी निवासी डॉ. मानव भादू (19) पुत्र दलीप भादू का शव शुक्रवार रात्रि को पीलीबंगा पहुंचा। अपने पिता-माता के इकलौते पुत्र डॉ. मानव भादू के शव का शनिवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार हुआ। डॉ. मानव भादू अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का छात्र था। उसका सपना था कि वह सफेद कोट पहनकर समाज की सेवा करे, किंतु ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। किसे पता था कि आज वही होनहार बेटा सफेद कपड़े में लौटेगा। दो दिन पहले यानि 12 जून को अहमदाबाद में एयरपोर्ट से उड़ान भरने के तुरंत बाद एयर इंडिया का विमान जिस बीजे मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग पर गिरा, उस बिल्डिंग में संचालित मेडिकल कॉलेज की मेस में डॉ. मानव भादू एमबीबीएस की तैयारी कर रहे अन्य स्टूडेंट के साथ था। इस हादसे में डॉ. मानव भादू की भी मौत हो गई। डॉ. मानव के निधन की सूचना से पूरे पीलीबंगा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. मानव भादू का शव रात्रि को जैसे ही पैतृक आवास पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया। मां-बाप के साथ परिजनों व रिश्तेदारों के आंसू रोके नहीं रूक रहे थे। डॉ. मानव भादू करीब 15 दिन पहले ही पीलीबंगा से कॉलेज जाने के लिए गुजरात रवाना हुआ था। डॉ. मानव के पिता रावतसर में एचडीएफसी बैंक में क्लस्टर मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। हनुमानगढ़ के अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदीलाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर, पीलीबंगा उपखण्ड अधिकारी अमिता बिश्नोई, रावतसर पुलिस उप अधीक्षक हंसराज बैरवा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने मृतक के निवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। भावुक माहौल में डॉ. मानव भादू के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक दो युवकों की मौत: एक घायल

**» नहर में नहाकर लौट रहे थे सभी युवक**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

रावतसर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हनुमानगढ़ रोड़ पर शराब ठेके के पास तेज रफ्तार से आ रही बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों युवक रावतसर के वार्ड 31 के निवासी थे। मृतकों की पहचान सुखविंदर सिंह (19) पुत्र देवेंद्र सिंह और राहुल वर्मा (17) पुत्र नौरंग लाल वर्मा के रूप में हुई है। वहीं तीसरा युवक नंदू उर्फ नंद लाल (19) पुत्र लखविंदर पाल मेघवाल को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक पास की लखूवाली नहर पर नहाने गए थे। लौटते समय बाइक की रफ्तार बहुत तेज थी और सड़क पर खड़ी ट्रॉली नजर नहीं आई। बाइक बेकाबू होकर ट्रॉली के पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही रावतसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई इमिचंद सोलंकी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को रावतसर के राजकीय अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। सीओ हंसराज बैरवा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जानकारी ली। दोनों मृतक युवक एक ही मोहल्ले वार्ड 31 के रहने वाले थे। घटना की खबर जैसे ही इलाके में फैली, पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बने युद्धवीर

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

एयरफोर्स अकेडमी हैदराबाद में एक वर्ष की ट्रेनिंग पूरी कर 254 फ्लाई कैडेट शनिवार को फ्लाइंग ऑफिसर कमिशन हुए, जो भारतीय वायुसेना में विभिन्न ब्रांचों का नेतृत्व करेंगे। इनमें हनुमानगढ़ के गांव कोहला निवासी युद्धवीर पुत्र श्योपत जाखड़ भी शामिल है। दो दिवसीय दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना की ओर से युद्धवीर के परिवार को भी निमंत्रण दिया गया था। इस कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना अध्यक्ष एपी सिंह मुख्य अतिथि थे। युद्धवीर की इस सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। ज्ञात रहे युद्धवीर की ओर से 2024 में एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट व सीडीएस यानि कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज की परीक्षा एक साथ उत्तीर्ण की थी।

# पूर्व सांसद के बेटे ने की आत्महत्या

**जयपुर।** सलूंबर के पूर्व सांसद महावीर भगोरा के बेटे आशीष भगोरा (40) शनिवार सुबह कमरे में मृत मिले। अंबामाता थाना इलाके में उनकी लाइब्रेरी है। यहां वे लाइब्रेरी का संचालन करते थे। शनिवार सुबह लाइब्रेरी के छात्र यहां पहुंचे तो कमरे में फर्श पर आशीष का शव पड़ा था। छत के कुंदे से गमछे का टुकड़ा लटक रहा था। अंबामाता थाना इंचार्ज मुकेश सोनी ने बताया-पूर्व सांसद का आवास उदयपुर के मल्लातलाई स्थित एकलव्य कॉलोनी में है। आशीष ने लाइब्रेरी के कमरे में फंदा लगाया। पुलिस घटनास्थल पहुंची। मौके से साक्ष्य जुटाकर शव को एमडी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

# 36.360 किलोग्राम पोस्त बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**रावतसर. ओम पारीक।** थाना पुलिस ने कार सवार दो नशा तस्करों को 36.360 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों तस्कर जोधपुर जिले के निवासी हैं। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार रावतसर थाना के एसआई इमीचन्द के नेतृत्व में गठित टीम ने शुक्रवार रात्रि को हरदासवाली से ऐटा रोड पर चौराहा हरदासवाली आथूणा बास में नाकाबंदी कर रखी थी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने कार नम्बर आरजे 19 सीएम 8809 को रूकवाया तो उसमें दो व्यक्ति सवार थे। कार की तलाशी ली तो उसमें 36.360 किलोग्राम डोडा पोस्त भरा हुआ था। पुलिस ने डोडा पोस्त बरामद कर कार सवार रामस्वरूप (23) पुत्र शक्ताराम बिश्नोई और मोहनराम (27) पुत्र भंवराराम गोदारा दोनों निवासी डांवरा तहसील बावड़ी पीएस खेड़ापा जिला जोधपुर को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किया। अनुसंधान पीलीबंगा थाना के एसआई मुकेश कुमार कर रहे हैं।











स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, 99585-95529